नई दिल्ली

मंगलवार, 4 नवंबर 2025

कार्तिक मास शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी वर्ष : 29, अंक : 201

पृष्ठ 12 मूल्य 2.00


मौसम

अधि. 33.5

न्यून. 12.7


# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | बढ़त |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 83,978.49 | 39.78 ▲ |
| निफ्टी | 25,763.35 | 41.25 ▲ |
| धातु | कीमत | नीचे/ऊपर |
| सोना | 1,24,700/- | 300/- ▼ |
| चांदी | 1,54,000/- | 1000/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | गिरावट |
|---|---|---|
| रुपया | 88.75 | 5 पैसे ▼ |

क्रूड ऑयल 64.76 बैरल 0.02% ▼

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

# भारत के पड़ोस में चोरी-छिपे परमाणु परीक्षण कर रहे चीन-पाकिस्तान: ट्रंप

अमेरिका के राष्ट्रपति का सनसनीखेज दावा...

भारत के पड़ोस में चोरी-छिपे परमाणु परीक्षण कर रहे चीन-पाकिस्तान

विशेषज्ञ बोले, अमेरिका ने किया पाकिस्तान का पर्दाफाश, भारत को नहीं 'पोखरण-तृतीय' की दरकार।

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

अपने बयानों से दुनियाभर को हिला देने वाले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का एक और ताजा तरीन बयान सोमवार को मीडिया की सुर्खियों में छाया रहा। जिसमें उन्होंने सार्वजनिक रूप से यह रहस्योद्घाटन किया कि चीन, पाकिस्तान, रूस और उत्तर-कोरिया जैसे देश गोपनीय ढंग से परमाणु हथियारों का परीक्षण कर रहे हैं। साथ ही भारत और पाकिस्तान के बीच मई महीने में हुए सैन्य संघर्ष को भारी-भरकम टैरिफ और अमेरिका के साथ व्यापार न करने की धमकी के जरिए एक बार फिर से रुकवाने का श्रेय लिया। अमेरिकी न्यूज चैनल सीबीएस (60 मिनट्स कार्यक्रम) को दिए एक साक्षात्कार में राष्ट्रपति ट्रंप ने यह खुलासा किया है। जो भारत के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से चिंताजनक है। क्योंकि उसके दोनों निकट पड़ोसी और प्रतिद्वंदी देश परमाणु परीक्षणों में संलिप्त बताए गए हैं। लेकिन इन सबके बीच रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिका द्वारा विश्व के सामने रखी गई इस जानकारी से पाकिस्तान सबके सामने बेनकाब हो गया है। भारत को इन हालातों के मध्य भविष्य में पोखरण-3 परीक्षण श्रृंखला की शुरुआत करने की कोई आवश्यकता नहीं है। केवल सीमाओं पर सुरक्षा घेरा मजबूत बनाए रखना होगा। यहां बता दें कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का ये बयान हाल ही में उनके द्वारा अमेरिका के युद्ध विभाग को करीब 33 साल बाद यानी वर्ष 1992 के बाद एक बार फिर से परमाणु हथियारों का परीक्षण करने को लेकर दिए गए आदेश के संदर्भ में दिया गया है। ⏩ शेष पेज 5 पर



### ईरान से सांठगांठ की तैयारी में पाकिस्तान

*सेना के सेवानिवृत्त अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल संजय कुलकर्णी ने बताया कि ट्रंप की इस घोषणा ने एक तरह से पाकिस्तान की दुनिया में पोल खोलकर रख दी है। अब अमेरिका भी इस बात को भली भांति जान गया है कि पाकिस्तान किसी देश के साथ भरोसेमंद संबंधों के नाम पर उसके पीठ पीछे से क्या हरकतें करता है? लेकिन डोनाल्ड ट्रंप का ये बयान एक तरह से पाकिस्तान को खुली चेतावनी है कि वो यह न समझे कि गुप्त तरीके से परमाणु परीक्षण करने पर दुनिया में किसी को कुछ पता नहीं चलेगा। अमेरिका सब कुछ जानता है और मौका आने पर उसे इसका मुंहतोड़ जवाब भी मिलेगा। इलाके में पाकिस्तान ने पहले सऊदी-अरब के साथ रक्षा समझौता किया और वह ईरान के साथ भी मिलने की कोशिश कर रहा है। जो अमेरिका के साथ-साथ इजरायल को भी कतई रास नहीं आ रहा है। क्योंकि दोनों ने मिलकर बीते वक्त में ईरान के परमाणु हथियारों पर हमला कर उन्हें नष्ट किया है।*

### पोखरण-3 की जरूरत नहीं

*कुलकर्णी ने कहा कि भारत का अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने बयान में एक बार भी नाम तक नहीं लिया है। जो ये दर्शाता है कि वो भी क्षेत्र में भारत को एक जिम्मेदार देश के रूप में देखते हैं। जिसकी नीति परमाणु हथियारों के पहले इस्तेमाल (नो फर्स्ट यूज) न करने पर आधारित है। हमें अपनी सीमाओं से दो मोर्चों या बांग्लादेश को मिलाकर तीन मोर्चों पर आने वाली युद्ध की चुनौती के मद्देनजर अपनी तैयारी को चाक-चौबंद बनाए रखना है। परमाणु हथियारों के परीक्षणों की होड़ में पड़ने से देश का आर्थिक विकास प्रभावित हो सकता है। क्योंकि ये प्रक्रिया अत्यधिक खर्चीली होती है।*



inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### बिग बी के घर के बाहर बढ़ाई गई सुरक्षा



**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन को खालिस्तानी संगठन 'सिख्स फॉर जस्टिस' ने जान से मारने की धमकी दी है। मुंबई पुलिस ने उनके मुंबई स्थित दोनों घरों, 'जलसा' और 'प्रतीक्षा', के बाहर सुरक्षा कड़ी कर दी है। बताया जा रहा है कि अब वहां 24 घंटे पुलिस बल तैनात रहेगा। बता दें कौन बनेगा करोड़पति 17' में सिंगर दिलजीत दोसांझ पहुंचे थे।

### फर्नीचर बनाने वाले ने खुद को लगाई आग, मौत



**उज्जैन।** उज्जैन में फर्नीचर निर्माता के आत्मदाह करने का वीडियो सामने आया है। करीब 80% झुलसने के चलते उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मामला रविवार दोपहर माधवनगर थाना क्षेत्र के शिवाजी पार्क इलाके का है। राजेंद्र शर्मा ने पारिवारिक विवाद में खुद को आग लगा ली थी। इससे मौत हो गई।

### कैमरी, लैंड क्रूजर जैसी गाड़ियों को वापस मंगाया



**नई दिल्ली।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने भारत में अपनी तीन प्रीमियम कारों कैमरी, वेलफायर और लैंड क्रूजर के लिए कुल 4,863 यूनिट्स के लिए वॉलंटरी रिकॉल का ऐलान किया है। कंपनी ने यह कदम एहतियात के तौर पर उठाया है ताकि कारों में लगे पार्किंग असिस्ट इलेक्ट्रॉनिक कंट्रोल यूनिट से जुड़ी संभावित गड़बड़ी की जांच और सुधार किया जा सके।

## पीएम ने एक लाख करोड़ की अनुसंधान, विकास और नवाचार योजना का शुभारंभ किया

# कहा- भारत के पास आज दुनिया का सबसे सफल डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में उभरते विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार सम्मेलन (ईएसटीआईसी) 2025 को संबोधित किया। इस अवसर पर पीएम ने कहा कि भारतीय विश्वविद्यालयों में अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन की स्थापना की गई है। पीएम ने एक लाख करोड़ रुपए के आवंटन के साथ अनुसंधान, विकास और नवाचार योजना शुरू करने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र में भी अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने के प्रयास किए जा रहे हैं। उच्च जोखिम और उच्च प्रभाव वाली परियोजनाओं के लिए पहली बार पूंजी उपलब्ध कराई जा रही है। 21वीं सदी में, वैश्विक विशेषज्ञों के एक मंच पर आकर उभरते विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार पर विचार-विमर्श करके दिशा प्रदान करने की सख्त ज़रूरत है। इसी जरूरत ने एक विचार को जन्म दिया, जो इस कॉन्क्लेव के विजन में विकसित हुआ। यह विचार इस कॉन्क्लेव के माध्यम से आकार ले रहा है। पीएम ने इस पहल में विभिन्न मंत्रालयों, निजी क्षेत्र, स्टार्टअप्स और छात्रों की भागीदारी की सराहना की। उन्होंने कहा कि कल भारत ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी की ⏩ शेष पेज 5 पर



पीएम नरेंद्र मोदी

पीएम मोदी ने कहा कि भारत का सेमीकंडक्टर क्षेत्र अब उड़ान भर रहा है। भारत ने हाल के वर्षों में हरित हाइड्रोजन, क्वांटम कंप्यूटिंग, गहरे समुद्र में अनुसंधान और महत्वपूर्ण खनिजों सहित कई उभरते क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है

- देश प्रौद्योगिकी के माध्यम से परिवर्तन का अग्रणी बना
- प्रोटोटाइप प्रयोगशाला से बाजार तक तेजी से पहुंचने की पहल



पीएम मोदी ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार सम्मेलन (ईएसटीआईसी) 2025 का उद्घाटन किया

### आधुनिक नवाचार का ईकोसिस्टम बना रहे

21वीं सदी को अभूतपूर्व परिवर्तन का काल बताते हुए पीएम मोदी ने कहा कि वैश्विक व्यवस्था एक नए बदलाव का साक्षी बन रही है। भारत उभरते विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार से जुड़े विभिन्न पहलुओं को आगे बढ़ा रहा है और उन पर निरंतर ध्यान केंद्रित कर रहा है। भारत एक आधुनिक नवाचार इकोसिस्टम बनाने के लिए काम कर रहा है और अनुसंधान सुगमता पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने वित्तीय नियमों और खरीद नीतियों में कई सुधार किए हैं। इसके अतिरिक्त, नियमों, प्रोत्साहनों और आपूर्ति श्रृंखलाओं में भी सुधार किए गए हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रोटोटाइप प्रयोगशाला से बाजार तक तेजी से पहुंच सकें।

**भारत में होगा वैश्विक एआई शिखर सम्मेलन**

पीएम ने कहा कि भारत नैतिक और मानव-केंद्रित एआई के लिए एक वैश्विक ढांचा तैयार कर रहा है। उन्होंने कहा कि आगामी एआई गवर्नेंस ढांचा इस दिशा में एक बड़ा कदम होगा जिसका उद्देश्य नवाचार और सुरक्षा को एक साथ विकसित करना है। भारत फरवरी 2026 में वैश्विक एआई शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा।

**6000 से ज्यादा स्टार्टअप काम कर रहे**

पीएम मोदी ने कहा कि भारत को नवाचार केंद्र बनाने के लिए निर्णयों के अब स्पष्ट परिणाम दिखाई दे रहे हैं। पंजीकृत पेटेंटों की संख्या 17 गुना बढ़ गई है और भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन गया है। उन्होंने बताया कि भारत में 6,000 से ज़्यादा डीप-टेक स्टार्टअप काम कर रहे हैं। पीएम ने आगे कहा कि भारत का सेमीकंडक्टर क्षेत्र अब उड़ान भर रहा है। भारत ने हाल के वर्षों में हरित हाइड्रोजन, क्वांटम कंप्यूटिंग, गहरे समुद्र में अनुसंधान और महत्वपूर्ण खनिजों सहित कई उभरते क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है।

राजधानी में दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में व्यापक आर्थिक व्यापार समझौते पर चर्चा की शुरुआत करने का किया गया ऐलान

# आतंकवाद से मिलकर दो-दो हाथ करने को तैयार भारत और बहरीन



- जयशंकर ने राष्ट्रपति ट्रंप की गाजा शांति योजना को लेकर दोहराया भारत का समर्थन।

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

अमेरिकी टैरिफ से लेकर दुनिया के कुछ जगहों पर जारी सैन्य संघर्षों के बीच सोमवार को नई दिल्ली में भारत के विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर और बहरीन के विदेश मंत्री अब्दुल लतीफ बिन राशिद अल जयानि के बीच उच्च-संयुक्त आयोग की पांचवीं बैठक हुई। जिसमें दोनों देशों के आपसी सहयोग के अलावा साझा हितों से जुड़े हुए क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विस्तृत रूप से चर्चा की गई है। विदेश मंत्री डॉ.जयशंकर ने अपने बहरीन के समकक्ष के साथ बातचीत में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की गाजा शांति योजना को लेकर भारत का समर्थन दोहराते हुए उम्मीद जताई कि इसकी मदद से पश्चिम-एशिया क्षेत्र में स्थायी समाधान निकलेगा। विदेश मंत्रालय ने बताया कि बैठक में अंतरराष्ट्रीय चुनौती बन चुके आतंकवाद-सीमा पार आतंकवाद और उसके सभी रूपों और प्रकारों की भारत और बहरीन ने एक स्वर में कड़ी निंदा की और ⏩ शेष पेज 5 पर

### भारतीयों की देखभाल के लिए धन्यवाद दिया

*दोनों विदेश मंत्रियों की बातचीत में भारत, बहरीन की आम जनता के बीच मौजूद मधुर संबंधों का भी उल्लेख किया गया। बहरीन में भारतीयों की अनुमानित संख्या करीब तीन लाख से कुछ अधिक है। बैठक में खाड़ी देश में भारतीयों की देखभाल और उनके कल्याण को लेकर जयशंकर ने बहरीन और वहां की सरकार के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार प्रकट किया। साथ ही ये भी कहा कि हम क्षेत्रीय स्तर पर देख रहे हैं कि असाधारण बदलाव आया है। जो न केवल क्षेत्र के स्तर तक सीमित है। बल्कि वैश्विक स्तर भी इसमें शामिल है। इसके अलावा भारत द्वारा इस साल जुलाई महीने में बहरीन के नागरिकों के लिए लाए गए इलेक्ट्रॉनिक वीजा सिस्टम का दोनों पक्षों ने स्वागत किया। जिससे बहरीन से लेकर भारत में पर्यटन बढ़ेगा।*

## यूरिया खपत में तेज़ी से बढ़ोतरी, सरकार ने किया पर्याप्त आपूर्ति का दावा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

देश में यूरिया की खपत लगातार बढ़ रही है और यह रुझान केंद्र सरकार के लिए एक बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। चालू वित्त वर्ष 2025-26 में यूरिया की खपत 40 मिलियन टन (400 लाख मीट्रिक टन) को पार कर सकती है, जो घरेलू उत्पादन से लगभग 10 मिलियन टन अधिक है। विशेषज्ञों का कहना है कि तेज़ी से बढ़ते उपयोग और सीमित उत्पादन क्षमता के कारण देश की किसनों को भविष्य में यूरिया की कमी का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय का दावा है कि यूरिया ही नहीं, किसी भी उर्वरकों की कमी की चुनौतियों से निपटने का पूरा इंतज़ाम किया जा रहा है। किसनों को मुश्किल नहीं ⏩ शेष पेज 5 पर

इस बार अन्तर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में मध्यप्रदेश सहयोगी राज्य की भूमिका में होगा

## शहीदी दिवस पर 25 नवंबर को कुरुक्षेत्र में होगा कार्यक्रम, प्रधानमंत्री मोदी करेंगे शिरकत



10वें अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में भी शामिल होंगे प्रधानमंत्री

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि 25 नवंबर को कुरुक्षेत्र में हिन्द की चादर श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस पर होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शिरकत करेंगे। इसके अलावा, प्रधानमंत्री अंतरराष्ट्रीय ⏩ शेष पेज 5 पर

जयपुर की सड़क पर 'यमराज' बन गया डंपर

## कार को टक्कर मारने के बाद 17 गाड़ियों से टकराया डंपर, 50 को रौंदा, 14 की मौत

एजेंसी ⏭ जयपुर

राजधानी जयपुर के हरमाड़ा इलाके में सोमवार दोपहर एक भयावह सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को दहला दिया। लोहा मंडी रोड नंबर 14 पर तेज रफ्तार डंपर ने 500 मीटर तक बेकाबू होकर 10 गाड़ियों से टकराया और करीब 50 लोगों को रौंद डाला। इससे मौके पर 14लोगों की मौत हो गई और 40 से अधिक घायल हो गए, जिनमें कई गंभीर हैं।

हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि टक्कर के बाद गाड़ियां परस्पर ⏩ शेष पेज 5 पर

दोपहर 1 बजे अचानक डंपर का ब्रेक फेल



डंपर का वीडियो सामने आया

### घायल सड़क पर तड़प रहे थे और वाहन मलबे में बदल रहे थे

टक्कर के बाद घटनास्थल पर चारों ओर अफरा-तफरी और दहशत का माहौल फैल गया। घायल लोग सड़क पर तड़प रहे थे और वाहन बुरी तरह मलबे में तब्दील हो गए थे। स्थानीय ⏩ शेष पेज 5 पर

तेलंगाना के रंगारेड्डी में हादसा

## बस-ट्रक की टक्कर में 20 लोगों की मौत



- पीएम मोदी ने किया मुआवजे का ऐलान

**हैदराबाद।** तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले में सोमवार को एक टिपर ट्रक और सरकारी बस के बीच हुई टक्कर में 20 लोगों की मौत हो गई। इस भीषण सड़क हादसे में ट्रक का मलबा बस पर गिरने से दोनों वाहनों के दोनों ड्राइवरों समेत कई यात्रियों ने वहीं दम तोड़ ⏩ शेष पेज 5 पर

दिल्ली दंगों के आरोपी की रिहाई की मांग

## अब दिग्विजय सिंह ने उमर खालिद को निर्दोष बताया

भाजपा विधायक ने दी पाकिस्तान जाने की नसीहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

दिल्ली दंगों के आरोपी और जेएनयू के पूर्व छात्र उमर खालिद के समर्थन में वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह सामने आए। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए उमर खालिद को निर्दोष बताया और उसकी तत्काल रिहाई की मांग की। दिग्विजय ने लिखा कि उसके साथ बहुत अन्याय हो रहा है। खालिद एक पीएचडी स्कॉलर है और किसी भी मापदंड पर राष्ट्रद्रोही नहीं ठहराया जा सकता। दिग्विजय ने आग्रह किया कि उमर खालिद को जल्द से जल्द रिहा किया जाना चाहिए। उमर खालिद की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होनी है। दिल्ली दंगों के दौरान साजिश रचने के आरोप में उमर खालिद पिछले पांच साल से जेल में है। उसे 13 सितंबर 2020 को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया था। उस पर यूएपीए यानी गैरकानूनी गतिविधियां (निवारण) अधिनियम के तहत मामला दर्ज है। दिग्विजय सिंह की इस पोस्ट पर भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि दिग्विजय का व्यवहार और आचरण पाकिस्तानी और विदेशियों जैसा लगता है। शर्मा ने तंज कसते हुए कहा कि जितनी जल्दी हो, वे पाकिस्तान जाकर वहीं डेरा डाल लें। ⏩ शेष पेज 5 पर



खालिद और दिग्विजय

आईसीएआई ने सीए सितंबर रिजल्ट के साथ टॉपर्स की लिस्ट जारी कर दी है

## धार के धामनोद के बेटे मुकुंद आगीवाल ने सीए फाइनल में देश भर में किया टॉप


मुकुंद ने कहा- मोबाइल, फेसबुक व इंस्टा से किया किनारा और जबरदस्त मेहनत कर किया ये मुकाम हासिल

### सीए फाउंडेशन में एल राजलक्ष्मी (चेन्नई) व इंटरमीडिएट में नेहा खुरवानी (जयपुर) अव्वल, 81,852 उम्मीदवार शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आईसीएआई ने सीए सितंबर रिजल्ट के साथ टॉपर्स की लिस्ट जारी कर दी है। सीए फाउंडेशन में एल राजलक्ष्मी (चेन्नई), इंटरमीडिएट में नेहा खुरवानी (जयपुर) और सीए फाइनल में मुकुंद आगीवाल (धामनोद) ने टॉप किया है। देश भर के 458 केंद्रों पर आयोजित इस परीक्षा में कुल 81,852 उम्मीदवारों ने भाग लिया था। ग्रुप-1 में 51,955 उम्मीदवार शामिल हुए, जिनमें से 12,811 पास (24.66%)। ग्रुप-2 में 32,273 उम्मीदवार शामिल हुए और 8,151 पास (25.26%) हुए। दोनों ग्रुपों के 16,800 उम्मीदवारों में से 2,727 उम्मीदवार परीक्षा में सफल हुए यानी फाइनल का ओवरऑल पास प्रतिशत 16.23 रहा। ⏩ शेष पेज 5 पर

**सीए इंटर ग्रुप-1 व 2 : 10.06 ए % हुए पास**



माता-पिता मुकुंद की सफलता पर खुशी जताते हुए

सीए इंटर ग्रुप-1 में 93,074 उम्मीदवारों और ग्रुप-2 में 69,768 उम्मीदवारों ने परीक्षा दी। ग्रुप 1 में 8,780 उम्मीदवार पास हुए, जिसका पास प्रतिशत 9.43 रहा। वहीं ग्रुप-2 में 18,938 उम्मीदवार पास हुए और पास प्रतिशत 27.14 रहा है। दोनों ग्रुपों के लिए उपस्थित हुए 36,398 उम्मीदवारों में से 3,663 उम्मीदवार परीक्षा में सफल हुए। सीए इंटर का ओवरऑल पास प्रतिशत 10.06ए % रहा है।

# दिल्ली पुलिस ने नए जमाने के निकोटीन उपकरणों से निपटने के लिए की कार्यशाला आयोजित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस वेपिंग और नए दौर के निकोटीन उपकरणों के खतरे से निपटने के लिए एक समर्पित क्षमता निर्माण कार्यशाला आयोजित करने वाला पहला पुलिस बल बन गया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। नागरिक नेतृत्व वाले आंदोलन मदर्स अगेंस्ट वेपिंग (एमएवी) के सहयोग से डिजिटल युग में प्रवर्तनः युवाओं में वेप संस्कृति से निपटना शीर्षक से आधे दिन का सत्र रविवार को राजिंदर नगर स्थित दिल्ली पुलिस अकादमी में आयोजित किया गया। एमएवी ने एक बयान में कहा कि इस पहल का उद्देश्य अधिकारियों को इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट निषेध अधिनियम (पीईसीए), 2019 की स्पष्ट समझ प्रदान करना तथा ऑनलाइन तस्करी, अवैध प्रचार और प्रच्छन्न बिक्री जैसी डिजिटल प्रवर्तन चुनौतियों का समाधान करना था। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए यशोदा मेडिसिटी के श्वसन रोग विभाग (रेस्पिरेटरी मेडिसिन) के निदेशक एवं प्रमुख डॉ. राजेश गुप्ता ने कहा कि आजकल बहुत से युवा ऐसे आकर्षक, स्वादयुक्त उत्पादों की ओर आकर्षित हो रहे हैं जो हानिरहित प्रतीत होते हैं, लेकिन वे निकोटीन पर निर्भरता तथा अधिक गंभीर लत का द्वार हैं। उन्होंने कहा कि इन अच्छी महक वाले वेप में अक्सर डायएसिटाइल और फॉर्मेल्डिहाइड जैसे जहरीले रसायन होते हैं जो फेफड़ों पर हमेशा के लिए दाग छोड़ देते हैं। 'फ्लेवर' की आड़ में छिपी यह एक खामोश महामारी है। अधिकारियों ने बताया कि कार्यशाला में इस बात पर प्रकाश डाला गया कि किस प्रकार निकोटीन गम, पाउच और वेप (ई-सिगरेट) किशोरों में नशे की लत के लिए तेजी से उभरते हुए रास्ते बन रहे हैं। पीईसीए अधिनियम के तहत, पूरे भारत में ई-सिगरेट के उत्पादन, बिक्री, भंडारण या विज्ञापन पर प्रतिबंध है, और ऐसे उपकरणों को रखना एक दंडनीय अपराध है, जिसके लिए पहली बार अपराध करने पर एक वर्ष तक की कैद या 1 लाख रुपये का जुर्माना हो सकता है। दिल्ली पुलिस अकादमी के संयुक्त निदेशक, आईपीएस आसिफ मोहम्मद अली ने कहा कि हालांकि प्रतिबंध स्पष्ट है, लेकिन इसे लागू करने में नयी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि उत्पादों की अक्सर ऑनलाइन बिक्री की जाती है और जीवनशैली के सामान के रूप में कूरियर और ई-कॉमर्स चैनलों के माध्यम से वितरित किया जाता है। उन्होंने कहा कि यह आवश्यक है कि हमारा बल इन उभरते खतरों के बारे में अद्यतन जानकारी रखता रहे।

परवरिश की सह-संस्थापक और बाल परामर्शदाता मानवी गुप्ता ने कहा कि कार्यशाला ने इस बात पर बल दिया कि वेपिंग से निपटने के लिए माता-पिता, शिक्षकों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा संयुक्त कार्रवाई की आवश्यकता है।

# लड़की को अश्लील तस्वीरें साझा करने को मजबूर करके पैसे ऐंठने के आरोप में एक युवक गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



एक लड़की को खुद की अश्लील तस्वीरें साझा करने के लिए कथित तौर पर मजबूर करने के बाद पीड़िता (लड़की) और उसके परिवार से जबरन धन वसूलने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। आरोपी की पहचान सुमित कुमार (28) के रूप में हुई है, जिसे पहले 2020 में यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) के तहत दर्ज एक मामले में गिरफ्तार किया गया था। उसे फरवरी 2021 में जमानत मिल गई थी। लेकिन अदालत में पेश नहीं होने पर मार्च 2024 में उसे भगोड़ा घोषित कर दिया गया। पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता ने बताया कि उसकी बेटी को सोशल मीडिया पर उसके पूर्व ट्यूटर की हैक की गई आईडी से एक संदेश मिला। भेजने वाले ने झूठा दावा किया कि उसकी निर्वस्त्र तस्वीरें ऑनलाइन उपलब्ध हैं और एक फिशिंग लिंक भेजा जिसमें उसके सोशल मीडिया से जुड़ी जानकारी की आवश्यकता थी। लॉगिन करने पर आरोपी ने उसका अकाउंट हैक कर लिया और उसे डराकर और धोखा देकर खुद की अश्लील तस्वीरें साझा करने के लिए मजबूर किया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि उसने शिकायतकर्ता को छेड़छाड़ करके तैयार की गईं उसकी तस्वीरें भेजकर ब्लैकमेल भी किया था और पैसे नहीं देने पर उन्हें प्रसारित करने की धमकी लड़की को दी थी। अधिकारी ने बताया कि सोमवार को एक सुनियोजित अभियान के बाद उसे नोएडा की एक शराब की दुकान से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी बार-बार साइबर अपराध करता है और उसे पहले भी मालवीय नगर में इसी तरह के एक अन्य मामले में गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने कहा कि वह पहले भी महिलाओं के सोशल मीडिया अकाउंट हैक करने, उनका रूप धारण करने और छेड़छाड़ करके तैयार की गईं उनकी तस्वीरें साझा करने की धमकी देकर उनसे पैसे ऐंठने के मामले में शामिल रहा है। पूछताछ के दौरान, कुमार ने खुलासा किया कि 2021 में जमानत पर छूटने के बाद वह बिहार स्थित अपने पैतृक गांव भाग गया था और बाद में नोएडा की एक आईटी कंपनी में हाउसकीपिंग सुपरवाइजर की नौकरी कर ली थी, यह सोचकर कि उसका पता नहीं लगाया जा सकेगा। पुलिस ने बताया कि उसने आसानी से पैसा कमाने के लिए ऐसे अपराध करने की बात कबूल की। पुलिस ने कहा कि यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि आरोपी इसी तरह के कितने अपराध में शामिल था।

## एनआरआई महिला का बैग छीनने वाले दो पकड़े

एजेंसी, नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के पांडव नगर इलाके में एनआरआई (अप्रवासी भारतीय) वरिष्ठ नागरिक से हैंडबैग छीनने के आरोप में पुलिस ने दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों की पहचान 26 वर्षीय रोहित और मुकुल (24) के तौर पर हुई है और उन्होंने 28 अक्टूबर को ब्रिटेन से आई महिला को निशाना बनाया था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, ₹जब वह पैदल जा रही थी, तो दोनों मोटरसाइकिल पर आए और उनका हैंडबैग छीनकर भाग गए।₹ अधिकारी ने कहा, ₹अपराध में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, सोने के आभूषण, 135 पाउंड (ब्रिटेन की मुद्रा), पीड़ित का मोबाइल फोन, पर्स, पासपोर्ट और अन्य दस्तावेज उनके कब्जे से बरामद किए गए।₹ मामला दर्ज करने के बाद जांच शुरू की गई। अधिकारी ने बताया कि 15 किलोमीटर के मार्ग पर लगे 150 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई और फिर मुखबिर की सूचना पर दोनों को पकड़ लिया गया। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपियों ने जुर्म कबूल करते हुए कहा कि वे आर्थिक तंगी से जूझ रहे थे और उन्होंने महिला को निशाना बनाया, क्योंकि उन्हें पता था कि वह एनआरआई है और उसके पास संभवतः कीमती सामान है।

## सीएचडी ने की बेघरों के लिए आश्रयगृहों में पाइप लाइन द्वारा पानी पहुंचाने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में बेघरों के लिए बनाए गए आश्रय गृहों में आज तक पीने की पानी की पाइप लाइन नहीं होने से इनमें रहने वालों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। इस दिशा में बेघरों के लिए लंबे समय कार्य कर रही संस्था सेंटर फॉर होलिस्टिक डेवलपमेंट (सीएचडी) ने उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना व सीएम रेखा गुप्ता से लेकर डीजेबी के सीईओ व अन्य को पत्र लिखा है। इस बारे में सीएचडी के कार्यकारी निदेशक सुनील कुमार आलेडिया ने बताया कि दिल्ली के किसी भी आश्रय गृहों में पाइप लाइन द्वारा जल आपूर्ति कनेक्शन उपलब्ध नहीं है। जिसके चलते पहले ही परेशान बेघरों को समय पर पानी नहीं मिलने से कई बीमारियों लगने की आशंका बढ़ जाती है। इसलिए संगठन ने एलजी, सीएम से लेकर संबंधितों का पत्र लिखकर मांग की है कि आश्रय घरों में पीने का पानी पहुंचाने के लिए पाइप लाइन डाली जाए और कनेक्शन दिए जाए। क्योंकि वर्तमान में जल टैंकरों और अनौपचारिक जल भंडारण प्रणालियों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। यह भी दिन में केवल दो बार, एक बार सुबह और एक बार शाम को पानी की आपूर्ति करते हैं। आलेडिया ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के 195 आश्रय गृहों में से 95 यानी करीब 48.7 प्रतिशत में पाइपलाइन जल कनेक्शन उपलब्ध नहीं उन्होंने बताया दिल्ली में आर.सी.सी. भवन के पास के 82 आश्रय ग्रह है जिनमें 9,586 लोगों की क्षमता है। जबकि पोर्टा केबिन की संख्या 103 है जिनमें 6,280 लोगों की क्षमता है और विशेष अभियान के तहत 10 आश्रय ग्रह होते है जिनमें 808 लोगों को रखने की सुविधा है। इस प्रकार कुल 195 आश्रय घरों में 16,674 बेघरों को रखा जाता है। उन्होंने कहा कि इस समय दिल्ली में वायु प्रदूषण एक गंभीर समस्या बना हुआ है। ऐसे में टैंकरों द्वारा पानी लाने ले जाने से उनके द्वारा पर्यावरण प्रदूषण और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन बढ़ता है। अगर पाइप लाइन से आपूर्ति होगी तो कई समस्याओं का निदान स्वत ही हो जाएगा।

## समयपुर बादली में कार ने बच्चे को कुचला




**एजेंसी, नई दिल्ली।** बाहरी दिल्ली के समयपुर बादली इलाके में एक बच्चे की कथित तौर पर एसयूवी से कुचले जाने से मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना रविवार शाम करीब चार बजे सिरसपुर रोड पर बालाजी नर्सरी के पास हुई, जब 20 वर्षीय युवक द्वारा चलाए जा रहे वाहन ने 14 महीने के बच्चे को कुचल दिया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पीड़ित की मां अपने बेटे के साथ सड़क किनारे खड़ी थी, तभी तेज रफ्तार वाहन ने उसके बेटे को टक्कर मार दी। बच्चे को गंभीर चोटें आईं और उसे बुराड़ी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।" अधिकारी ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता की धारा 281 (तेज गति से वाहन चलाना) और 106(1) (लापरवाही से मौत) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि रोहिणी निवासी वाहन चालक समर चौधरी को गिरफ्तार कर लिया गया है और एसयूवी जब्त कर ली गई है। उसने बताया कि पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है।

## दिल्ली की सड़कों पर भरा हुआ है पानी, वाहन चालक परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ सीवेज सिस्टम की बदहाली ने खोली सरकार और निगम की पोल

देश की राजधानी दिल्ली में सीवेज सिस्टम की बदहाली एक बार फिर उजागर हो गई है। नालियों की सफाई नहीं होने या थोड़ी-सी बारिश या फिर सीवेज लाइन की जाम स्थिति में ही कई इलाकों में पानी भर जाता है। इसके चलते दिल्ली की सड़कों पर जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे यात्रियों और वाहन चालकों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। एशिया की सबसे बड़ी आजादपुर फल एवं सब्जी मंडी, आदर्श नगर मेट्रो स्टेशन के पास हालात इतने खराब हैं कि हर दूसरे दिन सड़कों पर गंदा पानी भरा नजर आता है। सीवेज जाम होने के कारण न केवल यातायात प्रभावित हो रहा है, बल्कि स्थानीय दुकानदारों और राहगीरों को भी बदबू और गंदगी के बीच गुजरना पड़ रहा है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि दिल्ली सरकार और नगर निगम दोनों ही इस समस्या पर गंभीर नहीं हैं। कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन न तो स्थायी सफाई व्यवस्था की गई और न ही सीवेज लाइन का नवीनीकरण। परिणामस्वरूप जलभराव अब आम समस्या बन गई है। वहीं, चालकों और यात्रियों का कहना है कि तीन इंजन की सरकार होने के बावजूद जमीनी स्तर पर कोई ठोस सुधार नहीं दिख रहा। जबकि भाषणों में सुधार के दावे बहुत किए जाते हैं।

## महाराजा सूरजमल संस्थान ने क्रिमिनल लॉ सोसाइटी का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

महाराजा सूरजमल संस्थान, जनकपुरी ने 'आपराधिक न्याय में समकालीन चुनौतियाँः सुधार, अधिकार और वास्तविकताएँ' विषय पर अपने क्रिमिनल लॉ सोसाइटी का शुभारंभ किया। यह छात्र-नेतृत्व मंच आपराधिक न्यायशास्त्र, कानूनी जागरूकता और अकादमिक-व्यावहारिक संवाद को बढ़ावा देगा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति रजनीश भटनागर उपस्थित थे। साथ ही डॉ. रविंदर कुमार पाहुजा (पूर्व रजिस्ट्रार, दिल्ली उच्च न्यायालय व संस्थापक, पाहुजा लॉ अकादमी), अमित अहलावत (लोक अभियोजक, दिल्ली उच्च न्यायालय) और अमित सहरावत (सहायक लोक अभियोजक, द्वारका न्यायालय) ने विचार साझा किए।

वक्ताओं ने कानूनी प्रशिक्षण, अदालती तैयारी, जाँच प्रक्रियाओं और न्याय में विलंब के मुद्दों पर गहन विचार प्रस्तुत किए। न्यायमूर्ति भटनागर ने तीन वर्ष के व्यावहारिक अनुभव पर बल दिया, जबकि डॉ. पाहुजा ने सिविल वकालत से शुरुआत की वकालत की। श्री अहलावत व श्री सहरावत ने व्यावहारिक अनुभव और प्रक्रियात्मक सुधारों की आवश्यकता रेखांकित की।

350 से अधिक विधि छात्रों ने भाग लेकर आपराधिक न्याय प्रणाली की जटिलताओं पर अमूल्य अंतर्दृष्टि प्राप्त की। विभागाध्यक्ष डॉ. पारुल देशवाल के मार्गदर्शन में आयोजित यह कार्यक्रम संस्थान की व्यावहारिक और समग्र कानूनी शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक रहा, जिसने भावी विधिवेत्ताओं के लिए एक नई दिशा निर्धारित की।

# गर्म मौसम होगा समाप्त हल्की बूंदाबांदी के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली वालों पर जल्द ही गर्म मौसम की मेहरबानी समाप्त होने जा रही है। वीकेंड के बाद सर्दी बढ़ेगी और दिन और रात का तापमान गिरने लगेगा। इस बारे में निजी मौसम विज्ञान अनुमान कंपनी स्काईमेट वेदर का कहना है कि दिल्ली में इस समय सूखा मौसम चल रहा है। आने वाले वीकेंड के आसपास हवा में ठंडक महसूस हो सकती है। नवंबर, वैसे भी, सबसे कम बारिश वाला महीना होता है, जिसमें सामान्य बारिश सिर्फ 4.1 एमएम होती है। कुछ अपवादों को छोड़कर, इस महीने में अक्सर सूखा ही रहता है। पिछले साल 2024 में पूरी तरह सूखा था, जबकि उससे पिछले साल 2023 में 17.7 एमएम बारिश हुई थी। अगर बारिश होती भी है, तो वह आमतौर पर सिंगल डिजिट में ही रहती है और आमतौर पर महीने के दूसरे हाफ में होती है। पेंटेड नॉर्मल के अनुसार, राजधानी दिल्ली शहर में न्यूनतम तापमान 15 डिग्री से शुरू होता है और महीने के आखिर तक गिरकर लगभग 10 डिग्री तक पहुँच जाता है। अब 4 नवंबर 2025 को एक पश्चिमी विक्षोभ आने की उम्मीद है। निचले स्तर की हवाएँ रात से ही हल्की पूर्वी हवाओं में बदलने लगेंगी। जिससे 4 नवंबर को उत्तरी पंजाब से दक्षिण-पश्चिम उत्तर प्रदेश तक, हरियाणा और दिल्ली से होते हुए एक कमजोर पूर्व-पश्चिम ट्रफ बनेगी। मैदानी इलाकों में कुछ बौछारें और पहाड़ों पर बारिश, बर्फबारी होने की संभावना है। दिल्ली बाहरी किनारे पर है और यहाँ टच एंड गो जैसी स्थिति हो सकती है। मंगलवार दिन में कुछ बादल दिखाई देंगे, और देर रात कुछ हिस्सों में हल्की बूंदाबांदी हो सकती है।

अगले दिन, बुधवार को मौसम फिर से साफ और चमकदार हो जाएगा। वहीं 5 नवंबर से शुरू होकर एक हफ्ते से ज़्यादा समय तक मौसम अच्छा रहेगा। लेकिन 7 से 10 नवंबर के बीच तापमान में गिरावट की उम्मीद है। पहाड़ों पर बारिश और बर्फबारी के बाद, सूखी और ठंडी उत्तर-पश्चिमी हवाएँ ढलानों से नीचे बहेंगी, जिससे हवा में ठंडक बढ़ जाएगी। धुंध भरी सुबह, हल्की हवा और सर्दियों की खास सुहावनी ठंडक महसूस होने की उम्मीद है और यह कम से कम महीने के मध्य तक मौसम की पहचान बनी रहेगी।

## दिल्ली 2020 दंगे : उमर खालिद के वकीलों ने बड़ी साजिश मामले में अपनी बहस पूरी की

**एजेंसी, नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के उत्तर पूर्वी जिले में 2020 में हुए दंगे की कथित तौर पर बड़े पैमाने पर साजिश रचने के मामले में आरोपी जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के पूर्व छात्र उमर खालिद के वकील ने सोमवार को अपने मुवक्किल के खिलाफ आरोप तय करने का विरोध करते हुए अपनी बहस पूरी की। खालिद का पक्ष रखने के लिए पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता त्रिदीप पैस ने अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश समीर बाजपेयी के समक्ष अपनी दलीलें पेश कीं। पैस ने अदालत को सूचित किया कि उन्होंने अपनी बहस पूरी कर ली है और वह अन्य आरोपियों की दलीलें सुनने के लिए आगे बढ़ सकती है। पैस द्वारा पेश दलीलों पर संज्ञान लेते हुए अदालत ने मामले की सुनवाई के लिए 10 नवंबर की तारीख तय की। अदालत अगली सुनवाई में अन्य आरोपी सलीम मलिक के खिलाफ आरोपों पर दलीले सुनेगी। इससे पहले पैस ने 28 अक्टूबर को दलील दी थी कि उनके मुवक्किल पर कोई आपराधिक आरोप नहीं लगाया जा सकता। पिछले महीने खालिद के वकील ने कहा था कि उनके मुवक्किल को पांच साल हिरासत में बिताने पड़े। उन्होंने 'प्राथमिकी को एक मजाक' करार देते हुए कहा कि इसमें 'कानून की शुचिता'के सिद्धांत का अनुपालन नहीं किया गया। उमर खालिद को 13 सितंबर 2020 को गिरफ्तार किया गया था।पुलिस ने दंगे भड़काने के लिए बड़े पैमाने पर साजिश रचने के आरोप में कार्यकर्ता इमाम, खालिद सैफी और आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन सहित 20 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82(2) (ii) Cr. P.C. देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मो0 सुहेल पुत्र** मो0 इदरीश **निवासीः** इमरान का मकान, पूजा कॉलोनी जीनव, गेट, लोनी, गाज़ियाबाद, यू.पी. ने **FIR No. 641/2021 U/s 411 IPC थानाः खजूरी खास, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मो0 सुहेल** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मो0 सुहेल** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 641/2021 U/s 411 IPC थानाः खजूरी खास, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मो0 सुहेल** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.12.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
कनिका अग्रवाल
जेएमएफसी-03, कमरा नं. 22
पहला तल, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/14839/NE/2025
(Court Notice)

# श्री अरबिंदो कॉलेज ने किया एनईपी पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन

# नुक्कड़ नाटक हमारे जीवन की समस्याओं का प्रतिबिंब : प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली




नुक्कड़ नाटक हमारे जीवन की समस्याओं का प्रतिबिंब है, इन नाटकों के माध्यम से समाज में होने वाली घटनाओं पर तथा किसी सामाजिक समस्या पर लोगों के बीच जानकारी देने के लिए नुक्कड़ नाटक खेले जाते हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय से संबद्ध श्री अरबिंदो कॉलेज के प्राचार्य प्रो. अरुण चौधरी ने यह संबोधन राष्ट्रीय शिक्षा नीति - 2020 तथा भारतीय ज्ञान परंपरा पर केंद्रित "सुनहरा सपना" नुक्कड़ नाटक के शुभारंभ पर दिया। उन्होंने कहा कि नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति में नाटककार समस्या को केन्द्र में रख कर पूरा दृश्य निर्मित करता है। शिक्षा से जुड़े विषय युवाओं की प्रमुख समस्या है। नुक्कड़ नाटकों के जरिए समस्या का समाधान प्रस्तुत किया जाता है। यहाँ महाविद्यालय परिसर में प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक सुनहरा सपना में भी भारतीय शिक्षा प्रणाली के महत्व एवं उसके बदलते प्रतिमान के साथ-साथ युवा पीढ़ी के समक्ष आने वाली चुनौतियों को उजागर किया गया है तथा इन चुनौतियों का कैसे सामना किया जाए उसकी ओर संकेत किया गया है। कॉलेज से प्राप्त जानकारी के अनुसार कॉलेज की ड्रामेटिक सोसायटी मोक्ष के तत्वावधान में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर मोक्ष के संयोजक प्रोफेसर हंसराज सुमन एनईपी सारथी समन्वयक डॉ. मंजू परुथी, यूजीसी छात्र राजदूत लव सिंह राठौड़, फैकल्टी समन्वयक डॉ. हिमांशु सिंह, दीक्षा जोशी के अलावा सैकड़ों छात्र उपस्थित रहे। प्रोफेसर सुमन ने बताया है कि नुक्कड़ नाटक के बीच-बीच में पात्रों ने कविताओं, गीतों व विभिन्न भाव भंगिमाओं द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के महत्व को दर्शाया। वस्तुतः भारतीय शिक्षा पद्धति में आवश्यकतानुसार समय-समय पर परिवर्तन किया जाता रहा है। वर्तमान राष्ट्रीय शिक्षा नीति उसी परिवर्तन का परिणाम है।

## दीवाली के बाद भी गलियों में पड़ा हुआ हैं कचरा

**नई दिल्ली।** दीवाली बीते कई दिन हो चुके हैं, मगर दिल्ली नगर निगम की सफाई व्यवस्था अब भी चौपट नजर आ रही है। बुराड़ी विधानसभा के 'हिमगिरी एन्कलेव' और नरेला विधानसभा के सिंघु गांव समेत आसपास के इलाकों की गलियों में कूड़े-कचरे के ढेर जस के तस पड़े हैं। कचरा, पॉलिथीन और सड़ी गली चीज़ों से पूरे इलाके में दुर्गंध फैल गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि 'निगम कर्मचारी कई दिनों से इलाके में नजर नहीं आए'। नालियां जाम हैं और सड़कों पर पानी व कचरा मिलकर मच्छरों के प्रजनन का गढ़ बन चुके हैं। राहगीर नाक पर रुमाल रखकर गुजरते हैं, जबकि घरों के भीतर भी बदबू का असर महसूस किया जा रहा है। बुराड़ी के हिमगिरी एन्कलेव निवासी ने बताया कि दीवाली पर तो सफाई की उम्मीद थी, लेकिन अब पांच दिन बाद भी हालात बद से बदतर हैं। निगम को कई बार शिकायत दी, पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

**अभियुक्त व्यक्तियों की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्तों **1. कृष्ण उर्फ कृष** पुत्र सुभाष निवासी एफ–3/395, सुल्तानपुरी, दिल्ली **और 2. कल्लू उर्फ राहुल** पुत्र रमेश मिश्रा निवासी एफ–3/365, सुल्तानपुरी, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 269/2019 धारा 12/9/55 जी. अधिनियम को थाना राज पार्क, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उन पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **1. कृष्ण उर्फ कृष और 2. कल्लू उर्फ राहुल** मिल नहीं रहे हैं, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **1. कृष्ण उर्फ कृष और 2. कल्लू उर्फ राहुल** फरार हो गये हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे हैं)। इनके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 269/2019 धारा 12/9/55 जी. अधिनियम को थाना राज पार्क, दिल्ली के उक्त अभियुक्तों **1. कृष्ण उर्फ कृष और 2. कल्लू उर्फ राहुल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **16.12.2025** को हाजिर हों।

आदेशानुसारः श्री इब्बानी अग्रवाल,
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03, (उत्तर पश्चिम)
कोर्ट संख्या 107,प्रथम तल,
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

DP/14793/OD/2025

## किसी प्रकार की कोताही नहीं की जाएगी बर्दाश्त : सीएम

# प्रदूषण फैलाने वाली औद्योगिक इकाइयों और वाहनों पर होगी कड़ी कार्रवाई : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

### प्रदूषण को लेकर मुख्यमंत्री ने बुलाई उच्चस्तरीय बैठक



दिल्ली में प्रदूषण को नियंत्रित करने को लेकर सोमवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अधिकारियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि प्रदूषण नियंत्रण को लेकर किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रदूषण फैलाने वाली औद्योगिक इकाइयों और वाहनों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी इसके लिए टीमों का गठन कर दिया गया है। यह बात मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को प्रदूषण की स्थिति को लेकर दिल्ली सचिवालय में एक उच्चस्तरीय बैठक करने के बाद कही।

इस बैठक में पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा, विकास मंत्री कपिल मिश्रा, समाज कल्याण मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह, सरकार के मुख्य सचिव राजीव वर्मा, अन्य विभागों व दिल्ली नगर निगम के उच्च अधिकारी उपस्थित थे। इस समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों से प्रदूषण को कंट्रोल करने के लिए लगातार चल रहे उपायों पर बातचीत की और कहा कि अब अब अन्य उपाय भी किए जाने जरूरी है, ताकि प्रदूषण नियंत्रण में तो आए ही साथ ही उसमें बढ़ोतरी भी न हो सके। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कई निर्देश जारी किए और कहा कि इन्हें तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए। मुख्यमंत्री ने अफसरों को सख्त चेतावनी दी है कि अगर कहीं भी लापरवाही पाई गई तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

इस बैठक की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि राजधानी में प्रदूषण को नियंत्रित करना हमारी सरकार की प्राथमिकता है, इसलिए तत्काल प्रभाव से अतिरिक्त व अन्य प्रभावी उपाय शुरू कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि राजधानी के प्रदूषण को कम करने के लिए पड़ोसी राज्यों से समन्वय बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदूषण फैलाने वाली औद्योगिक इकाइयों के अलावा प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों के खिलाफ के लिए अतिरिक्ति टीमों का गठन किया जा रहा है, ताकि प्रदूषित इकाइयों को बंद किया जा सके और प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों को जब्त किया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये टीमें हर दिन शाम को अपनी रिपोर्ट उन्हें व पर्यावरण मंत्री को भेजेंगी।

#### कूड़ा जलाने वालों पर लगाया जाएगा जुर्माना

मुख्यमंत्री ने कहा कि कूड़ा आदि जलाने वाली घटनाओं पर पूरे तरीके से रोक लगाने के लिए भी अतिरिक्त टीमों का गठन किया जा रहा है। कूड़ा जलाने वालों पर जुर्माना तो लगाया ही जाएगा, साथ ही उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई भी की जाएगी। मुख्यमंत्री का कहना है कि हमारी सरकार आगामी दिनों में भी प्रदूषण रोकने के लिए लगातार तैयारी कर रही है। सर्दियों के दौरान अगर प्रदूषण की स्थिति गंभीर होगी तो रात को विभिन्न कॉलोनियों व बाजारों की सुरक्षा में लगे चौकीदारों को हीटर देने पर भी विचार किया जाएगा।

#### सभी संबंधित विभागों के साथ मिलकर किए जा रहे हैं प्रभावी उपाय : सिरसा

पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा का कहना है कि हमारी सरकार राजधानी के अन्य निकायों के साथ मिलकर प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए प्रभावी उपाय कर रही है। इसके लिए लगातार उपाय व निर्देश दिए जाए जा रहे हैं। उन्होंने जानकारी दी कि दिल्ली नगर निगम को निर्देश जारी किए गए हैं कि वाटर स्प्रिंकलर की ड्यूटी डबल कर दी जाए। उन्होंने यह भी कहा कि धूल नियंत्रण हमारी प्राथमिकता है। यह कार्य बेहद गंभीरता व प्रभावी तरीके से किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने यह भी कहा कि प्रदूषण को लेकर राजधानी के विभिन्न हॉटस्पॉट को प्रदूषण रहित बनाने के लिए प्रभावी उपाय शुरू कर दिए गए हैं। वहां लगातार पानी की बौछारों का छिड़काव किया जा रहा है। साथ ही धूल रोकने के लिए मैकेनिकल उपाय चल रहे हैं। मुख्यमंत्री का कहना है कि दिल्ली नगर निगम को निर्देश जारी किए गए हैं कि सड़कों, गलियों, बाजारों, कॉलोनियों आदि की लगातार सफाई होती रहनी चाहिए। इसके अलावा जहां भी कूड़ा है, उसे तुरंत हटाया जाए।

## हमारे युवा खिलाड़ी देश का बढ़ा रहे हैं गौरवः प्रवेश




हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र को साकार करते हुए, हमारे या खिलाड़ी देश का गौरव बढ़ा रहे हैं और यह साबित कर रहे हैं कि कोई भी चुनौती उन्हें रोक नहीं सकती। यह बात सोमवार को दिल्ली के लोक निर्माण विभाग एवं जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने छावला में आयोजित आईडीसीए के नौवें टी ट्वेंटी नेशनल क्रिकेट चैम्पियनशिप फॉर डीफ के उद्घाटन के अवसर पर दी। इस दौरान मंत्री प्रवेश वर्मा ने उद्घाटन समारोह में शामिल होकर सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं और उज्जवल भविष्य की मंगलकामनाएंदी। इस टूर्नामेंट में देशभर से कुल 20 टीमें भाग ले रही हैं, जिनमें से 15 खिलाड़ी चयनित होकर राष्ट्रीय टीम का हिस्सा बनेंगे और दुबई में आयोजित वर्ल्ड कप (डीफ टूर्नामेंट) में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### एलजी सहित अन्य ने महिला क्रिकेट टीम को वर्ल्ड कप जीतने पर दी बधाई

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट मैच में पहली बार वर्ल्ड कप जीतकर इतिहास रचने पर दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) विनय कुमार सक्सेना ने इस पल को ऐतिहासिक बताते हुए नारी शक्ति को नमन किया है। वहीं एलजी व सीएम रेखा गुप्ता से लेकर उनके मंत्रिमंडल के कई सदस्यों, साथी मंत्रियों, भाजपा, कांग्रेस व आप पार्टी की तरफ से भी विजेता भारतीय टीम को बधाई व शुभकामनाएं दी गई। एलजी ने अपनी पोस्ट में लिखा कि भारतीय क्रिकेट के लिए एक यादगार पल! हमारी विमेन इन ब्लू ने आईसीसी महिला वर्ल्ड कप 2025 में ग्रेस, हिम्मत और शान के साथ दुनियां जीत ली है। एलजी ने लिखा कि यह जीत टीम भावना, विश्वास और मजबूती का जश्न है। एलजी ने बधाई देते हुए लिखा कि बधाई हो, चैंपियंस।

## खबर संक्षेप

### 'किसी भी एमटीएस कर्मचारी का नहीं काटा जाएगा वेतन'

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के जन स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत एमटीएस कर्मियों में उस समय खुशी की लहर दौड़ गई है जब दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने सोमवार को एंटी मलेरिया एकता कर्मचारी यूनियन को बैठक में आश्वासन देते हुए कहा कि कार्य पर लौटे हड़ताली कर्मियों का वेतन नहीं काटा जाएगा। बता दें कि निगम मुख्यालय पर इन कर्मियों ने अपनी मांगों को लेकर करीब 33 दिनों तक हड़ताल जारी रखी। यूनियन महासचिव देवा नंद शर्मा ने सोमवार को महापौर के साथ हुई बैठक के बाद यह जानकारी दी। यूनियन ने वेतन नहीं काटे जाने के मामले में महापौर राजा इकबाल, अतिरिक्त आयुक्त और निगम स्वास्थ्य अधिकारी (एमएचओ) को धन्यवाद किया।

### रेखा तीन दिनों के लिए बिहार, करेंगी चुनाव प्रचार

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सोमवार शाम को तीन दिनों के लिए बिहार पहुंच गई हैं। वह इन तीन दिनों में बिहार में हो रहे विधानसभा चुनाव एनडीए प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करेंगी। इस प्रचार में उनके साथ भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, सहयोगी दलों के नेताओं के अलावा, पार्टी प्रत्याशी व कार्यकर्ता भी होंगे। मुख्यमंत्री जनसभाओं के अलावा रोड शो में भी शामिल होंगी। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता विधानसभा चुनाव में प्रचार के लिए तीसरी बार बिहार जा रही हैं। यह उनका तूफानी दौरा होगा। इन तीन दिनों में मुख्यमंत्री 12 से 15 विधानसभाओं को संबोधित करेंगी। जिन विधानसभाओं में वह रोड शो व जनसभाओं को संबोधित करेंगी, उनमें 6 नवंबर के अलावा 11 नवंबर को भी मतदान होगा।

### निगम स्वास्थ्य विभाग के सफाई कर्मियों ने की पक्का करने की मांग

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मियों ने प्रशासन से नियमितीकरण (पक्का करने) की मांग दोहराई है। कर्मियों का कहना है कि वे वर्षों से लगातार सेवा दे रहे हैं, लेकिन अब तक उन्हें स्थायी नियुक्ति का लाभ नहीं मिला। कर्मियों के अनुसार, पिछले दो वर्षों में निगम के जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों को अनेकों बार पत्र लिखे गए, मगर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। कर्मियों ने बताया कि हम 30 से 35 वर्ष से स्वास्थ्य विभाग में लगातार काम कर रहे हैं। फिर भी हम अभी तक कच्चे हैं। यह हमारे साथ नाइंसाफी है।

### डीपीसीसी अध्यक्ष ने सीएम रेखा से पिछले 9 महीनों में दमघोटू प्रदूषण पर पूछे 9 सवाल

नई दिल्ली। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने रेखा सरकार से उनके 9 महीने के कार्यकाल में दमघोटू प्रदूषण से निपटने के लिए उठाए गए कदमों को लेकर 9 सवाल पूछे है। इसके अलावा यादव ने आरोप लगाए है कि गत केजरीवाल सरकार की तरह ही दिल्ली में प्रदूषण को नियंत्रित करने में भाजपा की रेखा सरकार भी विफल रही है। जबकि भाजपा ने विधानसभा चुनाव में अपने घोषणा पत्र में संकल्प लिया था कि भाजपा सत्ता में आते ही प्रदूषण के पीएम 2.5 और पीएम 10 के स्तर को खत्म कर देगी। उन्होंने वादा किया था कि हम दिल्ली के औसत एक्यूआई को आधा करने और खराब एक्यूआई वाले दिनों की संख्या को कम करने के लिए दिल्ली स्वच्छ वायु मिशन शुरू करेंगे। लेकिन उनके दावों के विपरीत दिल्ली की 13 से अधिक जगहों पर एक्यूआई का स्तर 400 के पार पहुंच रहा है। यादव ने कहा कि भाजपा ने वादा किया था कि हमारा लक्ष्य पीएम 2.5 और पीएम 10 के स्तर को कम करना है और इस मिशन के तहत, हर विधानसभा क्षेत्र में सड़क सफाई मशीनों और दिल्ली नगर निगम के हर वार्ड में पानी छिड़कने वाली मशीनों को तैनात करेगी। आनंद विहार, मुंडका, आर.के. पुरम सहित अत्यधिक प्रदूषित क्षेत्रों में ऐसी और मशीनों को तैनात करने का भी वादा किया था।

## मोहल्ला क्लीनिकों को बंद करने के खिलाफ 'आप' ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली में सैकड़ों मोहल्ला क्लीनिकों को बंद करने पर भाजपा की सरकार के खिलाफ सोमवार को कालकाजी विधानसभा के गोविंदपुरी स्थित मोहल्ला क्लीनिक के सामने प्रदर्शन किया। उधर, आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भी दिल्ली की स्वास्थ्य व्यवस्था बर्बाद करने के लिए दिल्ली सरकार को आड़े हाथ लिया। उन्होंने एक्स पर कहा कि चार इंजन की भाजपा सरकार ने सब बेड़ा गर्क कर दिया है। दिल्ली के लोगों से मेरी अपील है कि अपना ध्यान रखें, ये सरकार आपके लिए कुछ नहीं करने वाली है। प्रदर्शन के दौरान सौरभ भारद्वाज ने कहा कि भाजपा सरकार ने दिल्ली में 31 मोहल्ला क्लीनिक पहले बंद कर दिए और अभी दो दिन पहले 170 और क्लीनिक बंद कर दिए गए हैं। 8-10 दिनों में और क्लीनिक भी बंद होने वाले हैं। इस सड़क के कोने पर बने मोहल्ला क्लीनिक में रोज 150-200 बुजुर्ग, गरीब और आम लोग इलाज के लिए आते हैं। अगर प्राइवेट डॉक्टर के पास जाएंगे, तो ओपीडी कार्ड 1,200 रुपये का, दवा 1500-1600 रुपये की और टेस्ट 2-3 हजार रुपये के आएंगे। यानी मोहल्ला क्लीनिक से जो 4 हजार से 5 हजार रुपये की बचत होती थी, वह अब लोगों के लिए बोझ बनेगी। फायदा सिर्फ बड़े-बड़े प्राइवेट अस्पतालों को होगा।

#### यादव ने की निकाले गए स्वास्थ्य कर्मियों को आयुष्मान आरोग्य मंदिर में समायोजित करने की मांग

नई दिल्ली। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को पत्र लिखकर मोहल्ला क्लीनिक से हटाए गए स्वास्थ्य कर्मियों को आयुष्मान आरोग्य मंदिर में समायोजित करने की मांग की है। यादव ने कहा कि मोहल्ला क्लीनिक में काम कर रहे स्वास्थ्य कर्मियों को निकालने से उनके परिवारों के सामने रोजी रोटी का बड़ा संकट खड़ा हो रहा है। इसलिए मैंने एलजी से मांग की है कि हटाए गए कर्मचारियों को आयुष्मान आरोग्य मंदिर योजना में समायोजित किया जाए। उन्होंने बताया कि इस मुद्दे पर हाल ही में मोहल्ला क्लीनिक स्टाफ यूनियन के पदाधिकारी मोहल्ला क्लीनिक में हजारों कर्मचारियों की आजीविका बचाने के संबंध में मुलाकात की थी।

## भलस्वा लैंडफिल साइट की इनर्ट मिट्टी का भराव के लिए करें उपयोग : प्रवेश वाही

### 'कूड़े के पहाड़ों को खत्म करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है भाजपा'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम के नेता सदन प्रवेश वाही ने सोमवार को भलस्वा लैंडफिल साइट का निरीक्षण करते हुए राजधानी की सभी आरडब्ल्यूए (रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन) से अपील की है कि वे अपने क्षेत्र और खाली पड़ी जगहों की फिलिंग (मिट्टी भराव) के लिए भलस्वा लैंडफिल साइट से निकली इनर्ट मिट्टी का उपयोग कर सकते हैं।

यह सुविधा दिल्ली नगर निगम से मुफ्त में उपलब्ध होगी और विशेष बात यह है कि पांच डंफर या ट्रक से अधिक इनर्ट मिट्टी (यानी 200 मीट्रिक टन से अधिक) के लिए ही निगम से यह सेवा मुफ्त उपलब्ध रहेगी। इसके लिए महापौर कार्यालय, नेता सदन कार्यालय व जोनल उपायुक्त कार्यालय को संपर्क किया जा सकता है। नेता सदन ने दावा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में हम 2026 के अंत से पहले भलस्वा के कूड़े के पहाड़ को पूरी तरह समाप्त कर देंगे। इस निरीक्षण के दौरान दिल्ली नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त लीलाधर मेघवाल, ईएनसी पी. सी. मीणा एवं सिविल लाइन जोन के उपायुक्त अंशुल सिरोही सहित अन्य निगम अधिकारी मौजूद रहे।

### प्रदेश अध्यक्ष ने स्कूली बच्चों से यमुना संरक्षण पर लिए सुझाव

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा यमुना किनारे वासुदेव घाट पर आयोजित यमुनोत्सव 2025




- 'यमुना कान्क्लेव' कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर कनक्लेव संयोजक एवं यमुना भिक्षुक रविशंकर तिवारी एवं अन्य पदाधिकारियों ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने वहां कॉन्क्लेव में भाग लेने आये स्कूलों के बच्चों से संवाद किया और यमुना संरक्षण पर उनके सुझाव लिया। सचदेवा ने कहा कि यह आयोजन हमारी जीवनदायिनी यमुना के संरक्षण, संवर्धन और सांस्कृतिक पुनर्जीवन के प्रति जनजागृति का प्रतीक है, यमुना केवल एक नदी नहीं, बल्कि दिल्ली की आत्मा है। हमारी संस्कृति, सभ्यता और अस्तित्व का आधार है यमुना। यमुना कनक्लेव जैसे प्रयास निश्चित ही यमुना को स्वच्छ, निर्मल और जीवंत बनाने की दिशा में प्रेरक सिद्ध होंगे। इस सफल आयोजन के लिए अनंत शुभकामनाएं।

## 'एमसीडी अधिकारियों की गैरहाजरी पर नाराज हुए पार्षद'

### एमसीडी निर्माण समिति की बैठक का किया बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) मुख्यालय में सोमवार को आयोजित 'निर्माण समिति की बैठक' पार्षद उस समय आग बबूला हो गए जब संबंधित विभागों के अधिकारी बैठक में शामिल नहीं हुए। समिति अध्यक्ष प्रीति की अध्यक्षता में बुलाई गई इस बैठक में दिल्ली के कोने-कोने से पहुंचे पार्षद अधिकारियों की गैर-मौजूदगी पर आग बबूला हो उठे और बैठक का बहिष्कार करते हुए बीच में ही बाहर निकल गए। इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी के प्रमुख नेता व वरिष्ठ पार्षद मुकेश गोयल ने नाराज़गी जताते हुए कहा कि जब अधिकारी ही मौजूद नहीं होंगे तो सवालों का जवाब कौन देगा? यह बैठक महज औपचारिकता बनकर रह गई है। पार्षद हेमचंद गोयल ने कहा कि दिवाली से पहले 50 स्ट्रीट लाइटें लगाने का वादा किया गया था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। वहीं बवाना वार्ड से पार्षद पवन सहरावत ने कहा कि अधिकारी इन बैठकों को हल्के में लेते हैं और पार्षदों का कीमती समय बर्बाद करते हैं। पार्षदों ने सर्वसम्मति अध्यक्ष प्रीति से मांग की कि जिन अधिकारियों ने बैठक में अनुपस्थिति दर्ज कराई है, उन्हें नोटिस भेजा जाए।

निर्माण समिति की अध्यक्ष प्रीति ने बताया कि पार्षदों की शिकायत है कि पिछली तीन से चार बैठकों की एक्शन टेकन रिपोर्ट (एटीआ)' उन्हें अब तक नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि आज अधिकारी इसलिए नहीं आ सके क्योंकि मुख्यमंत्री के यहां एक बैठक थी, लेकिन पार्षदों को इसकी सूचना समय पर नहीं दी गई, जिससे स्वाभाविक रूप से नाराज़गी हुई। पार्षदों का कहना रहा कि यदि निगम अधिकारी इस तरह जनहित मुद्दों पर लापरवाह रवैया अपनाएंगे तो विकास कार्यों की गति पर सीधा असर पड़ेगा।

### दक्षिण दिल्ली की जिला स्तरीय पुलिस समिति की पहली बैठक आयोजित

# 'नशे के व्यापार और घुसपैठियों की सूचनाएं देकर करें पुलिस की मदद'



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में नशे के व्यापार और घुसपैठियों की सूचनाएं देकर पुलिस की मदद करें। दक्षिण दिल्ली से सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने दक्षिण जिला पुलिस की नवगठित जिला स्तरीय समिति की सोमवार को आयोजित बैठक में समिति सदस्यों से यह आग्रह किया। सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए बताया कि जिले की इस समिति का गठन पिछले सप्ताह ही हुआ है। बैठक में डीसीपी साउथ अंकित चौहान के साथ विधायक शिखा राय, गजेंद्र यादव और नीरज बसोया तथा डीएम लक्ष्य सिंघल व अन्य अधिकारी भी बैठक में शामिल हुए।

बैठक में सांसद बिधूड़ी तथा अन्य सदस्यों ने नशे के व्यापार, घुसपैठियों को निकालने की मुहिम, ट्रैफिक की समस्या और अवैध कब्जों के मामले उठाए। बिधूड़ी ने कहा कि नशे के व्यापार के खिलाफ पुलिस ने जो हाल ही में अभियान चलाया है, उससे कई बड़े रैकेट पकड़े गए हैं। इसी तरह बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों को देश की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बताते हुए उन्होंने कहा कि हाल ही में बड़ी संख्या में घुसैपठियों को पकड़ने की मुहिम भी चलाई गई है। इन दोनों ही कार्यों के लिए पुलिस बधाई की पात्र है।

#### सदस्यों ने ट्रैफिक जाम की समस्या का मुद्दा उठाया

बैठक में सदस्यों ने ट्रैफिक जाम की समस्या का मुद्दा उठाया। उन्होंने पुलिस से अनुरोध किया कि ट्रैफिक मेनेजमेंट में सुधार की बहुत ज्यादा गुंजाइश है। अवैध पार्किंग से स्थिति खराब होती है। इसके अलावा सदस्यों ने यह भी कहा कि सड़कों के किनारों पर तथा चौराहों पर बड़े पैमाने पर अवैध कब्जों से लोगों को असुविधा होती है। फुटपाथों को जनता के पैदल चलने के लिए अवैध कब्जों से मुक्त कराया जाना चाहिए।



### भारत को अपने चिकित्सकों, वैज्ञानिकों और प्रोफेसरों पर है गर्व : प्रो. योगेश सिंह



**नई दिल्ली।** भारत को अपने चिकित्सकों, वैज्ञानिकों और माइक्रोबायोलॉजी के प्रोफेसरों पर गर्व है, जिन्होंने उस कठिन समय में यह कर दिखाया। देश के अग्रणी वैज्ञानिकों, डॉक्टरों और विशेषज्ञों के राष्ट्रीय सम्मेलन "माइक्रोकॉन 2025" के आयोजन पर दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने यह संबोधन दिया। कुलपति ने कहा कि 2023 में रिलीज हुई फिल्म "द वैक्सीन वॉर" का जिक्र करते हुए कहा कि इस फिल्म में दिखाया गया है कि मीडिया में यह नैरेटिव सेट किया गया था कि भारत वैक्सीन नहीं बना सकता, लेकिन हमने इसे कर दिखाया। यह भारत के गर्व की कहानी है। डीयू प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार नई दिल्ली के अशोका होटल में क्लिनिकल माइक्रोबायोलॉजी, संक्रमण नियंत्रण और जनस्वास्थ्य के क्षेत्र में नवीनतम प्रगति पर केंद्रित इस पांच दिवसीय आयोजन का शुभारंभ दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने किया। प्रो. योगेश सिंह ने सार्वजनिक स्वास्थ्य को सशक्त बनाने में माइक्रोबायोलॉजिस्ट्स की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी बल दिया।

## खबर संक्षेप

### निगम ने सभी जोन में 28 प्रॉपर्टी को किया सील

**फरीदाबाद।** नगर निगम द्वारा बकाया प्रॉपर्टी टैक्स जमा न करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई लगातार जारी रही है। निगम की अलग अलग जॉन की टीमों ने गुरुवार को अभियान चलाकर कुल 28 प्रॉपर्टी को सील किया गया है आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने सभी बकायेदार प्रॉपर्टी मालिकों से जल्द से जल्द अपना प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराएं और फरीदाबाद के विकास में सहयोगी बनें।



### सिरफिरे ने छात्रा पर चलाई गोली, गंभीर

**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ थाना सिटी इलाके की श्याम कालोनी में एक सिरफिरे ने छात्रा को गोली मार दी। गनीमत रही कि गोली छात्रा के कंधे पर लगी। गंभीर हालत में उसे पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। युवती पास के ही कोचिंग सेंटर में पढ़ाई के लिए जाती है। सोमवार शाम करीब पांच बजे उसके घर के पास एक युवक ने युवती पर गोली चला दी।



### अवैध निर्माण पर चला जीडीए का चाबुक

**गाजियाबाद।** जीडीए का बुलडोजर सोमवार को शालीमार गार्डन क्षेत्र में चला जहां पर जीडीए कि प्रवर्तन दर में पूरी तरह से कर दिया। प्रभारी प्रवर्तन जोन-08 के नेतृत्व में उप्र नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए भूखण्ड संख्या-एस-499-ए शालीमार गार्डन एक्स0-1 साहिबाबाद पर स्वीकृत मानचित्र से विलचन कर अतिरिक्त तल पर निर्मित कॉलमों व दीवारों के निर्माण को ध्वस्त करते हुए अनुपयोगी श्रेणी में कर दिया गया है। ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के समय स्थानीय निर्माणकर्ताओं द्वारा काफी विरोध किया गया, परन्तु प्राधिकरण पुलिस बल द्वारा उन्हे नियंत्रित कर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही जारी रखी गई।



# हमारी प्राथमिकता अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक सरकार की सेवाएं पहुंचानाः बड़ौली

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली सोमवार को मानेसर स्थित भाजपा कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से संगठनात्मक विषयों एवं आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की। कार्यालय पहुंचने पर गुरुग्राम महानगर भाजपा जिला अध्यक्ष अजीत यादव, एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सत्य प्रकाश जरावता, जिला महामंत्री प्रदीप सैनी, मुकेश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष प्रिंसी चाहर, जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष रीना यादव, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष लोकश शर्मा सहित कार्यकर्ताओं ने बड़ौली का स्वागत किया। इस मौके पर बड़ौली ने कहा कि कार्यकर्ताओं का उत्साह मुझे संगठन और समाज सेवा के कार्यों को और अधिक ऊर्जा के साथ करने की प्रेरणा देता है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता महत्वपूर्ण है, क्योंकि कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़ की हड्डी है। उन्होंने कहा कि मोदी और नायब सरकार की जो भी कल्याणकारी योजनाएं हैं उनको हर व्यक्ति तक पहुंचाना है तथा अधिक से अधिक लोगों को भाजपा सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करना है।

**भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की**



### नारी शक्ति के विकास के लिए सैनी सरकार अनेक योजनाएं चला रही है

बड़ौली ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जनहित में हर रोज निर्णय लेकर जनता की सेवा कर रहे हैं। नारी शक्ति के विकास के लिए नायब सरकार ने अनेक योजनाएं चलाई हुई है। हरियाणा दिवस पर नायब सरकार ने हरियाणा की पात्र महिलाओं को हर महीने दीनदयाल लाड़ो लक्ष्मी योजना के माध्यम से 2100 रुपये की आर्थिक सहायता देकर अपना संकल्प पूरा किया है। उन्होंने कहा कि नायब सरकार ने पेपरलेस रजिस्ट्री प्रणाली की शुरुआत कर पारदर्शी कार्यशैली का प्रमाण दिया है। बड़ौली ने कहा कि पीएम मोदी के मार्गदर्शन और सीएम नायब सैनी के नेतृत्व में हरियाणा में भाजपा सरकार सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि भाजपा सरकार की उपलब्धियों और नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं और लोगों को भाजपा के प्रति प्रेरित करें। बड़ौली ने कहा कि नायब सरकार जन आकांक्षाओं को पूरा कर रही है। विधानसभा चुनाव में भाजपा ने जो भी संकल्प लिए थे उन्हें नायब सरकार एक-एक कर पूरा कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता हमेशा ही अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक सरकार की सेवाएं पहुंचाना है।

### भाजपा सरकार में शोषित हो रहा प्रदेश का किसान: रुपचंद लाम्बा

# इनेलो जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने विरोध जुलूस निकालते हुए जिला उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

भाजपा सरकार द्वारा किसानों को खराब फसलों का मुआवजा नहीं देने, फसलों की एमएसपी पर खरीद न करने, फसल बिजाई के लिए खाद मुहैया न करवाने तथा खेतों जलभराव की निकासी नहीं होने जैसे मुद्दों को लेकर इंडियन नेशनल लोकदल द्वारा सोमवार को प्रदेशभर में जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किए गए। इसी कड़ी में फरीदाबाद में इनेलो जिलाध्यक्ष रुपचंद लाम्बा के नेतृत्व में इनेलो कार्यकर्ता ने विरोध प्रदर्शन निकालते हुए सेक्टर.12 में जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने वालों में वरिष्ठ इनेलो नेता प्रताप सिंह, पृथ्वीराय, देवीलाल चौहान, सुरेश वर्मा, नाहर सिंह धारीवाल, बच्चू तेवतिया, देवेंद्र तेवतिया, महावीर मास्टर दयालपुर, शेर सिंह जल्हाका, बोबी डागर, हिमांशु, बीर सिंह थानेदार, पतराम सूबेदार सहित अनेकों इनेलो नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### उपायुक्त के माध्यम से राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा



तयशुद्धा कार्यक्रमानुसार इनेलो कार्यकर्ता सुबह सेक्टर-11 स्थित जिला कार्यालय पर एकत्रित हुए जहां से विशाल जुलूस के रुप में सेक्टर-12 लघु सचिवालय पहुंचे और वहां जिला उपायुक्त के माध्यम से महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए इनेलो जिलाध्यक्ष रुपचंद लाम्बा ने कहा कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है, खासकर किसानों को सुविधाएं देने में यह सरकार पूरी तरह से असफल साबित हुई है, आज देश का अन्नदाता किसान भुखमरी के कगार पर पहुंच गया है, लेकिन भाजपा सरकार के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही। श्री लाम्बा ने कहा कि हरियाणा का किसान आज सरकार की अनदेखी के चलते बर्बादी की कगार पर आ गया है, सरकार की योजनाएं केवल कागजों पर सिमटी हुई है, जबकि जमीनी स्तर पर किसानों को कोई लाभ नहीं मिल रहा। उन्होंने कहा कि हरियाणा में हुई भारी बरसात और बाढ़ से किसानों की फसलें तबाह हो गई, लेकिन अभी तक किसानों को उन खराब फसलों का मुआवजा तक नहीं मिला है, जो सरकार की नाकामी को उजागर करती है। इनेलो जिलाध्यक्ष रुपचंद लाम्बा ने सरकार को चेताते हुए कहा कि अगर सरकार ने जल्द ही किसानों की समस्याओं को लेकर गंभीर कदम नहीं उठाएं तो फरीदाबाद के साथ-साथ समूचे प्रदेश में इनेलो कार्यकर्ता किसानों के हितों के लिए बड़ा आंदोलन करने से भी गुरेज नही करेंगे।

### भारतीय क्रिकेट टीम को बधाई देते छात्र-छात्राएं

# महिला विश्वकप की जीत पर झूमे प्रशंसक, मनाया जश्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने एकदिवसीय आईसीसी महिला विश्वकप के फाइनल मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शानदार प्रदर्शन की बदौलत जीत दर्ज कर इतिहास रच दिया। जैसे ही विश्वकप में टीम ने जीत दर्ज की, पूरा देश झूम उठा और जीत का जश्न मनाने लगा। साईबर सिटी में भी जमकर जश्न मनाया गया। राम विहार स्थित एक निजी स्कूल की शिक्षक-शिक्षिकाओं व छात्र-छात्राओं ने भारतीय टीम की जीत पर खुशी व्यक्त करते हुए खिलाड़ियों को बधाई दी। सामाजिक संस्था डॉ. राजेंद्र प्रसाद फाउण्डेशन के अध्यक्ष राजेश पटेल का कहना है कि भारतीय बेटियों ने क्रिकेट में पहला विश्वकप जीतकर इतिहास रच दिया है। सभी खिलाडि़यों ने टीम की जीत में अपना अपना योगदान दिया। शैफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा ने भी फाइनल में ऑल राउण्ड प्रदर्शन किया। हमें अपनी भारतीय टीम पर नाज है। इस अवसर पर सोनिया, कृतिका, शिल्पी, रश्मि, सोनम, गुजन, साक्षी, अनुराधा, पूजा, दीक्षा, श्वेता, अनुष्का, काजल, दीपिका, रोशनी, शमाआलम, कुंदन आदि मौजूद रहे।

## 1 मिलियन डॉलर के लिए ब्लूमबर्ग मेयर चैलेंज में निगम ने रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया की पूर्ण

**विश्व की 25 ग्लोबल सिटी में शामिल होने के लिए गाजियाबाद की तैयारी जोरों पर**

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

नगर निगम ने ब्लूमबर्ग मेयर चैलेंज 2025 की कार्यवाही को पूर्ण कर लिया है। नगर निगम में गोबर से पेंट बनाने की कार्यवाही को रफ्तार दी गई। विश्व के टॉप 50 ग्लोबल सिटी में विशाखापट्टनम तथा गाजियाबाद नगर निगम का चयन हुआ। विश्व स्तर पर गाजियाबाद का नाम रोशन हुआ तथा गाजियाबाद नगर निगम को 50 लाख गोबर से पेंट बनाने के प्रोजेक्ट को प्रारंभ करने के लिए प्राप्त हुए।

इस बार विश्व के टॉप 25 सिटी की सूची में शामिल होने के लिए ब्लूमबर्ग फिलैंथ्रोपी न्यूयार्क के पोर्टल पर एक मिलियन डॉलर के लिए एप्लीकेशन फॉर्म सबमिट किया जा चुका है।,सूची में आने पर गाजियाबाद नगर निगम को प्राकृतिक पेंट प्रोजेक्ट के लिए एक मिलियन डॉलर की प्राप्ति होगी। जिसके लिए निगम अधिकारियों द्वारा तैयारी पूर्ण कर ली गई है तेजी से गोबर से बने पेंट प्रोजेक्ट को रफ्तार दी जा रही है।



नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने बताया कि नगर निगम ने गोबर से पेंट बनाने की कार्यवाही को पूर्ण किया गया तथा पेंट को प्रथम चरण में 50 सरकारी स्कूल में इस्तेमाल में लिया जाएगा। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा गोबर से बने हुए पेंट की मार्केटिंग भी की गई तथा दीपावली मेला तथा स्वदेशी मेला में गोबर से बने हुए प्राकृतिक पेंट का स्टाल भी लगाया गया जन-जन को जागरूक किया गया। फाइनल राउंड के लिए ब्लूमबर्ग फिलैंथ्रोपी न्यूयार्क के पोर्टल पर एप्लीकेशन सबमिट की गई है प्राकृतिक पेट की संपूर्ण जानकारी एप्लीकेशन में दी गई है सकारात्मक सोच के साथ और कड़ी मेहनत के साथ गोबर से पेंट बनाने का कार्य पूर्ण करते हुए रिपोर्ट सबमिट की गई है, निर्णय 2026 में आएगा, विश्व के 25 टॉप शहरों में शामिल होने पर गाजियाबाद नगर निगम को 10 करोड़ का लाभ प्राप्त होगा। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा प्राकृतिक पेंट के प्रोजेक्ट को वृहद स्तर पर रफ्तार से बढ़ाया गया है । जनहित में गोबर का इस्तेमाल करते हुए पेट बनाया जा रहा है ।

### दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की

# एमडीयू प्रकरण में गिरफ्तारी न होने से नाराज सफाई कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

एम डी यू रोहतक की महिला सफाई कर्मचारियों के अन्तः वस्त्र जांच मामले में दोषी ए आर एवं अन्य सुपरवाइजर अधिकारियों को गिरफ्तार करने एवं सख्त कार्रवाई करने की मांग को लेकर आज नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर नगर निगम के सैकड़ों सफाई कर्मचारियों सहित अन्य सफाई कर्मचारी एवं वाल्मीकि संगठनों के लोगों ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए उपायुक्त के प्रतिनिधि बड़खल उपमंडल अधिकारी त्रिलोक चंद के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन प्रेषित कर दोषियों के खिलाफ तत्परता से गिरफ्तारी कर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। नगर निगम मुख्यालय बीके चौक पर आयोजित आज के प्रदर्शन की अध्यक्षता नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान दिलीप सिंह बोहत ने की। प्रदर्शन में मुख्य रूप से सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान बलबीर सिंह बालगुहेर, वरिष्ठ प्रधान नंद ढकोलिया, सचिव महेंद्र कुडिया, जिला सचिव अनिल चिंडालिया, सुदेश कुमार प्रेमपाल सिंह, राजवीर, देवी चरण शर्मा, रामरतन कर्दम, देवकी नंदन, परसराम अधाना, अनूप चिंडालिया, प्रदीप सांवरिया, नरेश भगवाना, महिला नेता सुरेश देवी, ललिता सहित दर्जनों नेताओं ने प्रदर्शन को संबोधित किया।




### अपराधियों पर धोखाधड़ी के केस पहले भी दर्ज हैं

# कुख्यात अपराधी तोता समेत तीन गिरफ्तार, हत्या समेत 20 केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

सेक्टर-17 क्राइम ब्रांच ने कुख्यात बदमाश सुनील उर्फ तोता सहित तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। तोता पर हत्या समेत डेढ़ दर्जन से ज्यादा केस दर्ज हैं। वह अपने साथियों को हथियार उपलब्ध कराकर लूटपाट व अन्य वारदात को अंजाम देता था। पुलिस ने आरोपियों से दो पिस्टल, एक देसी कट्टा, सात कारतूस और कार बरामद की है।

आरोपियों को संगठित अपराध की धाराओं में गिरफ्तार किया गया है। सेक्टर-17 क्राइम ब्रांच को रात सूचना मिली कि रात के समय सेक्टर 37 पावर हाउस के पास कुछ बदमाश वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। जिस पर पुलिस टीम ने रेड मारकर तीन बदमाशों को काबू कर लिया। पूछताछ करने पर इनकी पहचान धनवापुर निवासी सुनील उर्फ तोता (44 वर्ष), लाखूवास के संदीप (29 वर्ष) और रोहित उर्फ कालिया के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपियों से दो पिस्टल, एक देसी कट्टा, सात कारतूस और कार बरामद की है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी सुनील उर्फ तोता एक आदतन अपराधी है जो संगठित होकर अवैध हथियार के बल पर मारपीट, लूटपाट इत्यादि अपराधिक वारदातों को अंजाम देता है। आरोपियों के कब्जा से बरामद हुए हथियार आरोपी सुनील उर्फ तोता ने गुरुग्राम से ही अपने एक अन्य साथी से 01 लाख रुपए में खरीदे थे तथा तोता ने ही यह अवैध हथियार उपरोक्त आरोपी संदीप व रोहित को उपलब्ध कराए थे। आरोपी सुनील उर्फ तोता पर हत्या करने, मारपीट करने, जान से मारने का प्रयास, चोरी करने व शस्त्र अधिनियम के तहत कुल 20 केस गुरुग्राम में पहले भी दर्ज हैं। जबकि, आरोपी संदीप पर हत्या करने के तहत एक केस, धोखाधड़ी करने के तहत एक केस शस्त्र अधिनियम के तहत दो केस गुरुग्राम में पहले भी दर्ज हैं।

### उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के नवनियुक्त उपाध्यक्ष का स्वागत

# अगले दो महीनों में शुरू हो जाएगा गाजियाबाद में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का निर्माणः राकेश मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

दिल्ली से सटे गाजियाबाद में अगले दो माह में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। अगले दो साल में यह निर्माण पूर्ण हो जाएगा। इसके बाद क्रिकेट मैच शुरू हो हो जाएंगे। यह जानकारी उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के नवनियुक्त उपाध्यक्ष राकेश मिश्रा ने सोमवार को यहां दी। मिश्रा अपने निर्विरोध चुनाव के बाद गाजियाबाद क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित सम्मान समरोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने भारतीय महिला क्रिकेट टीम को विश्व विजेता बनने पर बधाई दी।




### यूपी की क्रिकेट को बहुंत ऊंचाइयों पर ले जाएंगे

राकेश मिश्रा ने कहा कि अभी तक पिछले कई वर्षों से गाजियाबाद में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण कार्य विभिन्न कारणों से रुका हुआ था लेकिन अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा रुचि लेने के बाद स्टेडियम के निर्माण कार्य में सभी बढ़ाएं लगभग दूर हो गई हैं और अब आगम में दो माह के अंदर क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा उन्होंने कहा कि इसको लेकर जीडीए अधिकारियों के साथ उनकी बैठक हो चुकी है और पूरी योजना पर विचार विमर्श भी हो चुका है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार भी प्रकट किया। इस अवसर पर गाजियाबाद क्रिकेट एसोसिएशन के चैयरमेन उमेश चौपड़ा ने कहा कि यह बहुत ही हर्ष का विषय है कि हमारे जिला गाजियाबाद से पहली बार कोई उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन में किसी महत्वपूर्ण पद पर चुना गया है वह भी निर्विरोध। राकेश मिश्रा जैसे ईमानदार छवि वाले व्यक्ति का इस तरह से चुना जाना पूरी उत्तर प्रदेश क्रिकेट के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है क्योंकि यह बहुत ही कर्मठ , मन से हर कार्य को करने वाले व्यक्ति के रूप में पहचाने जाते हैं। इनके ऊपर उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ने जो जिम्मेदारी सौंप है हमें पूरी उम्मीद है उसमें यह पूरी तरह से कामयाब होंगे एवं उत्तर प्रदेश की क्रिकेट को भारतीय पटल पर बहुत ऊंचाइयों पर ले जाएंगे इस अवसर पर कांग्रेस नेता पवन शर्मा, एसोसिएशन के सचिव मनोज मक्कड़, वरिष्ठ पत्रकार रवि अरोरा, सलामत मियां,आज़ाद खालिद,फरमान अली, शहनवाज,नतिन कौशिक,नितिन, गाजियाबाद क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष धीरेन्द्र चौधरी प्रमुख रूप से शामिल थे।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **परमार राजेश भाई** पुत्र दया राम भाई निवासी वेगाबोंड, हरि नगर, नई दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 340/2022 धारा 420/34 भा.द.स, थाना हरी नगर, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **परमार राजेश भाई** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **परमार राजेश भाई** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 340/2022 धारा 420/34 भा.द.स, थाना हरी नगर, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्त **परमार राजेश भाई** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **24.12.2025** को हाजिर हो।

आदेशानुसारः सुश्री भारती गर्ग,
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–II, (पश्चिम),
कमरा नं. 31,
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/14811/WD/2025

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मोहम्मद सफीक** पुत्र अब्दुल अजीज निवासी सी–104, गली नं. 1, मुल्ला कॉलोनी घरोली एक्सटेंशन, दिल्ली ने ई–प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 30621/19 धारा 379/411/34 भा.द.स., थाना शालीमार बाग, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मोहम्मद सफीक** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मोहम्मद सफीक** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि ई–प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 30621/19 धारा 379/411/34 भा.द.स., थाना शालीमार बाग, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्त **मोहम्मद सफीक** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **04.12.2025** को हाजिर हो।

आदेशानुसारः श्री गौरव कटारिया,
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–07 (उत्तर–पश्चिम)
कमरा नं. 208, द्वितीय तल,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली,

DP/14845/NW/2025

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **श्री चंदन सिंह, पुत्रः श्री जसवंत सिंह, पताः म. नं. डब्ल्यूजेड–220/जे–34बी, विष्णु गार्डन, नई दिल्ली–110018** ने **Ct. Case No. 2134/2017, U/s 138 NI Act, पुलिस थाना राजौरी गार्डन, नई दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **श्री चंदन सिंह** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **श्री चंदन सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **Ct. Case No. 2134/2017, U/s 138 NI Act, पुलिस थाना राजौरी गार्डन, नई दिल्ली** के अभियुक्त **श्री चंदन सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **08.12.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री पूनम सिंह
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (आईएन एक्ट)–04
पश्चिम जिला, कमरा नं. 04, एनेक्स–1
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/14752/WD/2025

## खबर संक्षेप

### 5 साल के बच्चे की कुएं में गिरने से मौत



**आगरा।** आगरा के थाना किरावली के गांव बाकंदा खास में पिता के सामने खेत पर बने कुएं में गिरने से पांच साल के रिहांश की मौत के बाद से परिवार में चीख-पुकार मची है। मां मनोज देवी के आंसू नहीं रुक रहे हैं। वह बार-बार बेटे को पुकार रही हैं। पिता रामगोपाल सिंह का भी हाल बेहाल है। वह भी रोये जा रहे हैं। रविवार को बच्चे के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### चाचा और दादा ने बेटे को पीट-पीटकर मार डाला

**पूर्णिया ।** पूर्णिया जिले में पारिवारिक विवाद ने इतना हिंसक रूप ले लिया कि एक युवक को



अपनी जान गंवानी पड़ी। कसबा थाना क्षेत्र के गढ़बनेली राधानगर गांव में रविवार देर शाम देवर और भाभी के बीच हुए एक मामूली हंसी-मजाक के विवाद ने खूनी मोड़ ले लिया। आरोप है कि मृतक के चाचा और दादा ने मिलकर युवक को बांस और डंडे से पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद के शिकोहाबाद में रविवार देर रात लेन की पुलिया के पास ट्रेन की चपेट में



आने से 18 वर्षीय युवक योगेश उर्फ कल्लू की मौत हो गई। युवक मजदूरी करता था और रात को नगला कासे प्रधान के यहां जा रहा था, तभी यह हादसा हुआ। पुलिस के अनुसार, असुआ गांव निवासी योगेश उर्फ कल्लू (18) रविवार देर रात किसी काम से नगला कासे के प्रधान के पास जा रहा था। देर रात वह लेन की पुलिया के पास ट्रेन की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। योगेश रात को जब वापस नहीं लौटा तो परिजनों को चिंता हुई।

# योगी आदित्यनाथ के स्वागत के लिए मंगवाए गए बुलडोजर, लोगों ने चढ़कर लगाए नारे

रोहन कुमार ने कहा कि योगी आदित्यनाथ का भाषण सुनना बेहद प्रेरणादायक है। पहले उन्हें सिर्फ टीवी पर देखते थे, लेकिन आज उन्हें करीब से देखकर बहुत खुशी हुई। उनके बुलडोजर मॉडल पर चढ़कर फोटो खिंचवाना हमारे लिए यादगार पल है।

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार के मुजफ्फरपुर में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। शहर के क्लब मैदान में आयोजित जनसभा में हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। योगी आदित्यनाथ के संबोधन के दौरान भीड़ में उत्साह का आलम ऐसा था कि कई लोग उनके प्रतीक बन चुके बुलडोजर पर चढ़कर सेल्फी और तस्वीरें खिंचवाने लगे। सभा स्थल पर मौजूद लोगों ने नारे लगाए योगी हैं तो अपराधी खौफ में हैं। लोगों ने कहा कि यूपी की तरह बिहार में भी अपराधियों और माफियाओं पर बुलडोजर चलना चाहिए। स्थानीय निवासी पिंटू कुमार ने कहा कि एम योगी अपराधियों के लिए खौफ का दूसरा नाम हैं। जिस तरह उन्होंने यूपी में कानून-व्यवस्था को मजबूत किया है, वैसा ही नेतृत्व बिहार को भी चाहिए।





### सीएम योगी का भाषण सुनना प्रेरणादायक

वहीं रोहन कुमार ने कहा कि योगी आदित्यनाथ का भाषण सुनना बेहद प्रेरणादायक है। पहले उन्हें सिर्फ टीवी पर देखते थे, लेकिन आज उन्हें करीब से देखकर बहुत खुशी हुई। उनके बुलडोजर मॉडल पर चढ़कर फोटो खिंचवाना हमारे लिए यादगार पल है। सभा में लोगों ने कहा कि देश में दो नेताओं की सभाएं ऐतिहासिक मानी जाती हैं। एक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दूसरे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। लोगों का कहना था कि योगी आदित्यनाथ ने अपराध और माफिया पर जिस तरह नकेल कसी है।

## यूपी में आठ जिलों के यात्रियों को होगा लाभ

# एयरपोर्ट की तरह चमकेगा यूपी का बस अड्डा! बन रहा आधुनिक सुविधाओं से लैस

उत्तर प्रदेश के रायबरेली जिले में नया बस स्टेशन बनने जा रहा है। इससे आठ जिलों के लोगों को सीधा फायदा होगा और यात्रा सुगम होगी। यह आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा, जिससे यात्रियों को आरामदायक अनुभव मिलेगा। कनेक्टिविटी बेहतर होने से समय और धन की बचत होगी।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

रायबरेली के ऊंचाहार में बस स्टेशन निर्माण का रास्ता साफ हो गया है. परिवहन विभाग को ग्राम पट्टी रहस कैथवल में निशुल्क जमीन हस्तांतरित करने का कैबिनेट ने अनुमोदन किया। अब स्टेशन निर्माण प्रक्रिया जल्द शुरू होने की उम्मीद है।

ऊंचाहार में वर्षों से लंबित बस स्टेशन परियोजना को अब जमीन उपलब्ध होने से गति मिलेगी। 9.84 करोड़ की लागत से सवा पांच बीघा में आधुनिक मॉडल बस स्टेशन बनाया जाएगा, जिसमें फूड कोर्ट, मल्टीप्लेक्स और रिटेल आउटलेट जैसी सुविधाएं शामिल होंगी। बस स्टेशन बनने से ऊंचाहार समेत आस-पास के कई जिलों को सीधी परिवहन सुविधा मिलेगी। इससे यात्रा व्यवस्था सुगम होगी और स्थानीय व्यवसायों को बढ़ावा मिलेगा। क्षेत्र में विकास और रोजगार के नए अवसर भी पैदा होने की उम्मीद है।

सेटेलाइट बस स्टैंड का लखनऊ के आलमबाग बस टर्मिनल की तरह किया जाएगा. 18 हजार 982 वर्गमीटर क्षेत्र में निर्माण कार्य होना है। इसमें 35 प्लेटफार्म बनेंगे। पूछताछ कार्यालय, प्रतीक्षालय, कार्यालय आदि होंगे। ऊपरी मंजिलों पर माल, रेस्टोरेंट आदि बनेंगे। एसी फूड कोर्ट के अलावा बैंकिंग की सुविधा भी मिलेगी। चार लिफ्ट होंगी। निर्माण कार्य पूरा होने पर दूसरे चरण का निर्माण कार्य शुरू होगा।

**खास बातें**

- कनेक्टिविटी बेहतर होने से समय और धन की बचत होगी
- सीसीटीवी कैमरों से लैस होगा
- निर्माण की जल्द ही प्रक्रिया शुरू होगी



### यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं मिलेगी

यात्रसूतमिल चौराहा के पास गाजियाबाद हाईवे से लगते इस बस स्टैंड का शुभारंभ 31 अक्टूबर 2018 को तत्कालीन कमिश्नर अजयदीप सिंह ने किया था। बस स्टैंड परिसर में कोई विकास का काम नहीं हुआ है.अभी यहां पर जरा सी बरसात से पूरे परिसर में पानी भर जाता है। यहां से करीब 45 किलोमीटर दूर जेवर हवाई अड्डा बनकर लगभग तैयार हो गया है। इस कारण बस स्टैंड को टर्मिनल के रूप में बनाया जाना है। मल्टी स्टोरी बनने वाले बस अड्डा आने वाले तीन साल में सबसे भव्य आधुनिक बस अड्डा होगा। जिसमें यात्रियों के लिए मॉल, कैफेटेरिया का निर्माण होगा, जिससे यात्रियों को खाने पीने की सुविधा मिल सके। चालक और परिचालक के आराम के लिए एसी वाले कमरों का निर्माण होगा। डिजिटल वर्कशॉप के जरिए गाड़ियों की स्कैंनिंग मरम्मत के लिए विकसित किया जाएगा। अंडरग्राउंड पार्किंग व्यवस्था होगी। एटीएम के लिए दुकानें उपलब्ध होंगी। एसी वाले होंगे यात्रियों के वेटिंग रूम सारसौल बस अड्डे पर फिलहाल यात्रियों के बैठने की जगह भले नहीं है पर आने वाले समय में यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। यात्रियों के वेटिंग रूम में एसी युक्त बनाया जाएगा। जिससे बस स्टेशन पर आने वाल यात्रियों में सर्दियों और गर्मियों के मौसम में सड़क के सहारे नहीं रहना पड़ेगा। साथ ही बस अड्डे पर सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने के लिए आधुनिक इंतजाम किए जाएंगे। जिसके तहत प्रवेश और निकास पर मेटल डिटेक्टर मशीनें लगाई जाएंगी। साथ ही पूरा परिसर सीसीटीवी कैमरों से लैस किया जाएगा। सूतमील स्थित सारसौल बस अड्डा एयरपोर्ट और मॉल के तर्ज विकसित होने जा रहा है। पीपीपी मॉडल में इसे बनाया जाएगा। जल्द ही इसका काम शुरु होगा। तब तक बसों के संचालन के लिए डिपो के बराबर से अस्थाई बस अड्डा बनाया जाएगा।

## मतदाताओं को केवल भरनी होगी मूल जानकारी

# एसआईआर का फार्म भरना होगा आसान, बीएलओ घर-घर पहुंचाएंगे प्रपत्र



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

भारत निर्वाचन आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) अभियान के तहत फार्म भरना काफी आसान बना दिया है। बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) घर-घर जाकर प्रत्येक मतदाता को गणना प्रपत्र उपलब्ध कराएंगे और उसे भरने में सहायता भी करेंगे।

प्रपत्र में मतदाता को जन्म तिथि, आधार संख्या (वैकल्पिक), पिता या अभिभावक का नाम व एपिक नंबर माता का नाम व एपिक नंबर, मोबाइल नंबर जैसी मूल जानकारियां भरनी होंगी। जिनके पास पहले से वोटर आइडी है, वे उसमें दर्ज एपिक नंबर भी लिख सकते हैं। इसके साथ ही एक नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो चिपकानी होगी और नीचे हस्ताक्षर या अंगूठे का निशान लगाना होगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने एसआइआर की प्रक्रिया जारी कर दी है। इसमें बताया गया है कि यदि किसी मतदाता का नाम वर्ष 2003 में हुई एसआइआर की मतदाता सूची में है तो उससे जुड़ी जानकारी भी उसी प्रपत्र में भरनी होगी ताकि पुराना रिकार्ड लिंक किया जा सके।

पूरा प्रपत्र भरने के बाद मतदाता को इसे बीएलओ को जमा करना होगा, जो इसकी जांच कर हस्ताक्षरित एक प्रति मतदाता को देंगे। आयोग ने एक बार फिर स्पष्ट किया है कि गणना प्रपत्र भरने के दौरान मतदाताओं को किसी प्रकार के दस्तावेज देने की आवश्यकता नहीं है। आयोग ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे गणना अवधि के दौरान सही-सही जानकारी भरें और समय से अपने प्रपत्र बीएलओ को उपलब्ध करा दें, ताकि उनका नाम बिना त्रुटि के मतदाता सूची में शामिल किया जा सके। स्वयं का नाम वर्ष 2003 की मतदाता सूची में न होने की स्थिति में अपने संबंधी का नाम यदि उसमें है तो उसका विवरण भी स्वयं या फिर बीएलओ की सहायता से गणना प्रपत्र पर भरा जा सकता है।

## पेज एक का शेष

### भारत के पड़ोस में चोरी...

अमेरिका ही क्यों न करे टेस्टः ट्रंप ने साक्षात्कार में कहा कि चीन, पाकिस्तान, रूस या उत्तर-कोरिया परमाणु परीक्षण कर रहे हैं। लेकिन वो इनके बारे में कोई बात नहीं करते हैं। वहां कोई मीडिया नहीं है जो जाएं और खबरें लिखें। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि वे सौ फीसदी परीक्षण कर रहे हैं। पाकिस्तान भी ऐसा कर रहा है, उत्तर-कोरिया परमाणु परीक्षणों में जुटा हुआ है। ऐसे में मैं नहीं चाहता कि अमेरिका ही दुनिया में एकमात्र ऐसा देश क्यों बने जो परीक्षण नहीं कर रहा है? उन्होंने कहा कि हम भी परमाणु परीक्षण करने जा रहे हैं। जिस तरह से ये सभी बाकी देश कर रहे हैं। यह देश ताकतवर हैं, लेकिन दुनिया बहुत बड़ी है। जहां परीक्षण होते हैं जरूरी नहीं आपको उन जगहों के बारे में पता हो। भूमिगत परीक्षणों की वजह से लोग उनके बारे में पता नहीं लगा सकते हैं कि जमीन के अंदर क्या चल रहा है। आप केवल कुछ उच्च-आवृत्ति वाली भूमिगत तरंगों को ही महसूस कर सकते हैं। ट्रंप के ऊर्जा सचिव क्रिस राइट ने हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति के परमाणु परीक्षण करने के बयान को एक प्रकार से खारिज करते हुए कहा कि उन्होंने सिर्फ इतना ही कहा था कि भविष्य में अमेरिका कुछ सिस्टम का परीक्षण करेगा ना कि परमाणु हथियारों का परीक्षण करेगा।

**दुनिया में 1992 से बंद हैं परीक्षण :** दुनिया में केवल उत्तर-कोरिया ऐसा देश रहा है। जो आज तक खुलेआम परमाणु हथियारों का परीक्षण करता आया है। जबकि बाकी देशों में रूस, चीन ने 1990 और 1996 के बाद से कोई परमाणु परीक्षण नहीं किया है। अमेरिका ने भी इन परीक्षणों पर 1992 से रोक लगाई हुई है। इसके अलावा भारत ने 1998 के बाद से कोई परमाणु परीक्षण नहीं किया है। अमेरिका 1996 से व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि का एक हस्ताक्षरकर्ता देश भी है। यह संधि सभी प्रकार के परमाणु परीक्षणों पर रोक लगाती है। जिसमें सैन्य और असैन्य दोनों तरह के परीक्षण शामिल हैं। बताते चलें की सिपरी की रिपोर्ट के मुताबिक, 2025 तक भारत के पास कुल करीब 180 परमाणु हथियार हैं, चीन के पास 600 (2030 तक 1 हजार करने का लक्ष्य) और पाकिस्तान के पास 170 परमाणु हथियार हैं।

### कहा- भारत के पास...

दुनिया में उल्लेखनीय प्रगति हासिल की। उन्होंने भारतीय वैज्ञानिकों द्वारा भारत के सबसे भारी संचार उपग्रह के सफल प्रक्षेपण का उल्लेख करते हुए इस मिशन में शामिल सभी वैज्ञानिकों और इसरो को हार्दिक बधाई दी।

**10000 अटल टिंकरिंग लैब स्थापित किए :** पीएम ने कहा कि भारत जितने अधिक प्रतिभाशाली युवाओं को विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार की ओर अग्रसर कर सकेगा, राष्ट्र के लिए उतना ही बेहतर होगा। इसी दृष्टिकोण के अनुरूप देश भर में लगभग 10,000 अटल टिंकरिंग लैब स्थापित की गई हैं जहां एक करोड़ से अधिक बच्चे जिज्ञासा और रचनात्मकता के साथ प्रयोग कर रहे हैं। उन्होंने घोषणा की कि इन लैब की सफलता से प्रोत्साहित होकर, 25,000 नई अटल टिंकरिंग लैब स्थापित की जाएंगी। सैकड़ों नए विश्वविद्यालय स्थापित किए गए हैं जिनमें सात नए आईआईटी और सोलह आईआईआईटी शामिल हैं।

### आतंकवाद से मिलकर...

इसका मुकाबला करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई। साथ ही दोनों पक्षों ने 22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में किए गए आतंकी हमले की भी जोरदार अंदाज निंदा की और इस हमले में मारे गए लोगों व उनके परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट की हैं। दोनों आतंकवाद के खतरे से मुकाबला करने के लिए द्विपक्षीय और बहुआयामी स्तर पर भी सहयोग बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जिसमें खुफिया जानकारी के आदान-प्रदान, क्षमता विकास और साइबर सुरक्षा मुख्य हैं। आयोग की छठी बैठक बहरीन में होना तय किया गया है, जिसके लिए कूटनीतिक माध्यमों के जरिए तारीख तय की जाएगी।

**सीईपीए पर होगा चर्चा का आगाज :** बैठक के बाद सामने आए संयुक्त बयान के मुताबिक, दोनों देशों ने गाजा की स्थिति के संदर्भ में मौजूदा सकारात्मक घटनाक्रम का स्वागत किया। जो मध्य-पूर्व में बने हुए भू-राजनीतिक तनाव में कमी लाने में मदद करेगा। साथ ही सभी पक्षों द्वारा राष्ट्रपति ट्रंप की गाजा शांति योजना में बताई गई शर्तों के क्रियान्वयन पर भी जोर दिया गया। बैठक में दोनों पक्षों ने व्यापार, आर्थिक और वाणिज्य के क्षेत्र में हुई प्रगति का स्वागत किया। द्विपक्षीय व्यापार में हुई तीव्र प्रगति को भी सराहा गया। जो वर्ष 2024-25 में 1.64 बिलियन डॉलर तक जा पहुंचा है। भारत, बहरीन के टॉप फाइव व्यापारिक भागीदारों में शुमार है। बीते वक्त में दोनों देशों के बीच चौथे संयुक्त आयोग की बैठक में व्यापार और निवेश पर संयुक्त कार्य समूह के गठन को लेकर बनी सहमति के मामले में हुई प्रगति का विषय भी वार्ता में शामिल किया गया। इसके अलावा भारत और बहरीन के बीच एक व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) को लेकर बातचीत की शुरुआत करने की भी घोषणा की गई है। जिससे दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश को और अधिक बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। द्विपक्षीय निवेश संधि को लेकर जारी मौजूदा चर्चा में हुई प्रगति का भी दोनों विदेश मंत्रियों ने स्वागत किया। दोहरे कराधान से बचाव समझौते (डीटीएए) पर संवाद की शुरुआत करने का फैसला बैठक के दौरान लिया गया।

**इन मुद्दों पर भी हुई चर्चा :** दोनों पक्षों ने बैठक में सैन्य-सामरिक सहयोग बढ़ाने के मामले पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। पिछले अक्टूबर महीने में भारतीय नौसेना के तीन जंगी जहाजों द्वारा की गई बहरीन की यात्रा को लेकर दोनों देशों ने रक्षा-सामरिक साझेदारी को और आगे बढ़ाने को लेकर रजामंदी दी है। वार्ता में रक्षा, सुरक्षा, आर्थिक, व्यापार, निवेश, कस्टम, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य, फिनटेक, साइबर, इंफ्रास्ट्रक्चर, नवीकरणीय ऊर्जा, संस्कृति और लोगों के बीच आपसी संबंध जैसे विषयों पर बातचीत की गई। भारत ने बहरीन को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में वर्ष-2026 से 2027 तक अस्थायी सीट के लिए चुने जाने के लिए बधाई दी है।

### यूरिया खपत में तेजी...

आयेगी। हालाँकि खेतों में ज़्यादा यूरिया का इस्तेमाल मिट्टी की उर्वर क्षमता का तेजी से ह्रास करता है इसलिए जैविक खेती को भी बढ़ावा देने के लिए किसानों को लगातार जागरूक करने के कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। तेज़ खपत की मुख्य वजहों में बेहतर मानसून और यूरिया की बेहद सस्ती कीमत शामिल है। यूरिया की अधिकतम खुदरा कीमत (एमआरपी) जनवरी 2015 से 5,628 रुपये प्रति टन पर स्थिर है, जबकि अन्य उर्वरकों जैसे डीएपी की कीमत 27,000 प्रति टन तक पहुंच चुकी है। सस्ते यूरिया के चलते किसान इसका अत्यधिक उपयोग कर रहे हैं, जिससे हर साल एक नई यूरिया फैक्ट्री की क्षमता के बराबर अतिरिक्त मांग बढ़ रही है। पिछले साल (2024-25) देश में यूरिया की खपत 38.8 मिलियन टन रही थी और इस साल यह 40 मिलियन टन के पार जा सकती है। वहीं, घरेलू उत्पादन 2024-25 में घटकर 30.6 मिलियन टन रह गया। कुछ निजी क्षेत्र की इकाइयों, खासकर काकीनाडा और पनकी संयंत्र, के बंद होने से उत्पादन क्षमता और प्रभावित हुई है। हालांकि, उर्वरक विभाग ने यूरिया की कमी की आशंकाओं को खारिज किया है और कहा है कि सरकार ने खरीफ 2025 के दौरान देशभर में पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की। विभाग के अनुसार, खरीफ सीजन में जहां कृषि मंत्रालय ने 185.39 लाख मीट्रिक टन की मांग आंकी थी, वहीं सरकार ने 230.53 लाख मीट्रिक टन की आपूर्ति सुनिश्चित की। इससे यह स्पष्ट है कि किसानों को यूरिया की कोई कमी नहीं झेलनी पड़ी। एक उच्च पदस्थ अधिकारी ने बताया कि अप्रैल-अक्टूबर 2025 के दौरान भारत ने 58.62 लाख मीट्रिक टन कृषि-ग्रेड यूरिया आयात किया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के मुकाबले दोगुना से अधिक है। इससे न केवल खरीफ की बढ़ी हुई मांग पूरी हुई बल्कि रबी सीजन के लिए पर्याप्त भंडार भी तैयार हुआ। अक्टूबर 2025 के अंत तक देश में यूरिया का कुल स्टॉक 68.85 लाख मीट्रिक टन पहुंच गया, जो अक्टूबर की शुरुआत के 48.64 लाख मीट्रिक टन से लगभग 20 लाख मीट्रिक टन अधिक है।आंकड़े इस बात की गवाही दे रहे हैं कि अक्टूबर 2025 में यूरिया का घरेलू उत्पादन 26.88 लाख मीट्रिक टन तक पहुंचा, जो पिछले वर्ष से अधिक है। साथ ही, नवंबर और दिसंबर के लिए करीब 17.5 लाख मीट्रिक टन आयात पहले से तय हैं।देश में आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिए असम के नमरूप और ओडिशा के तलचर में दो नए यूरिया संयंत्रों पर काम जारी है, जिनकी वार्षिक उत्पादन क्षमता 12.7 लाख मीट्रिक टन प्रत्येक होगी। सरकार का कहना है कि यूरिया की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ-साथ इसके दुरुपयोग, जमाखोरी और तस्करी पर रोक लगाने के लिए राज्यों को सतर्क किया गया है। कृषि अधिकारियों को वितरण व्यवस्था बेहतर बनाने और किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए गए हैं। फिलहाल यह स्पष्ट है कि जहां एक ओर यूरिया की खपत रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच रही है, वहीं सरकार ने आपूर्ति श्रृंखला, आयात और उत्पादन के ज़रिये स्थिति पर नियंत्रण बनाए रखने का दावा किया है।

### शहीदी दिवस पर 25...

गीता महोत्सव में भी शामिल होंगे। धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र में 15 नवंबर से शुरू होने वाला 10वां अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 5 दिसंबर तक चलेगा। पहली बार यह महोत्सव 21 दिन तक चलेगा। मुख्यमंत्री सोमवार को हरियाणा निवास चंडीगढ़ में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में संस्कृति, ज्ञान और आध्यात्मिकता का अलग ही संगम देखने को मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र 48 कोस की परिधि में फैला है। इस क्षेत्र में अनेक तीर्थ हैं। कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड द्वारा 182 तीर्थों की पहचान की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि आज गीता महोत्सव ने अंतर्राष्ट्रीय पहचान बना ली है। गीता महोत्सव का आयोजन मॉरीशस,लंदन, यूके, कनाडा, आस्ट्रेलिया, श्रीलंका एवं इंडोनेशिया में आयोजित किया जा चुका है। गीता की जन्मस्थली धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र में हर साल अन्तर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। इसलिए हर साल प्रबंध भी व्यापक स्तर पर किये जाते हैं। उन्होंनें कहा कि इस बार के अन्तर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में मध्यप्रदेश सहयोगी राज्य की भूमिका में रहेगा। मध्यप्रदेश अपनी समृद्ध धार्मिक व आध्यात्मिक संस्कृति के लिए विख्यात है। ऐसे महान सांस्कृतिक परंपराओं वाले राज्य का अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में सहयोगी राज्य बनने से इस महोत्सव की गरिमा और गौरव कई गुणा बढ़ गए हैं। मध्यप्रदेश द्वारा ब्रह्मसरोवर पर स्थित पुरुषोत्तम पुरा बाग में सांस्कृतिक पैवेलियन बनाया जा रहा है। जहां मध्य प्रदेश की संस्कृति से परिचित होने का मौका मिलेगा। सैनी ने बताया कि 24 नवम्बर को ब्रह्मसरोवर पर गीता यज्ञ एवं पूजन के साथ अन्तर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का विधिवत शुभारंभ होगा और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय गीता संगोष्ठी का शुभारम्भ भी किया जाएगा। इसके साथ ही भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय गीता संगोष्ठी में 16 देशों के 25 विद्वानों की उपस्थिति रहेगी। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्रालय के माध्यम से 51 देशों में गीता महोत्सव के कार्यक्रम भी आयोजित होंगे, जिनका लाइव प्रसारण रहेगा। फिजी और त्रिनिदाद एवं टोबेगो से 20 पंडित 2 दिन के लिए कुरुक्षेत्र आ रहे हैं,जोकि महोत्सव के दौरान आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। इसके अलावा 15 नवम्बर से 5 दिसम्बर तक ब्रह्म सरोवर के पावन तट पर भव्य गीता महा आरती का आयोजन किया जाएगा। साथ ही 25 नवम्बर से 1 दिसम्बर तक 48 कोस कुरुक्षेत्र भूमि के तीर्थों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। 1 दिसंबर को ज्योतिसर तीर्थ पर गीता यज्ञ, गीता पाठ एवं भागवत कथा का आयोजन होगा। उसी दिन थीम पार्क, कुरुक्षेत्र में 18 हजार विद्यार्थियों द्वारा गीता का वैश्विक पाठ किया जाएगा। इसमें देश-विदेश से लाखों गीता प्रेमी एवं श्रद्धालु ऑनलाइन भी जुड़ेंगे।

### कार को टक्कर ....

टकराकर क्षतिग्रस्त हो गईं और सड़क पर चीख-पुकार मच गई। पुलिस के अनुसार हादसा दोपहर करीब 1 बजे हुआ, जब डंपर खाली अवस्था में हाईवे पर चढ़ने की कोशिश में था। तभी अचानक उसका ब्रेक फेल हो गया और वह बेकाबू होकर सड़क पर चल रहे वाहनों और राहगीरों को कुचलता चला गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि डंपर के सामने जो आया उसको रौंदते चला गया। ड्राइवर शराब पिए हुआ था। अन्य प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि डंपर चालक एक से 5 किलोमीटर तक जो मिला, उसे कुचलता चला गया।

### घायल सड़क पर....

लोगों ने तत्काल एंबुलेंस और पुलिस को सूचना दी। इसके बाद घायलों को पास के कांवटिया अस्पताल भेजा गया, जहां से तीन गंभीर घायलों को एसएमएस अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया। मृतकों के शवों को कांवटिया हॉस्पिटल की मॉर्चरी में रखवाया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कई वाहनों के अंदर लोग फंसे हुए थे, जिन्हें कटिंग मशीनों की मदद से बाहर निकाला गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि डंपर चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### बस-ट्रक की...

दिया। मरने वालों में 13 महिलाएं और दस माह की बच्ची शामिल हैं, जबकि 22 अन्य घायल हैं। तेलंगाना सरकार ने इस घटना की जांच का आदेश दिया है। मृतकों के परिजनों को कुल सात लाख रुपए और घायलों को दो लाख रुपए का मुआवजा देने की घोषणा की है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने भी घोषणा की कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से मृतकों के निकटतम स्वजन को 2 लाख रुपए और घायलों को 50 हजार रुपए दिए जाएंगे।

### अब दिग्विजय सिंह ने...

विधायक ने कहा कि दिग्विजय को हमेशा उन्हीं लोगों की चिंता रहती है जो देश के खिलाफ काम करते हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि दिग्विजय को कभी हिंदुस्तान और हिंदुस्तानियों की चिंता क्यों नहीं होती।

### धार के धामनोद के बेटे...

सीए फाउंडेशनःओवरऑल पास प्रतिशत 14.78 प्रतिशतः सीए फाउंडेशन सितंबर 2025 परीक्षा में कुल 98,827 उम्मीदवार शामिल हुए थे, जिनमें से 14,609 पास हुए, ओवरऑल पास प्रतिशत 14.78 प्रतिशत रहा। सीए एग्जाम देने वाले 51,120 पुरुषों में से 8,046 (15.74%) पास हुए हैं। वहीं, 47,707 महिला उम्मीदवारों में से 6,563 (13.76%) पास हुई हैं। सितंबर सत्र में 2.5 लाख से ज्यादा उम्मीदवार शामिल हुए थे।

**धामनोद के लिए गर्व...माता-पिता के छलके खुशी के आंसू :** धामनोद / धार। धार जिले के छोटे से कस्बे धामनोद से एक बड़ी और गर्व से भर देने वाली खबर है। युवा मुकुंद आगीवाल ने चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) की अखिल भारतीय परीक्षा में पहला स्थान हासिल कर इतिहास रच दिया है। मुकुंद ने न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे धार जिले और मध्यप्रदेश का नाम देशभर में रोशन किया है। धामनोद के स्टेशनरी व्यवसायी पवन आगीवाल के सुपुत्र मुकुंद की यह उपलब्धि पूरे नगर के लिए गर्व का क्षण है। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही परिजनों की आंखें खुशी से नम हो गईं। घर पर बधाइयों का तांता लग गया.. रिश्तेदारों, शिक्षकों और नगरवासियों ने मुकुंद को फूलों से लाद दिया। मुकुंद ने बताया कि उनके पिता का सपना था कि बेटा चार्टर्ड अकाउंटेंट बने।उन्होंने उस सपने को साकार करने के लिए दिन-रात मेहनत की। पहले सीए इंटर परीक्षा में उन्होंने ऑल इंडिया 24वीं रैंक प्राप्त की थी और अब फाइनल परीक्षा में देश में प्रथम स्थान हासिल कर दिखाया कि मेहनत और लगन से कुछ भी संभव है। मुकुंद ने बताया कि.. प्रतिभा केवल बड़े शहरों में नहीं, छोटे कस्बों में भी होती है। अगर लक्ष्य स्पष्ट हो और मन लगाकर मेहनत की जाए, तो सफलता निश्चित है। उन्होंने कहा कि वे आगे चलकर पहले अनुभव प्राप्त करना चाहते हैं और फिर अपने ही शहर धामनोद में नई दिशा में कार्य शुरू करने की योजना है। मुकुंद ने अपनी प्राथमिक शिक्षा गुरुकुल स्कूल धामनोद से प्राप्त की थी। 10वीं में 95% और 12वीं में 96% अंकों के साथ वे हमेशा टॉपर रहे। उनकी इस उपलब्धि पर पूरे धामनोद नगर में खुशी की लहर दौड़ गई है।



# अपनी कामयाबी को ऐसे रखिए कायम

कामयाब होना तो कठिन है ही, अपनी कामयाबी को संभाले रखना, इसे नई ऊंचाई देना और भी कठिन काम है। कामयाबी पर हम कैसे टिके रहें, नए-नए सोपान तय करें, इसके लिए प्रोफेशनल फ्रंट पर हम किन विशेष बातों को ध्यान में रखें, इसके लिए अपनी सोच कैसी रखें, आपके लिए बहुत जरूरी सलाह।

कवर स्टोरी
डॉ. मोनिका शर्मा

कामयाबी ऐसे ही किसी को आसानी से नहीं मिल जाती। इसे पाने की यात्रा का संघर्ष बहुत मुश्किल होता है। इससे कहीं ज्यादा कठिन होता है, हासिल की गई कामयाबी को बनाए रखना, मेहनत के साथ मिली कामयाबी पर टिके रहना, प्रोफेशनल फ्रंट पर खुद को निरंतर संवारते रहना, साथ ही व्यक्तिगत फ्रंट पर सहज बने रहना। असल में सफलता को पाना और सफल होने पर इसे संभालना, दोनों ही बहुत मुश्किल काम हैं। अपनी कामयाबी को अहंकार और असहयोगी रवैये के कारण खो देने वाले लोगों के उदाहरण हर फील्ड में मिल जाएंगे। बहुत से चर्चित और सफल लोग, लंबे संघर्ष के बाद पाई कामयाबी को छोटी-छोटी गलतियों के चलते गंवा देते हैं। उनसे सबक लेना और समय रहते संभलना भी एक स्किल ही है। ऊंचाइयों पर पहुंचने के बाद भी सजगता और सहजता से जीवन जीते हुए किन बातों का ध्यान रखकर अपनी कामयाबी को कायम रखें, जानिए-

## ग्रेटिट्यूड का भाव

ग्रेटिट्यूड यानी कृतज्ञता का भाव सफलता को और सार्थक, और टिकाऊ बनाता है। इसीलिए अपनी कामयाबी का उत्सव मनाते हुए इस यात्रा में सहयोगी रहे लोगों को कभी न भूलें। जब भी, जैसे रूप में भी संभव हो, उन लोगों को जैसे माता-पिता, मित्र, शिक्षक या सहकर्मी को धन्यवाद कहें। इनके प्रति आभार जताना कभी न भूलें। आमतौर पर सफलता पाने के बाद लोग आत्मकेंद्रित हो जाते हैं, जबकि जीवन को तो सांप-सीढ़ी के खेल जैसा माना जाता है, कभी ऊंचाइयों का दौर, तो कभी नाकामयाबी का समय। परिस्थितियां बदलती रहती हैं। ऐसे में अपने अच्छे वक्त में भी दूसरों के साथ अच्छे बने रहें, सकारात्मक बर्ताव करें। कम से कम, किसी को कमतर समझने की गलती तो बिल्कुल भी न करें।

## सहयोगी सोच है जरूरी

सफलता पाने के बाद भी अच्छे आचरण की अहमियत खत्म नहीं हो जाती। सच तो यह है कि अपनी सफलता को बनाए रखने के लिए अपने व्यवहार में सकारात्मकता और सहयोगी भाव और जरूरी हो जाते हैं। इसीलिए अपने आत्मविश्वास को अति-आत्मविश्वास में कभी न बदलने दें। दूसरों की भावनाओं का सम्मान करने का ट्रेंड हमेशा रहा है और रहेगा। सफल होने का मतलब अपनी कमजोरियों को भूल जाना नहीं होता, न ही दूसरों की काबिलियत की अनदेखी करने से आपकी कामयाबी कुछ विशेष हो जाती है। कोशिश कीजिए, आप संघर्ष कर रहे किसी अपने-पराए के मददगार बनें। आगे बढ़ने, बेहतर बनने में किसी का मार्गदर्शन करें। ऐसा करने से आप खुद भी कुछ नया सीखेंगी। कभी-कभी साझा लक्ष्य पर काम करने की यह रणनीति आपको और नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। किसी को दिया जा रहा सहयोग, आपके किसी समाधान का मार्ग भी निकाल सकता है। देखा जाए तो प्रगति के पथ पर आगे बढ़ते हुए अपने ही परिवेश को कुछ लौटाने जैसा है। इसीलिए कहा जाता है, सहयोग से पूरे समाज की उन्नति होती है। सहयोगी व्यवहार से न केवल जुड़ाव और अपनापन बढ़ता है, बल्कि प्रोफेशनल संसार के संबंधों को मजबूती भी मिलती है।

### आत्म-जागरूकता और सहजता जरूरी

किसी क्षेत्र विशेष में सफल होने का अर्थ यह नहीं कि आप अपने आप में पूर्ण या संपूर्ण हो गई हैं। साथ ही यह भी नहीं सोचना चाहिए कि अब सारी परीक्षाएं खत्म हो गई हैं। जिंदगी



समय-समय पर इम्तिहान लेती रहती है। किसी न किसी रूप में उलझनें सामने आती रहती हैं। इस पड़ाव पर आत्म-जागरूकता और सहजता आवश्यक है। अहंकार से दूरी रखना जरूरी है। मनोवैज्ञानिक विश्लेषणों में भी सामने आया है कि अहंकार सफलता का एक स्वाभाविक परिणाम नहीं है। कामयाबी के गुरूर से इंसान का बदलता व्यवहार ही ईगो की ओर धकेलता है। वहीं, सफलता के दौर में सहज और विनम्र रहने वाले इंसान का मन सदा ग्रेटिट्यूड के भाव से भरा रहता है।

## बुरी आदतों से बचें

कामयाबी के दौर में बुरी आदतों के घेरे में आकर खुद को खो देने वाले लोगों के बहुत से उदाहरण मिलते हैं। इसीलिए सफलता को कोई सनक न बनाएं। खुद को खास दिखाने के लिए अजब-गजब आदतों के जाल में न फंसें, प्रोक्रास्टिनेशन यानी अपने काम को टालते रहना हो या दिनचर्या बिगाड़ लेना, किसी तरह की लत का शिकार होना हो या अपने आपको दिखावे की लाइफस्टाइल में उलझा लेना, ऐसी हर बात से बचिए, जो आपको दिशाहीन करती है। याद रखिए कि



अपनी सफलता को जीना अलग बात है और उसका सिर चढ़ जाना अलग। इस अंतर को समझते हुए खुद को संवारते रहना ही कामयाबी को टिकाऊ बनाता है। संघर्ष का समय बीतने के बाद भी सफलता पाने वाले लोग अनुशासित जीवन जीते हैं और आत्म-निरीक्षण को प्राथमिकता देते हैं।



घर की तमाम जिम्मेदारियों को निभाते हुए हाउस वाइव्स का खुद के लिए यानी मी टाइम निकालना जरूरी है। इससे वे अपने को रिचार्ज महसूस करेंगी, उन्हें कभी स्ट्रेस नहीं होगा। लेकिन मी टाइम के लिए वर्क मैनेजमेंट का हुनर जरूरी है।

# बिजी लाइफ में भी खुद के लिए निकालें मी टाइम

एडवाइस
शीला श्रीवास्तव

हाउस वाइव्स की अकसर यह शिकायत रहती है कि वे खुद के लिए समय ही नहीं निकाल पातीं। वाकई रुटीन मैनेजमेंट उनके लिए एक चैलेंज की तरह होता है। उन्हें बच्चों के स्कूल, ट्यूशन, ऑनलाइन क्लासेस, हसबैंड के ऑफिस और घर के बड़े-बुजुर्गों की देखभाल के बीच अपने लिए समय नहीं मिल पाता। अपने लिए समय निकालना कितना जरूरी है, इस पर वे कुछ सोचती नहीं हैं। लेकिन अपने लिए समय ना निकालने की वजह से हाउस वाइव्स स्ट्रेस में आ जाती हैं। नतीजतन उन्हें छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा आता है, जो आगे चलकर शारीरिक और मानसिक रोगों का कारण बनता है। सवाल यह है कि हाउस वाइव्स खुद के लिए मी टाइम कैसे निकालें-

**जरूरी है मी टाइम:** तमाम जिम्मेदारियों के बीच खुद के लिए समय निकालना 'मी टाइम' है। स्ट्रेस फ्री रहने के लिए यह बहुत जरूरी है। मी टाइम ब्रेन को रिचार्ज करता है। भले ही मी टाइम एक घंटे का हो, लेकिन होना जरूर चाहिए। इस समय आप बस अपने लिए जिएं, खुद को खुशी देने वाले काम करें। एक बार मी टाइम पर फोकस करके देखिए, आप खुद को तरोताजा महसूस करेंगी। इतना ही नहीं, आप जीवन के अलग-अलग पहलुओं पर गहराई से सोच सकेंगी। खुद को बेहतर समझ पाएंगी और अपनी कमजोरियों और खूबियों पर मंथन कर सकेंगी। साथ ही आप अपने रिश्ते को और बेहतर बनाने पर विचार कर पाएंगी।

**पा सकती हैं खोई हुई एनर्जी:** मी टाइम से आप अपनी खोई हुई एनर्जी वापस पा सकतीं हैं। मी टाइम निकालने के लिए सबसे जरूरी है कि पहले वर्क मैनेजमेंट करें, क्योंकि आप अपने घर के कार्यों को व्यवस्थित कर पाएंगी तो आपके लिए मी टाइम निकालना आसान हो जाएगा। वर्क मैनेजमेंट सही करने के लिए कुछ बातों पर ध्यान देना होगा।

**खुद को दें प्रॉयोरिटी:** आपके परिवार में किसी को भी कोई जरूरत हो तो वह आपके पास आते हैं। ऐसे में गृहिणियों के लिए तनाव रहित रहना बेहद जरूरी है, क्योंकि अगर आपका स्वभाव चिड़चिड़ा होगा तो आप चाहकर भी किसी की पूरे मन से मदद नहीं कर पाएंगी। इसलिए खुद को प्रॉयोरिटी दें। अपनी पसंद की चीजों पर ध्यान दें। खुद के साथ क्वालिटी टाइम बिताएं। खुद के पसंद की म्यूजिक सुनें, डांस करें या फिर खुद के पसंद के अन्य काम करें।

### अपना टाइम टेबल बनाएं



मी टाइम निकालने के लिए सबसे पहले आप अपने घर के कार्यों का समय तय करें। इसके लिए जरूरी है कि आप टाइम टेबल बनाएं और हर काम का समय तय करें। टाइम टेबल के हिसाब से किया गया काम हमेशा समय से होता है, इससे आप आसानी से समय निकाल कर अपनी रुचि के काम कर सकती हैं।

**लाइफस्टाइल में बदलाव:** सुबह उठने की आदत डालनी होगी। अगर आप देरी से उठेंगी तो घर का काम भी देरी से शुरू होगा और आपका सारा दिन झुंझलाहट में बीतेगा। खुद के लिए वक्त निकालना मुश्किल होगा।

**सोशल मीडिया पर ज्यादा बिजी न रहें:** अकसर देखा गया है कि महिलाएं सुबह से ही सोशल मीडिया पर कमेंट और लाइक्स देखने और उसका जबाव देने में बिजी हो जाती हैं, जिससे उन्हें समय का पता ही नहीं चलता। सोशल मीडिया पर एक्टिव होने के लिए आप एक समय तय करें, ताकि आप काम के स्ट्रेस से भी दूर रहें और मी टाइम निकाल सकें।

**घर के लोगों से लें मदद:** महिलाओं की यह आदत होती है कि हर काम अकेले ही करना चाहती हैं, जो ठीक नहीं है। घर के अन्य सदस्यों से थोड़ी-थोड़ी मदद लें। बच्चों से आप उनका कमरा ठीक करने, अलमारी और किताबें ठीक करने के लिए कहें। इससे वे खुद भी व्यवस्थित व अनुशासित बनेंगे। इससे आप अकेली पर काम का सारा बोझ नहीं पड़ेगा।

स्पेशल : इंफेंट प्रोटेक्शन-डे, 7 नवंबर

शिशु देखभाल की समझ बढ़ाने, बाल मृत्यु दर में कमी लाने और नवजात बच्चों की देखभाल से जुड़ी सर्विसेज के बारे में अवेयरनेस बढ़ाने के लिए हर साल 7 नवंबर को इंफेंट प्रोटेक्शन-डे मनाया जाता है। न्यू बॉर्न बेबी की देख-भाल के लिए किन बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए, जानिए।

# न्यू बॉर्न बेबी सजगता से हो देख-भाल

लालन-पालन
चैतन्या



बच्चे के जन्म के बाद कुछ दिनों तक न केवल न्यू बॉर्न बेबी की विशेष देखभाल की जरूरत होती है बल्कि बहुत सी छोटी-छोटी बातों को लेकर सजगता बरतना भी जरूरी है। हमारे यहां नवजात यानी न्यू बॉर्न बेबीज की सुरक्षा के मामले में आज भी अवेयरनेस की कमी देखी जाती है। असल में नवजात बच्चों की मेडिकल केयर के साथ ही, अपनों की स्नेह भरी देख-भाल, स्वच्छता, स्तनपान और वैक्सीनेशन जैसी बातों को लेकर जागरुकता होनी जरूरी है।


**किसे कहते हैं न्यू बॉर्न बेबी:** आम बोलचाल की भाषा में कुछ घंटों, दिनों या एक महीने तक के बच्चे को न्यू बॉर्न बेबी यानी नवजात शिशु कहते हैं। वैसे जन्म से लेकर एक साल की उम्र नवजात अवस्था के तौर पर बच्चे की देखभाल के लिए अहम होती है। घर के बड़ों के लिए बच्चे के दुनिया में दस्तक देने के बाद का यह समय बहुत सजग रहने का होता है। इंफेंट केयर में जरा सी चूक शिशुओं को आगे के लिए भी कई परेशानियों का शिकार बना सकती है। खासकर पैरेंट्स को न्यू बॉर्न बेबी की सुरक्षा और विकास के बारे में अवेयर रहना चाहिए। ब्रेस्ट फीडिंग से लेकर वैक्सीनेशन और किसी तरह की जन्मजात तकलीफ का इलाज करवाने तक, ये शुरुआती दिन बेहद अहम होते हैं। इतना ही नहीं मौसमी बीमारियों और दूसरे इंफेक्शन से बचाने के लिए साफ-सफई का भी ध्यान रखना होता है। असल में ऐसी छोटी-छोटी गलतियों के चलते हमारे देश में आज भी इंफेंट मोरटैलिटी के आंकड़े चिंता का विषय बने हुए हैं। ऐसे में इंफेंट प्रोटेक्शन-डे हर मामले में शिशुओं की बेहतर ढंग से केयर करने से जुड़ी सतर्कता लाने का संदेश देने वाला दिन है।



**स्तनपान और स्वच्छता:** मां के दूध को तो नवजात का पहला टीका कहा जाता है। शिशु के स्वास्थ्य के लिए अमृत माना जाता है। ऐसे में जन्म के बाद बच्चे को ब्रेस्ट फीडिंग करवाना बहुत जरूरी है। इसके लिए माताओं में भी सजगता होना जरूरी है। साथ ही ब्रेस्ट फीडिंग शुरू करने में देरी हो जाए तो नवजात शिशु भी मां का दूध पीने में सहज नहीं रहता। डॉक्टर की सलाह के मुताबिक सही समय पर बच्चे को मां का दूध पिलाना शुरू कर दिया जाए तो यह न्यू बॉर्न बेबी की सेहत के लिए सुरक्षा कवच बन जाता है।

**संक्रमित होने से बचाएं:** इंफेंट प्रोटेक्शन-डे, लोगों को साफ-सफाई रखने के लिए भी चेताता है। जन्म के बाद के शुरुआती दिनों में नवजात बच्चों को कई तरह के इंफेक्शन हो सकते हैं। इनकी एक बड़ी वजह स्वच्छता न रखना भी है। हमारे यहां बड़ी संख्या में नवजात शिशुओं का जीवन डिलिवरी के दौरान या जन्म के बाद पहले चौबीस घंटों के भीतर छिन जाता है। इंफेंट मोरटैलिटी के कई कारण हैं। इन जानलेवा वजहों में जन्म के बाद संक्रमित होना भी शामिल है।

**वैक्सीनेशन और पोषण:** बच्चे के जन्म के बाद टीके लगवाने में तो कोई देरी नहीं होनी चाहिए। शिशु को नियमित डॉक्टर को दिखाने, उसके वजन का ध्यान रखने और चिकित्सक की सलाह के मुताबिक समय-समय पर लगने वाले वैक्सीन लगवाने की प्रक्रिया फॉलो करना जरूरी है। साथ ही सही पोषण का ध्यान रखना भी बहुत जरूरी है। हमें अपने नवजात बच्चे की सुरक्षा को लेकर ज्यादा जागरूक रहने की जरूरत होती है।



मेकअप
शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

# फॉलो करें प्रॉपर मेकअप स्टेप्स मिलेगा इंप्रेसिव-परफेक्ट लुक

अगर आप प्रोफेशनल हैं तो मेकअप सही ढंग से अप्लाई करना जरूरी होता है। लेकिन मेकअप शुरू करने से पहले आपको इसके बेसिक्स की जानकारी होनी चाहिए ताकि आप अट्रैक्टिव, इंप्रेसिव दिखें।

**क्लींजर:** मेकअप करने से पहले क्लींजर की मदद से चेहरे को साफ कर लें। आप कॉटन में टोनर लगाकर भी चेहरे को अच्छी तरह साफ कर सकती हैं। इसके बाद ही फेस स्क्रब का यूज करें क्योंकि इससे आपकी स्किन सुंदर और आप अट्रैक्टिव दिखेंगी।

**मॉयश्चराइजर:** स्किन को क्लीन करने के बाद मॉयश्चराइज करें। इसके बाद आप प्राइमर लगाएं ताकि मेकअप देर तक टिका रहे।

**आंखों को करें हाइड्रेटेड:** आंखों के आस-पास की स्किन को हाइड्रेटेड रखने के लिए आई सीरम का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। सामान्यतः हाईड्रेटिंग मॉयश्चराइजर का उपयोग कीजिए और अगर आपकी स्किन ऑयली है तो तेल की अधिक मात्रा को नियंत्रित करने के लिए मैटीफाइंग मॉयश्चराइजर का उपयोग कीजिए। अगर आपकी त्वचा पर दाग, धब्बे, मुंहासे हैं या आंखों के नीचे डार्क सर्कल हैं तो इन्हें कवर करने के लिए कंसीलर कलर करेक्टर का उपयोग करें ताकि त्वचा का रंग नेचुरल दिखे।



**लिप्स के लिए:** अगर आपकी लिपस्टिक कुछ ही समय बाद होंठों से गायब हो जाती है तो परेशान होने की जरूरत नहीं है। इसके लिए कॉम्पैक्ट पावडर का इस्तेमाल करें, जो लिपस्टिक को लंबे समय तक टिकाए रखेगा। लिपस्टिक लगाने के बाद उस पर टिश्यू पेपर लगाएं। अब, अपने होंठों पर टिश्यू पेपर के ऊपर कुछ लूज कॉम्पैक्ट पावडर या एक लूज सेटिंग पावडर लगाएं। ऐसा करने से आपकी लिपस्टिक पहले की तरह सेट हो जाएगी।

**रिमूव एक्सट्रा ऑयल:** अगर आपकी स्किन पर एक्सट्रा ऑयल दिखता है तो ब्लॉटिंग पेपर का यूज कर सकती हैं। इसके यूज से स्किन से एक्स्ट्रा ऑयल को हटाया या कम किया जा सकता है।

**फाउंडेशन:** अपनी स्किन टोन के हिसाब से फाउंडेशन का यूज करें। फाउंडेशन को अपनी गर्दन पर लगाना न भूलें।

**ब्लश का यूज:** ब्लश का यूज अपनी जरूरत के अनुसार करें क्योंकि इसका ज्यादा उपयोग अननेचुरल दिखेगा। इसे अपने गालों को उभारने के लिए ही उपयोग कीजिए। ज्यादातर स्किन पर हल्का पिंक ब्लश सूट करता है।

**लिपस्टिक-लिप ग्लॉस:** अगर आपको यह महसूस हो कि मैटीफाइंग लिपस्टिक से आपके लिप्स ड्राई हो रहे हैं तो किसी लिप बाम के बाद लिपस्टिक अप्लाई करें।

**सेटिंग स्प्रे:** अपने मेकअप को लंबे समय तक बनाए रखने के लिए सेटिंग स्प्रे का यूज कीजिए। लेकिन आंखों को बंद रखें और होंठों को भी कवर रखें।

मेडिकल सजेशन
डॉ. भारती कालरा
सीनियर गायनेकोलॉजिस्ट
करनाल-हरियाणा

अपने जरूरी पर्सनल वर्क के लिए कई महिलाएं पीरियड्स को डिले करने के लिए मेडिसिन ले लेती हैं। लेकिन ऐसा करने से पहले डॉक्टर से कंसल्ट करना जरूरी है। लापरवाही हार्मफुल हो सकती है।

# डॉक्टर से कंसल्टेशन पर ही लें पीरियड्स-डिले मेडिसिन



पीरियड्स एक नेचुरल फिजिकल साइकिल है, जिससे टीनएज से 45-50 वर्ष की उम्र के बीच की हर महिला गुजरती है। लेकिन कई बार मैरिज, स्पेशल फंक्शन, सैर-सपाटे, स्टडी जैसे किसी विशेष अवसर पर कुछ महिलाएं पीरियड्स रोकने के लिए मेडिकल स्टोर में आसानी से उपलब्ध पीरियड्स डिले करने वाली हार्मोनल पिल्स ले लेती हैं। इन दवाओं के गलत डोज या साइड इफेक्ट्स की वजह से कई शारीरिक समस्याओं के साथ जीवन पर भी संकट मंडरा सकता है।

**कैसे काम करती हैं ये दवाएं:** मेडिकली देखें तो महिला के शरीर में प्रत्येक पीरियड साइकिल के दौरान प्रोजेस्ट्रॉन हार्मोन का लेवल प्राकृतिक रूप से कम हो जाता है, जिसकी वजह से यूट्रस की लाइनिंग गिरने लगती हैं और पीरियड्स शुरू हो जाते हैं। पीरियड्स-डिले पिल्स, मुख्य तौर पर दो तरह की हार्मोनल दवाइयां होती हैं, जिनमें या तो सिर्फ सिंथेटिक प्रोजेस्ट्रॉन होता है या फिर एस्ट्रोजन-प्रोजेस्ट्रॉन का मिश्रण होता है। इनके सेवन से महिला के शरीर में प्रोजेस्ट्रॉन लेवल कम नहीं हो पाता और पीरियड्स रुक जाते हैं यानी, ये दवाएं अस्थाई रूप से पीरियड साइकिल को रोककर पीरियड्स को आगे बढ़ाने का काम करती हैं। साथ ही महिलाओं के रिप्रोडक्टिव सिस्टम को रेगुलेट करने में मदद करती हैं।

**क्या होते हैं साइड इफेक्ट्स:** हालांकि ये दवाइयां सुरक्षित होती हैं, लेकिन संभावित साइड इफेक्ट से बचने के लिए इन्हें स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर के परामर्श पर सही तरीके और सही डोज में ही लेनी चाहिए। इन्हें लेने पर कुछ सामान्य साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं, सिर-दर्द होना, ब्रेस्ट में दर्द होना, पेट फूला-सा लगना, वजन बढ़ना, मितली-उल्टी की फीलिंग होना, पैर में दर्द, ब्लड प्रेशर बढ़ना आदि। कुछ मामलों में शरीर में हार्मोन और रक्त में मौजूद रसायनों का संतुलन गड़बड़ा जाता है। धमनियों में ब्लड क्लॉटिंग या डीप वेन थ्रोम्बोसिस होने का खतरा रहता है। हार्मोनल दवाइयों के हाई डोज से ब्लड प्रेशर और इलेक्ट्रोलाइट संतुलन बिगड़ सकता है, जिससे हार्ट रेट गड़बड़ा सकता है।

### इन बातों का रखें ध्यान

- हार्मोन पिल्स का सेवन बिना डॉक्टर के परामर्श के न करें।
- जब तक बहुत जरूरी न हो, इन गोलियों का इस्तेमाल न करें।
- एक सप्ताह पहले ही आजमा लें ताकि यदि कोई साइड इफेक्ट हो तो उससे निपटने के लिए समय मिल सके।
- मेडिकल हिस्ट्री और ब्लड टेस्ट जरूर करवाएं। पहले से मौजूद बीमारियों जैसे लिवर, ब्लड प्रेशर, डीवीटी, हार्मोनल असंतुलन में इन्हें बिल्कुल न लें।
- कभी-कभार और डॉक्टर की निगरानी में इनका सेवन सुरक्षित है। लेकिन बार-बार इस्तेमाल शरीर के हार्मोनल संतुलन को बिगाड़ सकता है।

**इन्हें होता है अधिक रिस्क:** पीरियड्स-डिले करने वाली दवाओं का सेवन करने में ऐसी महिलाओं को पूरी एहतियात बरतनी चाहिए, जो पीसीओएस, माइग्रेन, स्ट्रोक, ब्लड प्रेशर, लिवर, हार्ट डिजीज, डायबिटीज आदि से जूझ रही हों।

प्रस्तुतिः रजनी अरोड़ा

# विकसित एवं आत्मनिर्भर मप्र का रोडमैप है विजन डॉक्यूमेंट

# वर्ष 2047 तक में प्रति व्यक्ति आय 22 लाख रुपए, औसत आयु 84 वर्ष और साक्षरता दर 100 प्रतिशत तक बढ़ाने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि 'मध्यप्रदेश<\@>2047: विजन डॉक्युमेंट राज्य को आर्थिक रूप से सशक्त, सांस्कृतिक रूप से समृद्ध और नागरिक जीवन की गुणवत्ता को उच्चतम स्तर तक पहुंचाने का रोडमैप है।

विज़न डॉक्युमेंट में वर्ष 2047 तक प्रदेश को 2.5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था वाले राज्य के रूप में स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही प्रति व्यक्ति आय 22 लाख रुपए, औसत आयु 84 वर्ष और साक्षरता दर 100 प्रतिशत तक बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को औद्योगिक और सेवा क्षेत्र के साथ संतुलित कर राज्य को आत्मनिर्भर और विकसित बनाने की रूपरेखा तैयार की गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत<\@>2047' के विज़न से प्रेरित यह दृष्टिपत्र, संपन्न, सुखद और सांस्कृतिक जड़ों को सहेजे मध्यप्रदेश की परिकल्पना को साकार करने का आधार बनेगा।

*वर्ष 2047 तक मप्र बनेगा 2.5 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था का प्रदेश*

## जनभागीदारी से तैयार 'समृद्ध मप्र<\@>2047' दृष्टिपत्र

यह विजन डॉक्युमेंट राज्य की अब तक की सबसे बड़ी जनभागीदारी प्रक्रिया के माध्यम से बनाया गया है। इसमें चार लाख से अधिक नागरिकों, किसानों, विद्यार्थियों, उद्योगपतियों, विशेषज्ञों और सामाजिक संगठनों की सक्रिय भागीदारी रही है। राज्यभर में आयोजित जनसंवाद, निबंध प्रतियोगिताएँ, उद्योग जगत से परामर्श, शैक्षणिक सत्र और साइट इंस्पेक्शन से प्राप्त सुझावों को इसमें समाहित किया गया है। यह देश में अपनाई गई अनूठी प्रक्रिया है। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कहा कि यह दस्तावेज़ केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि नागरिकों की आकांक्षाओं और राज्य की सामूहिक दृष्टि का प्रतिबिंब है।



### 'उद्योग एवं रोजगार वर्ष 2025': आत्मनिर्भरता की दिशा में निर्णायक कदम

राज्य सरकार ने वर्ष 2025 को 'उद्योग एवं रोजगार वर्ष' घोषित किया है। इस पहल का उद्देश्य युवाओं के लिए नए अवसर सृजित करना, औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देना और 'आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश' की दिशा में निर्णायक कदम बढ़ाना है। इसके अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्रों का विस्तार, स्टार्टअप प्रोत्साहन, कौशल प्रशिक्षण और तकनीकी शिक्षा को प्राथमिकता दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास का अर्थ केवल आर्थिक प्रगति नहीं, बल्कि समाज की सांस्कृतिक आत्मा और आध्यात्मिक पहचान को भी सशक्त करना है। मध्यप्रदेश अपनी गौरवशाली विरासत, कला, संस्कृति और नर्मदा जैसी जीवनदायिनी परंपराओं के बल पर भारत के विकास में मार्गदर्शक भूमिका निभाएगा।

## चार मार्गदर्शक सिद्धांतों पर आधारित है विजन डॉक्यूमेंट

'समृद्ध मप्र<\@>2047' विजन डॉक्युमेंट चार प्रमुख मार्गदर्शक सिद्धांतों पर केन्द्रित है। इन चार सिद्धांतों ने इस दृष्टिपत्र को संतुलित, व्यापक और यथार्थवादी दिशा प्रदान की है, जिससे यह केवल एक योजना नहीं बल्कि राज्य के भविष्य का जीवंत संकल्प बन गया है। यह रोडमैप 6 प्रमुख पड़ाव अगली पीढ़ी की कृषि और संबद्ध क्षेत्र, सतत औद्योगिक प्रगति, सेवा क्षेत्र का विस्तार, शहरी और ग्रामीण बुनियादी ढांचे का विकास, विश्वस्तरीय शिक्षा और कौशल विकास और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाओं से विकसित मध्यप्रदेश का लक्ष्य हासिल करेगा।

- *आर्थिक विकास पर फोकस- राज्य की अर्थव्यवस्था को तीव्र गति से आगे बढ़ाने, रोजगार सृजन और प्रदेश में निवेश को आकर्षित करने पर विशेष फोकस रखा गया है।*
- *क्षेत्रीय दृष्टिकोण और स्थानीय विशिष्टताओं का समावेश प्रदेश के विविध भौगोलिक, सामाजिक और आर्थिक स्वरूप को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक क्षेत्र के लिए अलग रणनीति बनाई गई है।*
- *विकसित भारत<\@>2047 के राष्ट्रीय विज़न में योगदान पर ध्यान- मप्र को भारत की विकास यात्रा का प्रमुख भागीदार बनाना इस विजन डॉक्युमेंट का प्रमुख उद्देश्य है।*
- *सहभागी और समावेशी दृष्टि- यह दृष्टिपत्र नागरिकों, विशेषज्ञों, उद्योगों और प्रशासन के संयुक्त परामर्श से तैयार हुआ है, जिससे प्रत्येक हितधारक इस परिवर्तन यात्रा का भागीदार बने। इनके साथ दो महत्वपूर्ण कारक कुशल शासन एवं नागरिक सेवा प्रदाय व्यवस्था' और 'नवाचार युक्त वित्तीय प्रबंधन एवं निवेश संवर्धन' को भी विजन डॉक्युमेंट में शामिल किया गया है।*

### सामूहिक प्रयासों से होगा 'समृद्ध मप्र' का सपना

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नागरिकों, युवाओं, उद्योगपतियों और सामाजिक संगठनों से आह्वान किया कि वे इस दृष्टिपत्र को एक जन आंदोलन के रूप में अपनाएं। यह विजन डॉक्युमेंट हमारी आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में पहला ठोस कदम है। सामूहिक प्रयासों से हम 2047 तक एक ऐसे मप्र का निर्माण करेंगे जो आत्मनिर्भर, समृद्ध और विश्व में अग्रणी होगा।

---

56 विभागों की 1700 सेवाएं और योजनाएं एक ही डिजिटल विंडो पर होंगी उपलब्ध

# एमपी ई-सेवा पोर्टल और मोबाइल ऐप की नई क्रांति का हुआ भव्य शुभारंभ

*मध्यप्रदेश ने सिद्ध किया 'डिजिटल गवर्नेंस ही गुड गवर्नेंस'*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 'एमपी ई-सेवा पोर्टल और मोबाइल ऐप' का शुभारंभ कर डिजिटल गवर्नेंस के क्षेत्र में नई क्रांति का आगाज किया। यह एकीकृत नागरिक सेवा मंच अब 56 विभागों की 1700 से अधिक सरकारी सेवाओं और योजनाओं को एक ही डिजिटल विंडो पर उपलब्ध कराएगा।

'एमपी ई-सेवा' के माध्यम से वर्ष 2026 तक 100% ई-सेवा डिलीवरी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। दरसअल, प्रदेश को देश के डिजिटल गवर्नेंस एनेबल्ड राज्यों में अग्रणी बनाने वाले इस पोर्टल को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के तहत मप्र राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम (एमपीएसईडीसी) के सेंटर फॉर एक्सीलेंस ने विकसित किया है। इससे नागरिकों, विभागों और सेवाओं को एक ही डिजिटल ईको-सिस्टम में जोड़कर मप्र ने यह सिद्ध किया है कि डिजिटल गवर्नेंस ही गुड गवर्नेंस है।



फाइल फोटो

## नागरिकों के लिए एक पोर्टल, सभी सेवाएं एकीकृत

एमपी ई-सेवा पोर्टल पर राज्य शासन के 56 विभागों की 1700 से अधिक नागरिक सेवाओं को एकीकृत कर दिया गया है। अब इन सेवाओं के लिए अलग वेबसाइट पर लॉगइन करने और बार-बार दस्तावेज़ जमा करने की आवश्यकता नहीं होगी। नागरिक ई सेवा.एमपी.जीओवी.इन और मोबाइल ऐप (एंड्रॉइड व आईओएस) के माध्यम से सभी सेवाओं के लिए पात्रता जांच, आवेदन, स्टेटस चैक करने के साथ ही अनुमोदन भी प्राप्त कर सकते हैं। एमपी ई-सेवा पोर्टल पर सभी चरण आधार आधारित प्रमाणीकरण, ई-साइन और डिजिटल प्रमाणपत्र से सुरक्षित हैं। इससे प्रक्रिया पूरी तरह पेपरलेस और फेसलेस बन गई है।

### 'एमपी ई-सेवा' और 'समग्र पोर्टल' का एकीकरण

'एमपी ई-सेवा' को समग्र सामाजिक सुरक्षा मिशन के समग्र पोर्टल से जोड़ा गया है। प्रत्येक परिवार को 8-अंकीय परिवार आईडी और हर सदस्य को 9-अंकीय सदस्य आईडी दी गई है। यह एकीकरण नागरिकों की ऑटो-वेरिफिकेशन प्रक्रिया को सक्षम बनाता है, जिससे पात्रता की पहचान स्वतः ही हो जाती है और दोहराव अथवा देरी नहीं होती है। 'एमपी ई-सेवा' की प्रमुख विशेषता 'ऑटो-फेचिंग ऑफ़ डॉक्युमेंट्स' है, जिससे नागरिकों को बार-बार दस्तावेज़ अपलोड नहीं करने पड़ते। एक बार अपलोड किए गए दस्तावेज़ आगे की सभी सेवाओं में स्वतः उपलब्ध हो जाते हैं।

## मप्र में डिजिटल ट्रैक रिकॉर्ड

सितम्बर 2025 में आई राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सेवा - वितरण आकलन (एनईएसडीए वे फॉरवर्ड ) रिपोर्ट के अनुसार, मध्यप्रदेश ने 1752 ई-सेवाओं को मैप किया है और सभी 56 अनिवार्य विभागीय सेवाओं को एमपी ई-सेवा' पोर्टल में 100% इंटीग्रेट कर देश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। राज्य को 'सायबर तहसील' के लिए प्रधानमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार और 'संपदा 2.0' के लिए राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस स्वर्ण पुरस्कार मिल चुके हैं।

### सुगम, सुरक्षित और नागरिक केंद्रित 'ऐप डिज़ाइन'

'एमपी ई-सेवा' पोर्टल का इंटरफ़ेस मोबाइल-फर्स्ट दृष्टिकोण पर आधारित है। इसमें बहुभाषीय सुविधा उपलब्ध कराई गई है। साथ ही दिव्यांगजन के अनुप्रयोग को दृष्टिगत रखते हुए विशेष रूप से डिज़ाइन किया गया है। इससे शहरी और ग्रामीण, दोनों क्षेत्रों के उपयोगकर्ताओं के लिए उपयोग आसान होगा। प्रारंभिक मूल्यांकन तौर पर इससे गवर्नेंस लागत में लगभग 40 प्रतिशत की कमी आएगी, साथ ही वर्ष भर में नागरिकों के 50 मिलियन घंटों की भी बचत होगी।

## वॉश ऑन व्हील सेवा से स्वच्छता सेवाओं में तकनीकी नवाचार को मिलेगी नई दिशा

हरिभूमि न्यूज. भोपाल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मप्र 70वें स्थापना दिवस पर वॉश ऑन व्हील मोबाइल ऐप का लोकार्पण किया। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, की इस अभिनव पहल से स्वच्छता सेवाओं में तकनीकी नवाचार को नई दिशा मिलेगी। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) पंचायत एव ग्रामीण विकास विभाग की ओर से शुरू की गई स्वच्छता साथी-वॉश ऑन व्हील सेवा एक ऐसी अनोखी पहल है जो प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में मोबाइल ऐप के माध्यम से व्यक्तिगत एव संस्थागत शौचालयों की साफ़-सफ़ाई की ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध कराती है। यह एक ऐसा नवाचार है जो शौचालयों की साफ़-सफ़ाई के काम को एक आधुनिक समाधान प्रदान करता है। सबसे पहले यह नवाचार छिंदवाड़ा जिले से शुरू किया गया, जिसे एनआईसी-एमपी के सहयोग से मोबाइल एप्प तैयार कर राज्य स्तर पर लागू किया जा रहा है।



फाइल फोटो

### मोबाइल से होगी ऑनलाइन बुकिंग

वॉश ऑन व्हील मोबाइल ऐप के माध्यम से शौचालय सफ़ाई के लिए ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा उपलब्ध होगी। यह एसएमएस आधारित सरल लॉगिन प्रणाली है। ऐप के माध्यम से सटीक लोकेशन चयन की जानकारी फीड है। सुविधा अनुसार दिनांक एवं समय का चयन किया जा सकता है। इस ऐप के माध्यम से बुकिंग की रीयल-टाइम ट्रैकिंग भी होगी। सेवा के बाद फीडबैक दर्ज करने की भी सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। सेवा उपरांत जियोटैगिंग से ऑनलाइन मॉनिटरिंग की व्यवस्था भी रखी गई है।

### *सुरक्षित एवं सम्मानजनक आजीविका के मिलेंगे अवसर*

*अपर मुख्य सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास दीपाली रस्तोगी ने बताया कि स्वच्छता साथी-वाश ऑन व्हील की प्रमुख विशेषता ग्रामीण क्षेत्रों में शौचालयों की साफ़-सफ़ाई के लिए सुलभ, किफायती एवं त्वरित सेवा प्रदान करना है। प्रेशर मशीन जैसे आधुनिक उपकरणों एवं सुरक्षा किट के उपयोग से प्रभावी सफ़ाई होगी। प्रशिक्षित स्वच्छता साथियों के लिए सुरक्षित एवं सम्मानजनक आजीविका के अवसर मिलेंगे। दो-पहिया वाहनों की ओर से त्वरित पहुंच सेवा प्रदान की जाएगी। क्लस्टर-आधारित सेवा वितरण मॉडल द्वारा स्थायी स्वच्छता प्रबंधन किया जाएगा। इस सेवा का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में शौचालयों के नियमित उपयोग को बढ़ावा देना भी है। घरेलू, संस्थागत एवं सामुदायिक शौचालयों में स्वच्छता प्रबंधन को सुदृढ़ करना और स्वच्छता साथियों को सुरक्षित, सम्मानजनक एवं सतत आजीविका उपलब्ध कराना है।*

---

## विधायक पाठक ने ही की थी आर्म्स लाइसेंस रिन्यू की पैरवी

- आर्म्स डीलर पर अवैध हथियार बेचने के आरोप

**भोपाल।** कटनी शहर के पूर्व आर्म्स डीलर नाजिम खान ने विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक को एक करोड़ का मानहानि का नोटिस भेजा है। विधायक संजय पाठक ने जिस आर्म्स डीलर पर अवैध हथियार बेचने के आरोप लगाए हैं उसके लाइसेंस का नवीनीकरण करने की पैरवी भी उन्होंने खुद की थी। 7 मार्च 2022 को विधायक ने तत्कालीन मुख्यमंत्री व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा को पत्र लिखकर कहा था कि जिला मजिस्ट्रेट ने नाजिम खान के डीलरशिप लाइसेंस नवीनीकरण का प्रस्ताव अनुशंसा सहित भेजा है, जो शासन स्तर पर विचाराधीन है।

### गांजा तस्करी के मामले में एफआईआर

उत्तरप्रदेश के चंदौली पुलिस ने 27 अक्टूबर को कटनी के नाजिम खान के खिलाफ गांजा तस्करी के मामले में एफआईआर दर्ज की है। इस कार्रवाई के दौरान लगभग 52 किलो गांजा जब्त किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 13 लाख रुपए बताई जा रही है। जब्त कार पर फर्जी नंबर प्लेट जिस पर वीआईपी नंबर एमपी 21 जेडएफ 0001 लिखा था। पुलिस के अनुसार, कार चालक चांद बाबू ने अपने बयान में नाजिम खान का नाम लिया। लिहाजा चांद बाबू और नाजिम को आरोपी बनाया गया है। इस पूरे मामले में नाजिम खान का कहना है कि जिस वक्त गांजा पकड़ा गया, उस समय मेरी कार बीएमडब्लू मेरे घर पर ही खड़ी थी। यह एक साजिश है, जिसके चलते मुझे फंसाकर फर्जी प्रकरण दर्ज किया गया है। मैने उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हुए साक्ष्य सहित शिकायत भी की है। नाजिम खान विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक के करीबी रहे हैं, हालांकि अब दोनों एक-दूसरे के विरोधी हैं।

**अभियुक्त व्यक्तियों की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 सीआरपीसी/84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **(1) अनील उर्फ दीपक उर्फ दीपू उर्फ हरि, पुत्र राजू, निवासी मकान नं. बी-2/31, लाल क्वाटर, विजय विहार, दिल्ली, (2) अनु पुत्र श्री कमल निवासी मकान नं. सी-3/13, लाल क्वाटर, विजय विहार, दिल्ली** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 246/2022 भा.द.सं. की धारा 392/34 के तहत, थाना विजय विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होने किया है) और उन पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **(1) अनील उर्फ दीपक उर्फ दीपू उर्फ हरि, (2) अनु** मिल नहीं रहें है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **(1) अनील उर्फ दीपक उर्फ दीपू उर्फ हरि, (2) अनु** फरार हो गए है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहें है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 246/2022 भा.द.सं. की धारा 392/34 के तहत, थाना विजय विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **(1) अनील उर्फ दीपक उर्फ दीपू उर्फ हरि, (2) अनु** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.12.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री शगुन**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी**
**उत्तर पश्चिम, कोर्ट नं. 109**
**प्रथम तल, रोहिणी कोर्ट्स, दिल्ली**

**DP/14637/RD/2025**

**उद्यान विभाग, हरियाणा**
पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र,
मुनिमपुर (झज्जर) - 124105
ई-मेल: coemunimpur@gmail.com

**पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सूचना बारे**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर, झज्जर पर निम्न प्रकार से पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यकम करवाए जाने है:

| क्र. सं. | दिनांक | प्रशिक्षण की अवधि (दिनों में) | प्रशिक्षण का विषय | प्रशिक्षणार्थियों की संख्या | ऑनलाईन आवेदन |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 10.11.2025 से 14.11.2025 | 5 | उन्नत तकनीकों द्वारा फूलों की खेती | 10 | 08.11.2025 |
| 2 | 24.11.2025 से 28.11.2025 | 5 | उन्नत तकनीकों द्वारा फूलों की खेती | 10 | 21.11.2025 |

पांच दिवसीय प्रशिक्षण हेतु इच्छुक किसान अपना ऑनलाईन नामांकन बागवानी विभाग, हरियाणा की वेब साईट http:kaushal.hortharyana.gov.in पर करें। जो दस किसान सबसे पहले ऑनलाईन नामांकन के माध्यम से अपना नाम दर्ज करवाएंगे, उन्हें ही प्रशिक्षण में प्राथमिकता दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक किसान डॉ. हेमन्त सैनी, विषय वस्तु विशेषज्ञ (Mob No-8683801977) से सम्पर्क करें।

**प्रशिक्षण हेतु ऑनलाईन नामांकन की प्रक्रिया निम्न प्रकार से है:-**

प्रार्थी अपना ऑनलाईन आवेदन http:kaushal.hortharyana.gov.in पोर्टल पर 10.11.2025 से 14.11.2025 प्रशिक्षण हेतु दिनांक 08.11.2025 शाम 03:00 बजे तक व 24.11.2025 से 28.11.2025 प्रशिक्षण हेतु दिनांक 21.11.2025 शाम 03:00 बजे तक कर सकता है।

1. प्रार्थी हरियाणा राज्य का स्थायी निवासी होना चाहिए।
2. आवेदनकर्ता अपने जरूरी कागजात जैसे कि आधार कार्ड व परिवार पहचान पत्र की फोटो प्रति प्रशिक्षण के दौरान अपने साथ लेकर आये।
3. 10.11.2025 से 14.11.2025 प्रशिक्षण हेतु चयनित किसानों के नाम बागवानी विभाग की वेबसाईट http:kaushal.hortharyana.gov.in पर दिनांक 08.11.2025 को शाम 04:30 बजे तक व 24.11.2025 से 28.11.2025 प्रशिक्षण हेतु चयनित किसानों के नाम दिनांक 21.11.2025 को शाम 04:30 बजे तक अपलोड कर दिये जाएगे।
4. प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतू प्रार्थी की न्युनतम आयु 18 वर्ष व अधिकतम आयु 60 वर्ष होनी चाहिए।
5. प्रशिक्षण हेतू आवेदन एक परिवार पहचान पत्र (PPP) से एक सदस्य ही कर सकता है।
6. किसानों के भोजन की व्यवस्था निम्नहस्ताक्षरी कार्यालय के द्वारा की जायेगी।
7. प्रशिक्षण केन्द्र पर रात्रि ठहराव की व्यवस्था नही होगी।

हस्ता/- विषय वस्तु विशेषज्ञ,
पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द,
पीआरडीएच-1149/11/978/2026/39971/88/7 दि. 03.11.25 मुनीमपुर, झज्जर।

---

## अफसरों के प्रमोशन के संबंध में जल्द होगा आदेश जारी

# 4 आईएएस अफसरों को मिलेगी बड़ी जिम्मेदारी और बनेंगे सेक्रेट्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल में कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह समेत 4 आइएएस सचिव बनेंगे। इनमें उज्जैन संभागायुक्त आशीष सिंह, ग्वालियर कलेक्टर रुचिका चौहान समेत एक अन्य आइएएस शामिल हैं।

इसके अलावा करीब 50 आइएएस अधिकारियों का भी ओहदा बढ़ेगा। सामान्य प्रशासन विभाग अफसरों के प्रमोशन के संबंध में जल्द ही आदेश जारी करेगा। ये अतिरिक्त सचिव से सचिव, सचिव से प्रमुख सचिव, प्रमुख सचिव से अपर मुख्य सचिव के पद पर पदोन्नत होंगे। उधर राज्य प्रशासनिक सेवा (एसएएस) के 50 से 60 अफसरों को भी क्रमोन्नति मिलेगी। ये डिप्टी कलेक्टर से संयुक्त कलेक्टर, संयुक्त कलेक्टर से अपर कलेक्टर बनेंगे। इनका ग्रेड-पे भी बढ़ेगा। सरकार के स्तर पर ये तैयारियां शुरू कर दी है, जो नवंबर व दिसंबर में पूरी की जाएगी। ओहदा बढ़ाए जाने संबंधी आदेश 1 जनवरी से प्रभावी होंगे।



फाइल फोटो

### एसएएस के ग्रेड-पे में ऐसे होगी बढ़ोतरी

वहीं जो डिप्टी कलेक्टर क्रमोन्नति के दायरे में आएंगे, उन्हें संयुक्त कलेक्टर बनाकर ग्रेड-पे 5400 से 6600 किया जाएगा। इसी तरह संयुक्त कलेक्टर को अपर कलेक्टर बनाया जाएगा। जिनका ग्रेड-पे 6600 से बढ़ाकर 7600 होगा। जबकि क्रमोन्नति के लिए पात्र संयुक्त कलेक्टरों का ग्रेड-पे 7600 से बढ़कर 8700 होगा, इनके पदनाम में बदलाव नहीं होगा।

### *कद बढ़ेगा, लेकिन करना होगा इंतजार*

*प्रदेशभर में एसआइआर शुरू हो गया है, जिसमें कई आइएएस व एसएएस की सेवाएं ली जा रही है। ये वे अधिकारी है जो कलेक्टर से लेकर एसडीएम जैसे पदों पर काम कर रहे हैं। ऐसे में जिन अफसरों का ओहदा बढ़ना है और यदि वे एसआइआर से जुड़े कामों में लगे हैं तो उन्हें फरवरी के अंत तक मौजूदा पदों पर ही काम करना होगा। ऐसा इसलिए क्योंकि काम खत्म होने तक मतदाता सूची से जुड़े कामों में लगे अफसरों को नहीं हटाया जाएगा।*

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प नारायणगढ़ | यमुनानगर जिले में गांव लालहरी कलां में स्पोर्ट्स स्टेडियम का निर्माण। | 01.11.2025 21.11.2025 | 791.39 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1734284035 pwd-eepd-naraingarh@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प यमुनानगर | यमुनानगर जिले में कि.मी. 4.10 से 8.535 तक यमुनानगर खजूरी-जठलाना रोड (आईडी 511) पर टो वॉल और 100 मिमी मोटी इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक्स सहित शोल्डर्स की पेवमेंट। | 29.10.2025 08.11.2025 | 241.31 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1732237834 pwd-eepd-yamunanagar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम जिले में ज्यूडिशियल कोर्ट कॉम्पलैक्स, सोहना में दिव्यांग व्यक्तियों के लिए सुविधाएं देने का प्रावधान। | बंद होने की तिथि 06.11.2025 | 1.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम में पेरागोला बीम्स के लिए सपोर्ट्स का निर्माण और ओपन कोर्ट में मरम्मत। | बंद होने की तिथि 06.11.2025 | 15.76 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज करनाल | गांव मुनक में ग्राम सचिवालय का निर्माण + 5 कार्य। | 01.11.2025 08.11.2025 | 236.56 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896634422 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज करनाल | गांव दाचेर ब्लॉक निसिंग में बकाया राशि से दक्षेश्वर तीर्थ में लंगर हॉल का निर्माण। | 01.11.2025 08.11.2025 | 10.02 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896634422prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज करनाल | गांव बारथल ब्लॉक नीलोखेड़ी, जिला करनाल में आईएवाई कॉलोनी से तालाब (न्यू 2) में आईपीबी गली के निर्माण का कच्चा लागत आकलन + 1 कार्य। | 01.11.2025 07.11.2025 | 8.38 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896634422 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 8 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडी डबवाली | मण्डी डबवाली अमरुत 2.0 :- "द्वितीय जलघर में 3 अदद स्वच्छ जल टैंक, 4.00 एमएलडी डब्ल्यू टीपी, रोड और पथ का निर्माण, द्वितीय जलघर में एससीएडीए सिस्टम, पम्पिंग मशीनरी की मरम्मत, पुराने जलघर में फिल्टर बैड की मरम्मत, एससीएडीए सिस्टम, पम्पिंग मशीनरी की मरम्मत और सम्प वैल, पीसी, राइजिंग मेन, चारदिवारी का निर्माण, बूस्टिंग स्टेशन, 2 अदद यूजीआर, पीसी, चारदिवारी, आईपीबी रोड, पम्पिंग मशीनरी का निर्माण, स्टील ट्रस ब्रिज और वितरण प्रणाली के निर्माण के साथ-साथ टोंटी कनेक्शन और वाटर मीटर और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य।" सीएच. हैड :- मण्डी डबवाली :- जलापूर्ति योजना के अपग्रेडेशन और लैब कॉम्प्लैक्स के निकट बूस्टिंग स्टेशन का निर्माण और मण्डी डबवाली जिला सिरसा में वितरण प्रणाली का मजबूतीकरण (अमरुत 2.0) हेतु डीएनआईटी। | 31.10.2025 21.11.2025 | 1089.05 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8730000001 ee.mandidabwali@gmail.com |
| 9 | पंचायती राज अम्बाला | एमपीएलएडी - गांव मुल्लाना, ब्लॉक बराड़ा में एससी चौपाल हॉल कमरे का निर्माण। | 31.10.2025 06.11.2025 | 10.82 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 10 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, नारनौल | नारनौल ब्रांच के पम्प हाउसेज एनबी-5 और एनबी-6 की गाद सफाई + 9 कार्य। | बंद होने की तिथि 06.11.2025 | 10.28 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01282-251214 xen-wsnrl.irr@gov.in |
| 11 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, रोहतक | झज्जर सब ब्रांच आरडी 0 से 31700 तक रिमॉडलिंग + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 20.11.2025 | 1817.26 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9464040970 xensampla@gmail.com |
| 12 | कृषि एवं किसान कल्याण रोहतक | गांव मोरखेड़ी, ब्लॉक सांपला, जिला रोहतक हरियाणा, पिन-124406 में वर्टिकल ड्रेनेज टेक्नोलॉजी के माध्यम से वाटर लॉग्ड और सेलाइन सॉइल का रिक्लेमेशन। | 31.10.2025 11.11.2025 | 143.07 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466723261 asco.rtk2015@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in पीआरडीएच-11/2026/240/39972/I/88/7 दि. 03.11.25

चिंतन

# जीत के पीछे तपस्या, कड़ी मेहनत, समर्पण और दृढ़ता

यह कहावत पूरी तरह से सच है कि कामयाबी के पीछे तपस्या, यानी कड़ी मेहनत, समर्पण व दृढ़ता होती है। सफलता आसानी से नहीं मिलती, बल्कि इसके लिए स्पष्ट लक्ष्य, सही योजना, लगातार प्रयास और असफलताओं से सीखने की ज़रूरत होती है। किसी भी लक्ष्य को पाने के लिए पूरी निष्ठा और मेहनत से जुट जाना ज़रूरी है। यही किया है भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने। अपनी कड़ी मेहनत और लगन से टीम ने 52 साल बाद विमेंस वनडे वर्ल्ड कप जीत लिया है। रविवार को मुंबई में खेले गए फाइनल मुकाबले में भारत की लड़कियों ने साउथ अफ्रीका को 52 रनों से हराया। ये वो टीम है, जिसके हर खिलाड़ी की कहानी प्रेरणा देती है। किसी के माता-पिता ने दिहाड़ी मजदूरी कर बेटी को क्रिकेटर बनाया है तो किसी के पैरेंट्स सरकारी जॉब में रहे हैं। किसी के पिता ज्वेलरी की दुकान चलाते हैं तो किसी के घरवाले सब्जी बेचते रहे हैं, लेकिन इन बेटियों ने अपने खुद के हौसले के दम पर नई उड़ान भरी है। फाइनल मुकाबले में प्लेयर ऑफ द मैच रही शेफाली वर्मा रोहतक की रहने वाली हैं। इनके पिता ज्वेलरी की दुकान चलाते हैं और मां गृहणी हैं। रेणुका सिंह की मां दर्जा चार की कर्मचारी हैं। राधा यादव के पिता सब्जी बेचते हैं। उमा छेदी के माता-पिता दिहाड़ी मजदूरी करते हैं। अब इनकी लाड़लियों ने अपने जज्बे से नया इतिहास लिख दिया है। विश्व चैंपियन बनने के पीछे केवल खिलाड़ियों का ही नहीं, बल्कि माहौल और सुविधाओं का भी अहम योगदान रहा है, जो बीसीसीआई ने उन्हें उपलब्ध करवाईं। वो समय था जब भारत का महिला क्रिकेट इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज से बहुत पीछे था, लेकिन विमेंस प्रीमियर लीग की शुरुआत के बाद हालात बदल गए। जय शाह से पहले सभी बीसीसीआई अध्यक्ष इसे शुरू करने का प्लान ही बनाते रह गए, शाह ने इसकी शुरुआत 2023 में कर दी। ऐसे प्लेटफॉर्म पर युवा और घरेलू प्लेयर्स को विदेशी खिलाड़ियों के साथ खेलने और सीखने का मौका मिलता है। इतना ही नहीं, प्लेयर्स एक महीने तक इंटरनेशनल लेवल की ट्रेनिंग, बेहतर कोच और प्रेशर सिचुएशन का सामना करने लगीं, जिसका फायदा इंडिया विमेंस टीम को भी मिला। इन्हीं मुकाबलों से टीम इंडिया को यास्तिका भाटिया, श्रेयांका पाटील, अमनजोत कौर, श्री चरणी, क्रांति गौड़ जैसी युवा और आक्रामक प्लेयर्स मिलीं। यास्तिका और श्रेयांका इंजरी के कारण वर्ल्ड कप का हिस्सा नहीं बन सकीं, लेकिन बाकी प्लेयर्स ने भारत को फाइनल में पहुंचाने में अहम योगदान दिया। इस जीत के पीछे टीम के कोच का भी अहम रोल रहा। विश्व कप जीत के बाद जैसे ही हेड कोच अमोल मजूमदार सामने आए, वैसे ही हरमनप्रीत ने दोनों हाथों से उनके पैर छुए। जो बताता है कि टीम को इस मुकाम तक पहुचाने में उनका कितना योगदान रहा है। वैसे भी अनेक खिलाड़ियों ने भी इस विश्व कप को अमोल मजूमदार द्वारा बनाई गई रणनीति की ही जीत बताया है। हालात जो भी हों भारत की बेटियों ने 2 नवंबर 2025 के दिन को इतिहास के पन्नों में अमर कर दिया है। भारतीय महिला टीम ने वो कारनामा किया जो 1983 में कपिल देव की टीम ने किया था। किसी ने भी मुकाबले की शुरूआत में नहीं सोचा था कि टीम इंडिया विश्व चैंपियन बनेगी, लेकिन हमारी बेटियों ने आखिरकार वह कर दिखाया। जिससे पूरा देश गौरवान्वित और सम्मानित मसूस कर रहा है।



विजेता
विकेश कुमार बडोला

# स्त्री क्रिकेट का अविस्मरणीय समय

भारत को स्त्री विश्व क्रिकेट की निर्णायक प्रतियोगिता में विजय प्राप्त हुई है। यह उपलब्धि पूरे 52 वर्ष मिली है। यह भारतीय स्त्री क्रिकेट के लिए एक अविस्मरणीय समय है। किंतु इस उपलब्धि की अतिप्रसन्नता एवं आत्ममुग्धता खिलाड़ियों पर हावी नहीं होनी चाहिए। संभवत: यही कारण रहा था अथवा निर्णायक प्रतियोगिता का दबाव-तनाव जो हरमनप्रीत एवं स्मृति ने अति सुरक्षात्मक होकर दब्बू बनकर बल्लेबाजी की तथा परिणामस्वरूप दोनों देर तक भी नहीं खेली एवं अधिक गेंदें खर्च करके कम रन बनाकर बाहर हो गईं। भविष्य में ऐस दबाव से बचा जाना चाहिए।

यह पहली बार है जब भारतीय स्त्रियों ने क्रिकेट की विश्व-प्रतियोगिता में उल्लेखनीय विजय प्राप्त की है। नवी मुंबई के डीवाई पाटिल क्रिकेट स्टेडियम में 2 नवंबर को खेली गई वन डे क्रिकेट प्रतियोगिता स्त्री-क्रिकेट के दृष्टिकोण से एक विहंगम प्रतियोगिता थी। विश्व में जब से स्त्री-क्रिकेट का प्रारंभ हुआ है तब से लेकर रविवार तक कभी भी महिलाओं की क्रिकेट प्रतिस्पर्द्धा देखने स्टेडियम में इतनी अधिक संख्या में दर्शक एकत्रित नहीं हुए। पूरा स्टेडियम दर्शकों से खचाखच भरा हुआ था। इतना ही नहीं, जियो हॉटस्टार पर उक्त प्रतियोगिता का सजीव प्रसारण विजयी क्षण तक विश्वभर के 30 करोड़ से अधिक लोगों ने देखा। रविवार को ही स्त्री-क्रिकेट की इस निर्णायक प्रतियोगिता के आरंभ होने से पूर्व ऑस्ट्रेलिया के होबॉर्ट में भारत-ऑस्ट्रेलिया के मध्य टी-20 की एक पुरुष-क्रिकेट प्रतियोगिता भी खेली गई थी। हालांकि इस प्रतिस्पर्द्धा में भी भारत की विजय हुई, किंतु जियो हॉटस्टार पर इसकी प्रसारणावधि में इसे देखने वाले मात्र 16 करोड़ दर्शक ही थे। अब जब स्त्री-क्रिकेट में भारत विश्वविजेता बन चुका है तथा स्त्रियों की क्रिकेट क्रीड़ा देखने प्रत्यक्ष रूप में स्टेडियम पर व अप्रत्यक्ष रूप में सजीव प्रसारण मंचों पर देशी-विदेशी दर्शकों की संख्या करोड़ों में पहुंच रही है, तो विश्वविजयी प्रतियोगिता में भारतीय स्त्रियों के सामूहिक एवं व्यक्तिगत योगदान पर विचार-विमर्श अनिवार्य हो जाता है।

चिरप्रतीक्षित स्त्री विश्व क्रिकेट की अंतिम व निर्णायक प्रतिस्पर्द्धा निर्धारित समय पर आरंभ नहीं हो सकी थी। दक्षिण भारत में परिव्याप्त मोंथा चक्रवात के प्रभाव में महाराष्ट्र भी था और प्रतियोगिता आरंभ होने से ठीक पूर्व नवी मुंबई के डीवाई पाटिल क्रिकेट स्टेडियम पर भी वर्षा होने लगी थी। इस कारणवश प्रतियोगिता विलंब से आरंभ हुई। यह आनंद का समाचार था कि प्रतियोगिता में दोनों प्रतियोगी दल निर्धारित पचास-पचास ओवर की ही क्रीड़ा करेंगे। टॉस दक्षिण अफ्रीकी कप्तान लौरा वोल्वार्ड ने जीता और पहले बॉलिंग करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित भारतीय टीम ने हालांकि संतुलित और धैर्यपूर्ण ढंग से बल्लेबाजी आरंभ की और भारतीय ओपनर शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना ने क्रमशः 87 व 45 रन बनाए। जैसे-जैसे प्रतियोगिता आगे बढ़ती रही भारतीयों द्वारा छोटी-छोटी साझेदारियां बनती रही और नियमित अंतराल में बल्लेबाज आउट भी होती रहीं। इस निर्णायक प्रतिस्पर्द्धा से पूर्व ऑस्ट्रेलिया के साथ हुई स्पर्द्धा में अग्र बल्ला प्रदर्शनकारी शतकधारी जेमिमा रोड्रिग्स और दल नायिका हरमनप्रीत कौर क्रमशः 24 व 20 रन बनाकर बाहर हो गईं। इसके बाद दीप्ति शर्मा (58 गेंद पर 58 रन) ने पहले अमनजौत कौर (12) और फिर ऋचा घोष (26 गेंद पर 34 रन) के साथ छोटी-छोटी साझेदारियां करके भारत के रन 298 तक पहुंचाए। जहां भारतीय बल्लेबाज शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा एवं ऋचा घोष ने कम गेंद खेलकर उपयोगी रन बनाए, वहीं हरमनप्रीत कौर एवं स्मृति मंधाना ने क्रमशः कप्तान व उप कप्तान के रूप में अधिक गेंदें व्यर्थ करके कम रन बनाए। इस कारण भारत की रन गति में होती रही एक नियमित वृद्धि बार-बार रुकती रही। यदि हरमनप्रीत एवं



स्मृति ने अपनी खेली हुई गेंदों के बराबर भी रन बनाए होते तो भारत के कुल रन अंक सवा तीन सौ के निकट होते। यदि भारत इस प्रतिस्पर्द्धा में पराजित होता तो पराजय के दो अग्रणी दोषियों के रूप में हरमनप्रीत एवं स्मृति तथा द्वितीयक दोषी के रूप में राधा यादव की गणना अवश्य होती।

भारतीय रन 298 को पार करने मैदान में उतरी दक्षिण अफ्रीका टीम ने भी मजबूत बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। अफ्रीकी दल नायिका लौरा वोल्वार्ड एवं ताजमिन ब्रिट्स ने उल्लेखनीय पारी खेलीं। लौरा ने प्रतिस्पर्द्धा के लगभग अंत तक संघर्ष किया कप्तान के रूप में अपेक्षित प्रदर्शन करते हुए 101 रन बनाए। शतक बनाने में उन्होंने सौ से कम गेंदें खेलीं। दक्षिण अफ्रीका की ओर से ब्रिट्स (23), सुने लुस (25) एवं एनेरी डर्कसन (35) ही दहाई के अंक में रन बना सकीं। गेंदबाजी में सर्वाधिक विकेट दीप्ति शर्मा ने लिए। उन्होंने 9.3 ओवर में 39 रन देकर 5 विकेट लिए। इसके बाद शेफाल वर्मा ने 7 ओवर में 36 रन देकर 2 महत्त्वपूर्ण विकेट लिए। भारत की ओर से तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर ने हालांकि कोई विकेट नहीं लिया, किंतु उनकी गेंदबाजी ने सबसे कम रन दिए। उन्होंने 8 ओवर में मात्र 28 रन दिए। इसके बाद श्री चरणी भी अपने सातवें ओवर तक अति मितव्ययी गेंदें फेंक रही थीं। यदि उनके अंतिम दो ओवरों में एनेरी डर्कसन चौके-छक्के नहीं लगाती तो वे भी अपने कुल 9 ओवरों में 48 रन न देकर रेणुका के बराबर ही मितव्ययी होतीं। चरणी ने एक विकेट भी लिया। गेंदबाजी में अमनजोत कौर एवं राधा यादव का प्रदर्शन निराशाजनक था। क्रांति गौड मात्र 3 ओवर फेंक पाई, जिसमें उन्होंने 16 रन दिए। पहले 87 रन बनाने और बाद में कम रन देकर 2 विकेट प्राप्त करनेवाली शेफाली वर्मा को निर्णायक प्रतियोगिता की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। ध्यान रहे कि भारतीय प्रथम बल्लाधारकों में से एक प्रतिका रावल के पैर में गंभीर चोट लगने के कारण उप-निर्णायक एवं निर्णायक प्रतियोगिता में ही शेफाली वर्मा को आपातिक स्थिति में भारतीय स्त्री क्रिकेट दल में सम्मिलित किया गया था। स्त्री क्रिकेट की इस विश्व प्रतियोगिता में पूरी शृंखला की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में दीप्ति शर्मा का चयन किया गया। उन्होंने सभी क्षेत्रों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए यह पुरस्कार प्राप्त किया। बल्लेबाजी हो या गेंदबाजी या फिर क्षेत्ररक्षण तीनों ही स्तर पर उनके परिणामोन्मुखी प्रदर्शन ने उन्हें शृंखला की सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खिलाड़ी होने का गौरव प्रदान किया। यदि विश्व प्रतियोगिता के निर्णायक संघर्ष में प्राप्त सफलता के सबसे बड़े कारण को देखें तो यह भारतीय दल का सामूहिक चहुंदिश प्रदर्शन था, इसमें सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण रहा क्षेत्ररक्षण। बल्लेबाजी में हरमनप्रीत, स्मृति, अमनज्योत, जेमिमा एवं राधा ने यद्यपि अच्दा प्रदर्शन नहीं किया, किंतु क्षेत्ररक्षण में सभी का योगदान उल्लेखनीय रहा। इसी प्रकार गेंदबाजी में जहां अमनज्योत एवं राधा का प्रदर्शन विफलता का कारक हो सकता था, वहीं क्षेत्ररक्षण में दोनों का प्रदर्शन अति परिश्रमपूर्ण रहा। इसी दल भावना की शक्ति द्वारा अंततः भारत को स्त्री विश्व क्रिकेट की निर्णायक प्रतियोगिता में विजय प्राप्त हुई है। यह उपलब्धि पूरे 52 वर्ष बाद प्राप्त हुई है। यह भारतीय स्त्री क्रिकेट के लिए एक अविस्मरणीय समय है। किंतु इस उपलब्धि की अतिप्रसन्नता एवं आत्ममुग्धता खिलाड़ियों पर हावी नहीं होनी चाहिए। संभवतः यही कारण रहा था अथवा निर्णायक प्रतियोगिता का दबाव-तनाव जो हरमनप्रीत एवं स्मृति ने अति सुरक्षात्मक होकर दब्बू बनकर बल्लाकारिता की तथा परिणामस्वरूप दोनों देर तक भी नहीं खेलीं एवं अधिक गेंदें व्यय करके कम रन बनाकर बाहर हो गईं। भविष्य में इससे बचा जाना चाहिए।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

वायु प्रदूषण
डॉ. नीलू तिवारी



# भविष्य की जरूरतों को पूरा करेगी हरित ऊर्जा

हाल ही में दिल्ली, मुंबई और लखनऊ जैसे शहरों में वायु गुणवत्ता सूचकांक गंभीर श्रेणी में पहुंच गया। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में हर साल लगभग 14 लाख लोगों की मौत वायु प्रदूषण से जुड़ी बीमारियों के कारण होती हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या विकास की कीमत प्रदूषण होनी चाहिए? क्या आधुनिक भारत प्रदूषण की छाया में ही आगे बढ़ेगा? इन्हीं सवालों का उत्तर खोजते हुए भारत ने एक नई दिशा अपनाई हरित ऊर्जा की ओर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 1 नवम्बर 2021 को ग्लासगो (स्कॉटलैंड) में आयोजित संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन–सीओपी26 के दौरान जब पंचामृत संकल्प की घोषणा के तहत वर्ष 2070 तक "नेट ज़ीरो कार्बन उत्सर्जन" लक्ष्य रखा, तो उन्होंने यह स्पष्ट कहा था कि भारत विकास करेगा पर प्रकृति के साथ। इसी दृष्टिकोण ने भारत को जीवाश्म ईंधन (फॉसिल फ्यूल) पर निर्भरता से मुक्त कर हरित ऊर्जा की राह पर आगे बढ़ाया है। मोदी सरकार की प्रमुख पहल प्रधानमंत्री सौर घर मुफ्त बिजली योजना ने आम जनता को इस परिवर्तन का सहभागी बनाया है। इस योजना के तहत लाखों परिवारों ने अपने घरों की छतों पर सौर पैनल लगवाए हैं। नतीजा यह है कि अब वे हर महीने 200-300 यूनिट मुफ्त बिजली पा रहे हैं और अतिरिक्त बिजली बेचकर आय भी अर्जित कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के झांसी जिले की गृहिणी बताती हैं कि पहले हर महीने बिजली का बिल देना पड़ता था। अब सौर पैनल से घर चल रहा है और 1500 रुपये की बचत भी हो रही है। यह उदाहरण बताता है कि हरित ऊर्जा केवल पर्यावरण के लिए नहीं, बल्कि आम नागरिक के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए भी वरदान है। सौर ऊर्जा केवल घरों तक सीमित नहीं रही। अब गांवों में स्कूल, पंचायत भवन और छोटे उद्योग भी सौर बिजली से चल रहे हैं। राजस्थान का भड़ला सौर पार्क, जो 14,000 एकड़ में फैला है, दुनिया का सबसे बड़ा सौर पार्क है।

हरित ऊर्जा का दूसरा मजबूत स्तंभ है पवन ऊर्जा। तमिलनाडु और गुजरात जैसे राज्य अब देश की बिजली जरूरतों का बड़ा हिस्सा हवा से पैदा कर रहे हैं। 2025 में शुरू हुई ऑफशोर विंड एनर्जी योजना के तहत समुद्र तटों पर विशाल टरबाइन लगाए गए हैं, जिनसे 15 गीगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य रखा है। यह न केवल स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन का उदाहरण है, बल्कि इससे तटीय इलाकों में रोजगार और पर्यटन के अवसर भी बढ़े हैं। वहीं, भारत ने हरित हाइड्रोजन मिशन के जरिए विश्व को चौंका दिया है। 2030 तक भारत पांच मिलियन टन हरित हाइड्रोजन उत्पादन का लक्ष्य लेकर चल रहा है। गुजरात, ओडिशा और तमिलनाडु में बड़े संयंत्रों की स्थापना हो चुकी है। इसका उपयोग भविष्य में रेलवे, उद्योग और जहाजरानी में किया जाएगा। यह पहल न केवल जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता घटाएगी, बल्कि भारत को स्वच्छ ऊर्जा निर्यातक राष्ट्र बनाएगी।

हरित ऊर्जा का एक और बड़ा अध्याय है इथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम। इस कार्यक्रम से पेट्रोल में इथेनॉल मिलाया जा रहा है, ताकि प्रदूषण घटे और विदेशी तेल पर निर्भरता कम हो। पहले जहां पेट्रोल में इथेनॉल की मात्रा केवल 1.5 प्रतिशत थी, वहीं अब यह 12 प्रतिशत तक पहुंच गई है। उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के गन्ना किसान अब अपनी फसलों से ईंधन तैयार कर रहे हैं। महाराष्ट्र की महिला किसान बताती हैं कि इथेनॉल उत्पादन के लिए उनका गन्ना अब बड़ी कंपनियों को बेचा जाता है और उन्हें पहले से अधिक आमदनी हो रही है। यह उदाहरण दर्शाता है कि हरित ऊर्जा ग्रामीण भारत में भी आर्थिक क्रांति ला रही है। अगर किसानों की बात करें तो मोदी सरकार की कुसुम योजना ने ग्रामीण जीवन को नई दिशा दी है। अब तक देशभर में 35 लाख से अधिक सौर पंप लगाए जा चुके हैं। पहले जो किसान बिजली कटौती और डीजल खर्च से परेशान थे, अब वे सौर ऊर्जा से दिन-रात खेती कर पा रहे हैं। राजस्थान के टोंक जिले में किसान बताते हैं कि पहले महीने में 2000 रुपये का डीजल खर्च होता था, अब वही पैसा बच रहा है और सौर पंप से बिना रुकावट सिंचाई हो रही है। यह योजना सीधे किसानों को आत्मनिर्भर बना रही है। मोदी सरकार ने सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन और इथेनॉल जैसे नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों को अपनाकर यह सिद्ध किया है कि विकास और पर्यावरण साथ-साथ चल सकते हैं। भारत की यह पहल इस दृष्टि से भी प्रासंगिक है कि यह देश को ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर कर रही है। इन उपायों से भारत स्वच्छ, आत्मनिर्भर और टिकाऊ ऊर्जा के भविष्य की ओर और तेज़ी से बढ़ सकता है।

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## जानिए कैसे चेतना को विस्तृत करता है योग?



संकलित
दर्शन

योग के आठ अंग हैं और उनमें से मात्र एक अंग है शारीरिक मुद्राएं या आसन। योग मात्र व्यायाम नहीं है, इसमें मुख्य बात मन की समरसता को बनाए रखना है। जब आप कोई भी कार्य सजगता से करते हैं, तब आप इस बात के प्रति सजग होते हैं कि आप क्या कह रहे हैं। यही आपको योगी बनाता है। योग के प्रतिपादक पतंजलि ने बताया है कि योग का उद्देश्य दुख को आने से पहले ही दूर कर देना है। लालच, क्रोध, जलन, घृणा, निराशा आदि नकारात्मक भावनाओं को योग से मिटाया जा सकता है। जब आप खुश होते हैं, तब आप अपने भीतर एक विस्तार की भावना का अनुभव करते हैं। विफलता या अपमान की स्थिति में लगता है कि हमारे भीतर कुछ सिकुड़ गया है। इस पर ध्यान देना ही योग है, जिसका हमारे खुश हो जाने पर विस्तार होता है और जो हमारे दुखी हो जाने पर सिकुड़ जाता है। मन की इस स्थिति को परिवर्तित करने का रहस्य योग में है। यह आपको स्वतंत्र बनाता है। अपनी ही भावनाओं के द्वारा पीड़ित होने के बजाय आप जिस समय जैसा महसूस करना चाहते हैं, योग उसके लिए आपको शक्ति प्रदान करता है। योग निश्चित रूप से आपको अधिक जिम्मेदार बनाता है, क्योंकि योग से आपके भीतर ऊर्जा एवं उत्साह उत्पन्न होता है। आप तब जिम्मेदारी नहीं लेना चाहते हैं, जब आप थके हुए और तनावग्रस्त होते हैं। यदि आपने अपनी थकान और तनाव को संभाल लिया, तब आप निश्चित रूप से अधिक जिम्मेदारी उठाएंगे और आपके भीतर हल्कापन भी बना रहेगा।


## धैर्य से काम लेने में ही समझदारी



संकलित
प्रेरणा

एक बार महात्मा बुद्ध अपने कुछ शिष्यों के साथ एक गांव में भ्रमण कर रहे थे। उन दिनों कोई वाहन नहीं हुआ करते थे सो लोग पैदल ही मीलों की यात्रा करते थे। ऐसे ही गांव में घूमते हुए काफी देर हो गई थी। बुद्ध जी को काफ़ी प्यास लगी थी। उन्होनें अपने एक शिष्य को गांव से पानी लाने की आज्ञा दी। जब वह शिष्य गांव में अंदर गया तो उसने देखा वहां एक नदी थी जहां बहुत सारे लोग कपड़े धो रहे थे कुछ लोग नहा रहे थे तो नदी का पानी काफ़ी गंदा सा दिख रहा था। शिष्य को लगा कि गुरु जी के लिए ऐसा गंदा पानी ले जाना ठीक नहीं होगा, ये सोचकर वह वापस आ गया। महात्मा बुद्ध को बहुत प्यास लगी थी इसीलिए उन्होंने फिर से दूसरे शिष्य को पानी लाने भेजा। कुछ देर बाद वह शिष्य लौटा और पानी ले आया। महात्मा बुद्ध ने शिष्य से पूछा कि नदी का पानी तो गंदा था फिर तुम साफ पानी कैसे ले आए। शिष्य बोला की प्रभु वहां नदी का पानी वास्तव में गंदा था लेकिन लोगों के जाने के बाद मैंने कुछ देर इंतजार किया। और कुछ देर बाद मिट्टी नीचे बैठ गई और साफ पानी उपर आ गया। बुद्ध यह सुनकर बड़े प्रसन्न हुए और बाकी शिष्यों को भी सीख दी कि हमारा ये जो जीवन है यह पानी की तरह है। जब तक हमारे कर्म अच्छे हैं तब तक सब कुछ शुद्ध है, लेकिन जीवन में कई बार दुख और समस्या भी आते हैं जिससे जीवन रूपी पानी गंदा लगने लगता है। कुछ लोग पहले वाले शिष्य की तरह बुराई को देख कर घबरा जाते हैं और मुसीबत देखकर वापस लौट जाते हैं, वह जीवन में कभी आगे नहीं बढ़ पाते।

## गुलदाउदी की बहार



श्रीनगर में गुलदाउदी गार्डन में घूमते हुए लोग, जिसे बाग-ए-गुल-ए-दाउद के नाम से भी जाना जाता है।

## आज की पाती

### धन और अन्न शादियों में बर्बाद न करें

त्योहारों के साथ-साथ अब शादियों का मौसम भी शुरू हो गया है। हमारे देश में शादी समारोह में भी फिजूलखर्ची लोक दिखावे के लिए होने लगी है। लोक दिखावे के लिए लोग अपने पैर चादर से बाहर भी पसार देते हैं। कुछ समय पहले शादियों में फिजूलखर्ची को रोकने के लिए केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री रह चुकी कृष्णा तीरथ ने सुझाव दिया था कि उनके अनुसार चाय और नमकीन में भी फेरे लेकर विवाह की रस्म निभाई जा सकती है। इसके लिए लाखों रुपए फूंकने की क्या जरूरत है। जो कि बहुत ही सराहनीय है। अमीर लोगों को तो लाखों रुपए खर्च करने से तो कोई फर्क नहीं पड़ता है। गरीब अगर विवाह समारोहों में लाखों खर्चा करने लग पड़ेगा तो वो सारी जिंदगी गरीबी की दलदल में धंस जाएगा। – *विशेष अग्रवाल, रायगढ़*

## ट्रेंड

### हार्दिक बधाई



भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सभी सदस्यों को विश्व कप जीतने पर हार्दिक बधाई। उन्होंने पहली बार जीत हासिल करके इतिहास रच दिया। वे अच्छा खेल रही हैं और आज उन्हें अपनी प्रतिभा और प्रदर्शन के अनुरूप परिणाम मिला है।
-द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

### तीन बंदर



आज इंडिया गठबंधन के तीन और बंदर आ गए हैं- पप्पू, टप्पू और अप्पू... पप्पू सच बोल नहीं सकता, टप्पू अच्छा देख नहीं सकता, अप्पू सच सुन नहीं सकता। इसके बावजूद ये लोग उम्मीद कर रहे हैं कि जनता इन पर भरोसा करेगी।
-योगी आदित्यनाथ, सीएम यूपी

### ऐतिहासिक जीत



यह एक जीत ऐतिहासिक है, भारत के लिए और भारत की औरतों के लिए। आज हमने अपनी महिला क्रिकेट टीम के लिए वही जोश, वही आंसू और वही जश्न मनाया, जो हम अपनी पुरुष टीम के लिए मनाते आए हैं। 60 मिलियन से ज्यादा लोगों ने मैच देखा, एक देश, एक इमोशन, एक जज़्बा।
-अनिल अग्रवाल, उद्योगपति

### अदम्य इच्छाशक्ति



भारतपुत्रियों ने अपनी अदम्य इच्छाशक्ति, अविचल धैर्य और अविराम पुरुषार्थ से वह विजयगाथा अंकित की है, जो लंबे समय तक भारत की स्मृति में अक्षय कीर्तिलेख रूप में प्रतिष्ठित रहेगी।
-कुमार विश्वास, हिन्दी कवि

## करंट अफेयर

### हेगसेथ ने दक्षिण व उत्तर कोरिया का किया दौरा



अमेरिक के रक्षामंत्री पीट हेगसेथ ने सोमवार को उत्तर और दक्षिण कोरिया के सीमा पर स्थित असैन्यीकृत क्षेत्र का दौरा किया। इसके साथ ही उन्होंने सुरक्षा वार्ता के लिए अपने सहयोगी दक्षिण कोरिया की दो दिवसीय यात्रा की भी शुरुआत की। हेगसेथ और दक्षिण कोरियाई रक्षा मंत्री आह्न ग्यू-बैक को निगरानी चौकी में सैन्य अधिकारियों ने स्थिति की जानकारी दी। यह चौकी सैन्य सीमांकन रेखा के पास है, जहां का दौरा अमेरिका के कई राष्ट्रपति कर चुके हैं जिनमें 2019 में अपने पहले कार्यकाल के दौरान डोनाल्ड ट्रंप भी शामिल हैं। हेगसेथ और बैक ने पनमुनजोम सीमावर्ती गांव का भी दौरा किया, जहां 1950-53 के कोरियाई युद्ध को रोकने के लिए एक युद्धविराम पर हस्ताक्षर किए गए थे। बैक के मंत्रालय ने कहा कि इस दौरे ने मित्र देशों के बीच 'मज़बूत संयुक्त रक्षा रुख और घनिष्ठ समन्वय की पुष्टि की'। दक्षिण कोरिया की सेना ने सोमवार को बताया कि देश के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष जनरल जिन योंग-सुंग और उनके अमेरिकी समकक्ष जनरल डैन केन ने प्योंगटेक में एक प्रमुख अमेरिकी सैन्य अड्डे के ऊपर दक्षिण कोरियाई और अमेरिकी एफ-16 लड़ाकू विमानों के 'फ्लाईपास्ट' का निरीक्षण किया।

## ऑफ बीट

### महिलाएं घर में 427 अरब डॉलर का अवैतनिक श्रम करती है



ऑस्ट्रेलिया में लोग खाना पकाने, घर की साफ-सफाई और परिवार के सदस्यों की देखभाल जैसे अवैतनिक कार्यों में हर साल हजारों घंटे बिता देते हैं, जो अर्थव्यवस्था को बांधे रखने वाला एक अहम सूत्र है। लेकिन उन्हें आधिकारिक आर्थिक आंकड़ों में कोई मान्यता नहीं दी जाती। नया अध्ययन अर्थव्यवस्था में इस अवैतनिक श्रम के योगदान पर प्रकाश डालता है, जिसे 688 अरब अमेरिकी डॉलर के आसपास आंका गया है। यह सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का लगभग एक-तिहाई हिस्सा है और इसमें अधिकांश योगदान महिलाओं का है। रोजाना औसतन 3 घंटे 56 मिनट घरेलू कामों में बीतते हैं। आंकड़ों के मुताबिक, महिलाएं रोजाना औसतन 3 घंटे और 56 मिनट का समय अवैतनिक काम एवं देखभाल में बिता देती हैं, जो प्रति सप्ताह 771 अमेरिकी डॉलर के बराबर है। वहीं, पुरुष अवैतनिक काम एवं देखभाल पर रोजाना औसतन 2 घंटे और 28 मिनट का समय खर्च करते हैं, जो प्रति सप्ताह 493 अमेरिकी डॉलर के बराबर है। आबादी के हिसाब से देखें तो महिलाएं हर साल औसतन 427 .3 अरब अमेरिकी डॉलर के बराबर अवैतनिक श्रम करती हैं, जबकि पुरुषों के मामले में यह आंकड़ा 261 अरब अमेरिकी डॉलर के बराबर है।

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।





पीएम मोदी का विपक्षी दलों पर **बड़ा आरोप**

# राजद-कांग्रेस को कट्टा और कट्टरपंथी ही पसंद, राजद ने छठी मइया का किया अपमान

एजेंसी ⏭ कटिहार/ सहरसा

पीएम नरेंद्र मोदी ने कटिहार में एक चुनाव सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय जनता दल (राजद)-कांग्रेस गठबंधन पर आरोप लगाया कि ये दल भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की राजनीति में लिप्त हैं। ये (राजद-कांग्रेस) चाहते हैं कि मुफ्त राशन घुसपैठियों को मिले, न कि बिहार के मूल निवासियों को। हम घुसपैठियों को बिहार और देश के संसाधनों पर कब्जा नहीं करने देंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और राजद 'कट्टा और कट्टरपंथी' जैसे हैं। इसी वजह से इन्होंने तीन तलाक कानून का विरोध किया और अब वक्फ एक्ट को खत्म करने की बात कर रहे हैं क्योंकि इन्होंने कट्टरपंथ के आगे आत्मसमर्पण कर दिया है। पीएम मोदी ने कहा कि आपका एक वोट बिहार को समृद्ध बनाएगा। फिर एक बार, बिहार में फिर से सुशासन सरकार। कांग्रेस और राजद पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि राजद ने कांग्रेस नेताओं को बौना बना दिया है। राजद के पोस्टरों पर कांग्रेस नेताओं की तस्वीरें तक गायब हैं। दोनों दलों में अंदरूनी कलह चल रही है। कांग्रेस के नामदार नेता ने राजद को जिताने के लिए छठी मइया का अपमान किया। इतना ही नहीं, केरल कांग्रेस नेताओं ने बिहार के लोगों की तुलना 'बीड़ी' से की, यह बेहद शर्मनाक है।

**युवाओं के वोटों से बनेगी सरकार, जंगलराज की होगी हार**

राजद के पोस्टरों में कांग्रेस नेताओं की तस्वीरें तक गायब



पीएम नरेंद्र मोदी ने सहरसा में चुनाव रैली को संबोधित किया

### राजद-कांग्रेस विनाश के प्रतीक

पीएम ने सहरसा में कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) विकास की पहचान है जबकि राजद-कांग्रेस विनाश के प्रतीक हैं। नए और प्रथम बार वोट डालने वाले मतदाता बिहार के उज्ज्वल भविष्य के लिए वोट करें। पहली बार वोट देने वाले नौजवानों के वोट से राजग की सरकार बनेगी और जंगलराज की हार होगी। उन्होंने कहा कि बिहार तेज़ी से विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है, यह रफ़्तार रुकनी नहीं चाहिए। फिर एक बार बिहार में सुशासन की सरकार बनेगी। युवाओं की आकांक्षाएं पूरी होंगी और हमारा संकल्प है कि बिहार का युवा, बिहार में ही रोजगार पाए।

## राजद-कांग्रेस गठबंधन का होगा सफायाः शाह


शिवहर में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

**शिवहर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार बनने पर बिहार में रक्षा गलियारा तैयार किया जाएगा और प्रत्येक जिले में कारखाने लगाए जाएंगे। शाह ने शिवहर और सीतामढ़ी में विश्वास जताया कि 14 नवंबर को जब चुनाव परिणाम घोषित होंगे, तब दोपहर एक बजे तक राजद-कांग्रेस गठबंधन का सफाया हो जाएगा और बिहार में पुनः राजग की सरकार बनेगी। शाह ने कहा कि राजग की सरकार बनने पर राज्य को बाढ़मुक्त बनाने के लिए एक आयोग का गठन किया जाएगा। कोसी नदी के जल का उपयोग कर मिथिलांचल क्षेत्र की 50,000 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई की जाएगी। साथ ही, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग और औद्योगिक पार्कों का निर्माण किया जाएगा। बिहार के हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज स्थापित किया जाएगा।

यूपी के सीएम योगी का तंज

## महागठबंधन में 'पप्पू, अप्पू और टप्पू' नाम के तीन बंदर


केवटी विधानसभा में सीएम योगी आदित्यनाथ

**दरभंगा।** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने केवटी विधानसभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राजद सांप है और कांग्रेस रामद्रोही, देशद्रोही और मां जानकी के विरोधी हैं। यह लोग सनातन परंपरा को कमजोर करना चाहते हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि आज गांधी जी के तीन बंदरों की तरह बिहार के महागठबंधन में भी तीन बंदर हैं। इना नाम पप्पू, अप्पू और टप्पू। पप्पू सच बोल नहीं सकता, अप्पू सच सुन नहीं सकता और टप्पू सच देख नहीं सकता। उन्होंने बिना नाम लिए राहुल गांधी, अखिलेश यादव और तेजस्वी यादव पर टिप्पणी करते हुए कहा कि वह तीनों (पप्पू, टप्पू और अप्पू) बंदर न सच देखते हैं, न सुनते हैं, न बोलते हैं। उन्हें एनडीए सरकार का विकास दिखाई नहीं देता। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बुलडोजर कार्रवाई से माफिया और अपराधियों का सफाया हुआ है, और अब राज्य माफिया और अपराध-मुक्त बन चुका है। उन्होंने जनता से अपील की कि बिहार में भी डबल इंजन की सरकार बनाकर विकास, विरासत और खुशहाली का मार्ग प्रशस्त करें।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का आरोप

## नीतीश को डुबाने की चाल चल रहे हैं पीएम

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि मोदी अब नीतीश को डुबाने की चाल चल रहे हैं। उन्होंने यहां संवाददाता सम्मेलन में यह कटाक्ष भी किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने नीतीश को इस तरह गायब कर दिया है कि अब उन्हें सीएम बनाने का नाम ही नहीं लिया जा रहा है। कांग्रेस प्रमुख ने पटना में रविवार को हुए पीएम के रोडशो का उल्लेख करते हुए कहा कि नीतीश जी कहां थे, नहीं दिखे। राजग सरकार बनाने की बात करने वालों ने उन्हें गायब कर दिया। इतना गायब कर दिए, उनको सीएम बनाने का नाम नहीं लेते। खरगे ने आरोप लगाया कि नीतीश कुमार को 'हाईजैक' कर लिया गया है और चुनाव के बाद उन्हें दूध से मक्खी की तरह बाहर निकाल दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि ये लोग घोषणापत्र जारी करने आए तो सिर्फ 36 सेकंड में प्रेस वार्ता ख़त्म कर दी। 20 साल से शासन में हैं दो मिनट तो रुक जाते। दो दशकों से बिहार में भाजपा-जद(यू) की सरकार है और 11 वर्ष से मोदी जी केंद्र में हैं। आज अगर मुद्दों की बात करें तो बिहार के लोगों के लिए सबसे बड़े समस्याएं, महंगाई, बेरोज़गारी, बढ़ता पलायन और आर्थिक असमानता है।



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे

## पीएम 'अपमान मंत्रालय' बनाएं : प्रियंका

कांग्रेस महासचिव और सांसद प्रियंका गांधी वाद्रा ने सोमवार को पीएम नरेंद्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उन्हें अलग से एक 'अपमान मंत्रालय' बनाना चाहिए ताकि वह विपक्ष पर बार-बार अपमान का आरोप लगाने में जो समय बर्बाद करते हैं, वह न करें। उन्होंने बिहार के सहरसा और लखीसराय में चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए महिलाओं का आह्वान किया कि वे राज्य सरकार से 10 हजार रुपए ले लें, लेकिन वोट राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को वोट कतई न दें क्योंकि इस सरकार की नीयत साफ नहीं है और यह 10 हजार रुपये 'राजनीतिक घूस' है। प्रियंका गांधी ने यह भी कहा कि बिहार में कोई 'डबल इंजन सरकार' नहीं है, बल्कि 'सिंगल इंजन सरकार' है जिसे पीएम मोदी चला रहे हैं।


सांसद प्रियंका गांधी

## कट्टा टिप्पणी पर तेजस्वी का पलटवार, ऐसा शब्द किसी पीएम के मुंह से पहले कभी नहीं सुना

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने सोमवार को पीएम नरेंद्र मोदी के 'कट्टा' वाले बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने आज तक किसी पीएम को ऐसे शब्दों का प्रयोग करते नहीं सुना। तेजस्वी यादव ने कहा कि पीएम जी की टिप्पणी को लेकर मेरे पास कहने को कुछ नहीं है। मैंने अपने जीवन में किसी पीएम को इस तरह के शब्दों का इस्तेमाल करते नहीं सुना। यह उनकी सोच को दर्शाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब पीएम गुजरात जाते हैं तो वहां आईटी फैक्ट्री, सेमीकंडक्टर यूनिट और डेटा सेंटर की बात करते हैं। लेकिन जब बिहार आते हैं तो 'कट्टा' की बात करते हैं।


पटना जिले के मनेर में राजद नेता तेजस्वी यादव

**कहा, कुरुक्षेत्र के विकास के लिए 250 करोड़ खर्च**

## धर्मनगरी कुरुक्षेत्र को जल्द मिलेगी रिंग रोड की सुविधाः नायब

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

श्रद्धालुओं की बढ़ती तादाद को देखते हुए कुरुक्षेत्र में रिंग रोड की योजना पर तेजी से काम चल रहा है। इसकी डीपीआर लगभग तैयार हो चुकी है। पीएम नरेंद्र मोदी ने कुरुक्षेत्र के विकास के लिए 250 करोड़ की राशि जारी की, जिससे धर्मनगरी को नया स्वरूप मिल रहा है। सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा कि वर्ष 2014 में कुरुक्षेत्र में आयोजित जनसभा में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा था कि गीता की जन्मभूमि कुरुक्षेत्र को वैश्विक पहचान मिलनी चाहिए और इसी पर कार्य करते हुए प्रदेश सरकार ने कुरुक्षेत्र को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए अनेक कार्यों को अमलीजामा पहनाया है। धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र में न केवल देश से बल्कि विदेशों से भारी संख्या में पर्यटक, सैलानी व श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि धर्मनगरी को भव्य और आकर्षक बनाया जा रहा है। ज्योतिसर में महाभारत कालीन घटनाओं पर आधारित अनुभव केंद्र बनकर लगभग तैयार है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में विदेश मंत्रालय विशेष भूमिका निभा रहा है। विदेश मंत्रालय के माध्यम से 24 देशों को निमंत्रण दिए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुरुक्षेत्र अब सिर्फ तीर्थ नहीं, बल्कि वैश्विक आकर्षण का केंद्र बनेगा। इस परियोजना के तहत कुरुक्षेत्र के अलावा पिंजौर में पिंजौर गार्डन के जीर्णोद्धार के साथ टिक्कर ताल का भी सौंदर्यीकरण करने की योजना पर सरकार काम कर रही है।

चुनाव सह प्रभारी बिप्लब कुमार ने चुनाव के दौरान अतिरिक्त सुरक्षा उपाय करने की मांग भी की

# चुनाव आयोग पहुंचे भाजपा नेता, प. बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया को लेकर ममता सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची की विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के संबंध में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी का एक पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त से मिलने पहुंचा। पश्चिम बंगाल के चुनाव सह प्रभारी एवं त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब, पश्चिम बंगाल के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष समित भट्टाचार्य, भाजपा आईटी एवं सोशल मीडिया विभाग के राष्ट्रीय संयोजक अमित मालवीय, शांतनु ठाकुर आदि नेताओं ने पांच पन्नों का पत्र चुनाव आयोग को सौंपा।

एसआईआर के संबंध में चुनाव आयुक्त से मिलने के बाद बिप्लब देब, अमित मालवीय और समिट भट्टाचार्य ने पत्रकारों को बताया कि क्यों पश्चिम बंगाल में एसआईआर की आवश्यकता है।

चुनाव आयोग को सौंपे पत्र में भाजपा की तरफ से कहा गया कि हम आयोग के ध्यान में लाना चाहते हैं कि निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया से संबंधित कुछ गंभीर मुद्दे सामने आए हैं। सबसे पहले, हम यह स्वीकार करते हैं कि एसआईआर प्रक्रिया मतदाता सूचियों की पवित्रता और शुद्धता सुनिश्चित करने में अत्यंत महत्वपूर्ण है। मतदान न केवल एक संवैधानिक अधिकार है, बल्कि लोकतांत्रिक शासन की नींव भी है। तथापि, यह हमारे संज्ञान में आया है कि वर्तमान पश्चिम बंगाल की परिस्थिति में मतदाता पंजीकरण हेतु उपयोग किए जा रहे दस्तावेजों के निर्गमन और प्रमाणीकरण में गंभीर अनियमितताएँ देखी जा रही हैं।

### अवैध प्रवासियों के पास सरकारी योजनाओं के कई प्रमाण पत्र

भाजपा की तरफ से कहा गया है कि बिहार में एसआईआर के अंतर्गत पंजीकरण के लिए 11 विशिष्ट दस्तावेजों को स्वीकार्य प्रमाण के रूप में पहचाना गया है। किंतु पश्चिम बंगाल की जमीनी वास्तविकताएँ भिन्न हैं। राज्य में व्यापक पैमाने पर पुराने दिनांक के और जाली दस्तावेजों का निर्गमन हुआ है, विशेष रूप से 'दुआरे सरकार' जैसी सरकारी योजनाओं के माध्यम से, जो नागरिक कल्याण के नाम पर वास्तव में सीमापार से आए अवैध प्रवासियों को दस्तावेज उपलब्ध कराने के लिए उपयोग की गई हैं। अनेक क्षेत्रीय रिपोर्टों से यह संकेत मिलता है कि 2020 से अब तक इन अभियानों के तहत प्रमाणपत्रों की संख्या में अत्यधिक वृद्धि हुई है। इन दस्तावेजों का उपयोग नागरिकता और निवास के झूठे प्रमाण के रूप में किया जा रहा है, जिससे एसआईआर प्रक्रिया का मूल उद्देश्य वास्तविक नागरिकों को मतदाता सूची में शामिल करना विफल हो रहा है।



### प्रमाण पत्र फर्जी, सत्यापन का कोई तंत्र नहीं

अतः हम आयोग से अनुरोध करते हैं कि पश्चिम बंगाल की स्थिति को एक विशेष मामला मानते हुए अन्य राज्यों की तुलना में अतिरिक्त सुरक्षा उपाय लागू किए जाएँ। भाजपा की तरफ से कहा गया कि जन्म प्रमाणपत्रों को स्वीकृत दस्तावेज के रूप में मान्यता मिलने के बाद पूरे राज्य में विलंबित पंजीकरणों में अचानक वृद्धि हुई है। अनेक मामलों में स्थानीय अधिकारियों और राजनीतिक कार्यकर्ताओं की मिलीभगत से पुराने दिनांक के प्रमाणपत्र जारी किए गए हैं। कई बार लोग पुलिस स्टेशन में झूठे सामान्य डायरी प्रविष्टियाँ करवाकर "डुप्लिकेट" प्रमाणपत्र प्राप्त कर लेते हैं। वर्तमान में ऐसे प्रमाणपत्रों के सत्यापन के लिए कोई प्रभावी तंत्र उपलब्ध नहीं है, जिससे दुरुपयोग बढ़ा है।

### 24 जून 2025 के बाद जारी जन्म प्रमाणपत्र स्वीकार न करें

भाजपा ने सुझाव दिया है कि 24 जून 2025 के बाद जारी जन्म प्रमाणपत्र एसआईआर प्रक्रिया के लिए स्वीकार न किए जाएँ। यदि आवश्यक हो, तो इन्हें बूथ स्तर अधिकारी (बीएलओ) द्वारा मामले-दर-मामले सत्यापित किया जाए। स्थाई निवास प्रमाणपत्र स्थानीय अधिकारियों द्वारा राजनीतिक नियंत्रण में अंधाधुंध जारी किए जा रहे हैं। कई मामलों में ये केवल आधार या ईपीआईसी कार्ड पर आधारित हैं, जिनकी प्रामाणिकता पर ही प्रश्नचिह्न है, इसलिए केवल समूह-ए अधिकारियों द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाणपत्र ही स्वीकार किए जाएँ। प्रत्येक प्रमाणपत्र की प्रामाणिकता और निवास की पुष्टि जारीकर्ता प्राधिकारी से कराई जाए। यह अत्यावश्यक है की एसआईआर सख्त निगरानी और स्वतंत्र सत्यापन के साथ की जाए। बिना इन सुरक्षा उपायों के दस्तावेज़ स्वीकार करने से स्वच्छ और वैध मतदाता सूची का उद्देश्य निष्फल हो जाएगा।

**तृणमूल कांग्रेस ने चुनाव आयोग के फैसले पर आपत्ति जताई**

### पश्चिम बंगाल एसआईआर के खिलाफ सीएम ममता बनर्जी का विरोध मार्च आज

**हरिभूमि ब्यूरो, नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी आज 4 नवंबर को कोलकाता में एक विशाल विरोध मार्च का नेतृत्व करेंगी। चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची के एसआईआर के फैसले को लेकर ममता यह विरोध मार्च निकालेंगी। गौरतलब है कि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एसआईआर प्रक्रिया का खुलकर विरोध किया है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने यह भी घोषणा की है कि वह अपनी आपत्ति दर्ज कराने के लिए मंगलवार को कोलकाता में एक विशाल विरोध मार्च का नेतृत्व करेंगी। चुनाव आयोग ने हाल ही में घोषणा की है कि अगले साल होने वाले चुनावों के मद्देनज़र पश्चिम बंगाल समेत 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का दूसरा चरण चलाया जाएगा। यह एसआईआर 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक चलेगा। 9 दिसंबर को मतदाता सूची का मसौदा प्रकाशित किया जाएगा और 7 फरवरी को अंतिम सूची जारी की जाएगी। भाजपा विधायक अग्निमित्रा पॉल ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर बीएलओ को एसआईआर प्रक्रिया को विफल करने के लिए धमकाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, सभी ज़िलों के सभी बीएलओ प्रशिक्षण ले रहे हैं। हमें उम्मीद है कि वे बिना किसी डर के काम करेंगे। अगर ममता बनर्जी सोचती हैं कि वे उन्हें धमकाकर एसआईआर प्रक्रिया को रोक देंगी, तो वे गलत हैं। उधर, टीएमसी नेता कुणाल घोष ने कहा कि राज्य सरकार को इस बात की जानकारी नहीं थी कि शिक्षकों का बीएलओ के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया शिक्षकों को नियमित घंटों से ज़्यादा काम करने के लिए मजबूर करती है और इससे उनके लिए समस्याएँ पैदा हुई हैं। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा विभाग को इस बीएलओ की तैनाती के बारे में पहले से कोई जानकारी नहीं थी। शनिवार को कोलकाता और कई जिलों में बीएलओ प्रशिक्षण सत्रों के दौरान व्यवधान की खबरों के बाद एक नया विवाद खड़ा हो गया। जानकारी के अनुसार, सरकारी कर्मचारियों ने आधिकारिक ड्यूटी की स्थिति, काम के घंटे और सुरक्षा कवर को लेकर आपत्तियां जताईं। बीएलओ के रूप में नियुक्त कई शिक्षकों ने आरोप लगाया कि उनके स्कूलों ने उन्हें प्रशिक्षण के घंटों के दौरान अनुपस्थित चिह्नित किया। उन्होंने मांग की कि उन्हें उन दिनों के लिए ड्यूटी पर चिह्नित किया जाना चाहिए। शिक्षकों ने प्रशिक्षण सत्रों के दौरान केंद्रीय सुरक्षा कवर की भी मांग की और चेतावनी दी कि वे पर्याप्त सुरक्षा के बिना काम नहीं करेंगे।

भारतीय साहित्योत्सव का आयोजन

## डॉ. मनोज कैन भारतेंदु और मृदला श्रीवास्तव महादेवी सम्मान से सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी, दिल्ली के गीतांजलि हाल में रविवार को युवा उत्कर्ष साहित्यिक मंच ने 12वां अखिल भारतीय सहित्योत्सव, पुस्तक लोकार्पण एवं सम्मान समारोह आयोजित किया। सुश्री मिलन सिंह द्वारा युवा उत्कर्ष साहित्यिक मंच के गीत का गायन किया गया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामकिशोर उपाध्याय ने अतिथियों का स्वागत किया। सहायक महासचिव मनोज मिश्र कप्तान ने संस्था महासचिव की प्रगति रिपोर्ट सदन के समक्ष प्रस्तुत की। युवा उत्कर्ष साहित्यिक मंच के वर्ष 2025 के शिखर सम्मान से शैलेंद्र कपिल, पूर्व आईआरटीएस की अध्यक्षता तथा डॉ. महेश दिवाकर, (मुख्य अतिथि) डॉ. विनोद प्रकाश गुप्ता, पूर्व आईएएस (प्रमुख अतिथि) डॉ. विनय कुमार दास, डॉ. जय प्रकाश तिवारी एवं अरविन्द कुमार सिंह, सुश्री कुसुम भट्ट, प्रकाश प्रजापति, सुरेशपाल वर्मा एवं चन्द्र मणि ब्रह्मदत्तके द्वारा प्रदान किये गए।

इस वर्ष का 'भारतेंदु हरिश्चंद्र शीर्षस्थ सम्मान (पुरस्कार राशि 11000 रुपये) दिल्ली के प्रो. (डॉ.) मनोज कुमार कैन, 'महादेवी वर्मा शीर्षस्थ महिला लेखन सम्मान' (पुरस्कार राशि 7100 रुपये) शिमली की श्रीमती मृदुला श्रीवास्तव को, 'डीपी चतुर्वेदी स्मृति लाइफ टाइम सम्मान' (पुरस्कार राशि 5100 रुपये) कोटा राजस्थान के डॉ. प्रभात कुमार सिंघल को, 'स्व.विनोद झा एवं आकाश झा स्मृति साहित्य सम्मान ' (पुरस्कार राशि 5100 रुपये) इंदौर के चरण सिंह अमी को, 'केदार नाथ शर्मा अमीर ख़ुसरो युवा सम्मान' (पुरस्कार राशि 5100 रुपये) प्रयागराज के डॉ. प्रभांशु कुमार को, देवेन्द्र शर्मा स्मृति मुंशी प्रेमचंद कथा सम्मान' (पुरस्कार राशि 5100 रुपये) हैदराबाद की डॉ. रमा द्विवेदी को दिया गया। उत्कृष्ट बाल साहित्य सृजन के लिये 'श्रीमती कमलेश प्रशांत स्मृति बाल साहित्य सम्मान बस्ती के लाल देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव को तथा काव्य तथा हास्य-व्यंग्य विधा में मौलिक सृजन के लिए प्रथम 'अनूप श्रीवास्तव स्मृति हास्य-व्यंग्य' सम्मान दिल्ली के डॉ. ब्रजपाल सिंह संत को दिया गया। युवा उत्कर्ष साहित्यिक मंच की यूपी इकाई के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह 'श्रेयस' को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कई पुस्तकों का लोकार्पण भी हुआ जिनमें युवा उत्कर्ष साहित्यिक मंच की वार्षिकी -2025 , रामकिशोर उपाध्याय के प्रेम-कहानी संग्रह 'लालटेन', शैलेन्द्र कपिल के कविता संग्रह –'पत्थर से उभरे अवतार', कुसुम भट्ट के कहानी संग्रह 'जोगणी', मिलन सिंह के चारू संग्रह – चितरंजिनी तथा शारदा मदरा के गीत संग्रह -असावरी एवं उपन्यास जीवन की विजय के डॉ. वीरेन्द्र कुमार चन्द्रसखी कृत हिंदी अनुवाद उल्लेखनीय है।

## जयराम रमेश का भाजपा-जदयू पर हमला- 'बिहार में उद्योग नहीं, पलायन बढ़ा'

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और संचार प्रभारी महासचिव, राज्यसभा सांसद जयराम रमेश ने बिहार की नीतीश कुमार–भाजपा गठबंधन सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा है कि बीते 20 वर्षों में राज्य में औद्योगिक विकास पूरी तरह ठप हो गया और सरकार ने "सिर्फ़ पलायन उद्योग" को बढ़ावा दिया है। उन्होंने कहा कि असीम औद्योगिक संभावनाओं वाले बिहार को भाजपा-जदयू की सरकारों ने राष्ट्रीय औद्योगिक नक्शे से लगभग मिटा दिया है। सोशल मीडिया रमेश ने बिहार की डबल इंजन सरकार पर कटाक्ष करते हुए लिखा,"कभी चीनी, पेपर, जूट, सिल्क और डेयरी के लिए पहचाने जाने वाला बिहार आज बेरोज़गारी और पलायन का पर्याय बन चुका है।"

जयराम रमेश ने कहा कि आज़ादी के बाद कांग्रेस सरकारों ने बरौनी तेल शोधन कारखाना, सिंदरी और बरौनी खाद कारखाना, बरौनी डेयरी, रेल पहिया कारखाना बेला, डीज़ल लोकोमोटिव कारखाना मढ़ौरा और नवीनगर थर्मल प्रोजेक्ट जैसी कई औद्योगिक इकाइयां स्थापित कीं, जिससे बिहार देश के औद्योगिक मानचित्र पर उभर कर आया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा-जदयू की सरकारों ने इन उद्योगों को बचाने के बजाय उन्हें बंद होने के लिए छोड़ दिया। कभी बिहार में 33 से अधिक चीनी मिलें थीं। अधिकांश आज बंद पड़ी हैं। कांग्रेस का संकल्प बिहार को फिर से "उद्योग, रोज़गार और आत्मनिर्भरता" के रास्ते पर लाने का है। बिहार को पलायन नहीं, पुनर्निर्माण चाहिए।"

### डबल इंजन सरकार से 3 सवाल पूछे

पिछले 20 वर्षों में बिहार को उद्योगहीन क्यों बना दिया गया?

जिन मिलों ने किसानों, मजदूरों और युवाओं को रोज़गार दिया, वे भाजपा-जेडीयू की नीतियों की भेंट क्यों चढ़ीं?

और क्या राज्य अब केवल पलायन-आधारित अर्थव्यवस्था तक सीमित रह गया है?

**यह महोत्सव** महज़ एक टूर्नामेंट नहीं, बल्कि जुनून को सेलिब्रेट करने का मौकाः आर्यवीर

भारत गोल्फ महोत्सव 8 व 9 नवंबर को जबलपुर में

## 'ग्रीन खेल' के जरिए पर्यावरण चेतना जगाएंगे व स्वदेशी और भारतीय उत्पादों को प्रोत्साहित करेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जबलपुर

हरिभूमि चर्चा

गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा भारत गोल्फ महोत्सव का जबलपुर में भव्य आयोजन किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर रायपुर में हुआ था और इस गौरवपूर्ण यात्रा का समापन 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती पर होगा। इस महोत्सव का उद्देश्य न केवल गोल्फ खेल को बढ़ावा देने के साथ, राष्ट्रीय और सामाजिक हितों के लिए काम करना है। गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया के जनरल सेक्रेटरी आर्यवीर आर्या ने 'हरिभूमि' से बातचीत में इस महोत्सव के बहुआयामी उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह महोत्सव महज़ एक टूर्नामेंट नहीं, बल्कि जुनून को सेलिब्रेट करने का मौका है, और गोल्फ जैसे शानदार खेल को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का एक प्रयास है। इस आयोजन का मुख्य केंद्र-बिंदु सामाजिक चेतना है, जिसके तहत ग्रीन खेल के माध्यम से पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करना है। मेक इन इंडिया का प्रमोशन करने के लिए स्वदेशी और भारतीय उत्पादों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। गोल्फ महोत्सव में शिक्षा के प्रसार और गुणवत्ता को बढ़ावा देने के साथ ही युवाओं को नशे की लत से दूर रखकर खेल के मैदान से जोड़ना भी है। बढ़ता मोटापा आज के समय की बहुत बड़ी समस्या है, लिहाजा इस समस्या के प्रति भी लोगों को जागरुक करेंगे।

**कार्यक्रम का उद्देश्य खेल के माध्यम से राष्ट्र निर्माण**

### वीरभूमि पर शौर्य और खेल का संगम

उन्होंने बताया कि यह महोत्सव 8 और 9 नवंबर को जबलपुर में आयोजित किया जा रहा है। इसका आयोजन आर्मी क्षेत्र (एप्टा) में किया जाएगा, जो इसे और भी विशेष बनाता है। इस आयोजन के माध्यम से यह प्रयास किया जा रहा है कि, युवा स्क्रीन से निकलकर खेल के मैदान में आएं और शारीरिक गतिविधियों को अपनाएं। आर्या ने बताया कि यह कार्यक्रम इसलिए भी विशेष है क्योंकि यह देश के वीर जवानों के बीच हो रहा है। इस दौरान वीर नारियों का सम्मान कर इस कार्यक्रम को और भी ज्यादा गौरवमय बनाया जाएगा।



### जुनून को सेलिब्रेट करने का आह्वान

गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया ने देश भर के खेल प्रेमियों, युवाओं और नागरिकों से अपील की है कि वे इस महोत्सव से जुड़ें। यह आयोजन सिद्ध करता है कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण, स्वास्थ्य जागरुकता और सामाजिक परिवर्तन का सशक्त माध्यम भी है।

## खबर संक्षेप

### बजाज ऑटो की बिक्री अक्टूबर में 8 फीसदी बढ़ी



**नई दिल्ली।** बजाज ऑटो की निर्यात सहित थोक बिक्री अक्टूबर में सालाना आधार पर आठ प्रतिशत बढ़कर 5,18,170 इकाई हो गई। अक्टूबर 2024 में उसने 4,79,707 वाहन बेचे थे। कुल घरेलू बिक्री अक्टूबर में तीन प्रतिशत बढ़कर 3,14,148 इकाई हो गई जबकि पिछले वर्ष इसी महीने में यह 3,03,831 इकाई थी।

### लीलैंड का वित्तपोषण के लिए पीएनबी से करार



**नई दिल्ली।** वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता कंपनी अशोक लीलैंड ने अपने सभी डीलर को वित्त विकल्प मुहैया कराने के लिए पंजाब नेशनल बैंक के साथ साझेदारी करने की सोमवार को जानकारी दी। बयान के अनुसार, समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत बैंक मध्यम एवं भारी वाणिज्यिक वाहन कंपनी के डीलर को प्रतिस्पर्धी वित्त विकल्प प्रदान करेगा।

### टीसीपीएल के लाभ में 10.7 फीसदी की वृद्धि

TATA CONSUMER PRODUCTS LIMITED

**नई दिल्ली।** टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (टीसीपीएल) ने सोमवार को बताया कि सितंबर 2025 को समाप्त चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 10.7 प्रतिशत बढ़कर 406.51 करोड़ रुपये हो गया। इसमें मुख्य रूप से भारतीय कारोबार का विशेष योगदान रहा।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# होंडा एलिवेट का नया एडीवी एडिशन हुआ लांच, कीमत 15.29 लाख रुपये से शुरू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

होंडा कंपनी ने अपने पोर्टफोलियो को अपडेट करते हुए देश में अपनी पॉपुलर एसयूवी एलिवेट का नया वर्जन लांच कर दिया है। इसका नाम है होंडा एलिवेट एडीवी एडिशन।

- मॉडल के बाहरी हिस्से में सबसे ज्यादा बदलाव किए गए

यह नया और पुराने मॉडल के मुकाबले ज्यादा स्टाइलिश वर्जन है। नया वेरिएंट होंडा एलिवेट की रेंज में सबसे ऊपर होगा, इसका मतलब है कि यह एलिवेट का टॉप मॉडल होगा। ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए कंपनी ने नए मॉडल में कई बदलाव किए हैं, जिससे यह स्पोर्टी लुक के साथ है और अच्छा भी लगता है।

## नए और पुराने मॉडल के मुकाबले ज्यादा स्टाइलिश वर्जन

*इंटीरियर और फीचर : कार के इंटीरियर में भी बदलाव किए गए हैं, जहां पूरी तरह से ऑल-ब्लैक लेआउट दिया गया है। सीटों, दरवाजों के पैड और गियर लीवर पर ऑरेंज कलर की स्टिचिंग की गई है। इसमें डैशबोर्ड पर एक खास एडीवी टेरेन पैटर्न वाली इल्यूमिनेटेड गार्निश लगाई गई है, जो रात में कैबिन को एक अनोखी पहचान देती है।*



*गाड़ी के इंजन में बदलाव नहीं : होंडा एलिवेट के एडीवी एडिशन में केवल एक्सटीरियर और इंटीरियर बदलाव किए गए हैं, इंजन में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इसमें होंडा का पहले वाला ही 1.5-लीटर आई-वीटीईसी चार-सिलेंडर वाला पेट्रोल इंजन ही मिलता है।*

### सेफ्टी का पूरा ध्यान

होंडा की इस नई एसयूवी में कंपनी का एडवांस होंडा सेंसिंग एडास सूट दिया गया है, जिसमें अडैप्टिव क्रूज कंट्रोल, लेन-कीपिंग असिस्ट, कोलिजन मिटिगेशन ब्रेकिंग जैसे फीचर्स शामिल हैं। इसके अलावा इसमें 360-डिग्री कैमरा (ऑप्शनल), लेनवॉच साइड कैमरा, छह एयरबैग और हिल स्टार्ट असिस्ट जैसे फीचर्स भी दिए गए हैं।

*कार की कीमत : होंडा एलिवेट एडीवी एडिशन को दिल्ली में 15.29 लाख रुपए शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत के साथ लांच किया गया है जो कि टॉप मॉडल के लिए 16.66 लाख रुपए तक जाती है। यह नया मॉडल तीन साल की अनलिमिटेड किलोमीटर वारंटी और एक दशक तक की एनीटाइम वारंटी सपोर्ट के साथ आता है।*

होंडा एलिवेट एडीवी एडिशन हाल ही में लांच हुए कई लिमिटेड एडिशन के बाद आया है। इसके बाहरी हिस्से में सबसे बड़े बदलाव किए गए हैं, जिससे इसे एक स्पोर्टी लुक मिलता है। इसमें एक रीडिजाइन किया गया ग्रिल सेक्शन है, जिस पर ऑरेंज कलर का टच दिया गया है, जो सामने के लुक को आकर्षक बनाता है। गाड़ी में ब्लैक-आउट रूफ रेल्स, एडीवी बैजिंग और ऑरेंज एक्सेंट के साथ ब्लैक फिनिश वाले अलॉय व्हील्स दिए गए हैं। हुड (बोनट) और फॉग लैंप एरिया समेत पूरी बॉडी पर ऑरेंज डिटेलिंग दी गई है, जो इसे और ज्यादा स्पोर्टी लुक देती है। ग्राहकों को ड्युल-टोन कलर ऑप्शन मिलते हैं, जिसमें मीटियोरॉइड ग्रे मेटैलिक और लुनार सिल्वर मेटैलिक डुअल-टोन ऑप्शन शामिल किए गए हैं।

## अंतरिम सरकार ने कहा, समझौता रद्द करने संकोच नहीं किया जाएगा

# अनियमितता के मामले में अदाणी के साथ समझौते रद्द किए जा सकते हैं: बांग्लादेश

एजेंसी ▶▶| ढाका

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने कहा कि कोई अनियमितता या भ्रष्टाचार साबित होने पर भारत के अदाणी समूह के साथ मौजूदा बिजली समझौतों को रद्द करने में संकोच नहीं किया जाएगा। अदाणी पावर और बांग्लादेश के बीच 2017 का बिजली आपूर्ति समझौता पिछले साल शेख हसीना नीत सरकार के सत्ता से बाहर होने के बाद जांच के घेरे में आ गया था।

स्थानीय मीडिया ने ऊर्जा मामलों के सलाहकार मुहम्मद फौजुल कबीर खान के हवाले से कहा, ''समझौतों में (सामान्यतः) यह कहा गया है कि कोई भ्रष्टाचार नहीं हुआ है लेकिन यदि इसके विपरीत साबित होता है तो इन्हें रद्द किया जा सकता है।'' राष्ट्रीय समीक्षा समिति द्वारा प्रस्तुत एक अंतरिम रिपोर्ट पर सलाहकार ने यह प्रतिक्रिया दी।

### समिति का गठन समीक्षा के लिए किया गया था

समिति का गठन हसीना शासन के दौरान बिजली क्षेत्र के समझौते की समीक्षा के लिए किया गया था। सलाहकार की टिप्पणियों पर अदाणी समूह की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल पाई है।

### पांच अरब डॉलर तक का दावा हो सकता है

*प्रमुख न्यायविद शाहदीन मलिक ने सरकार से विदेशी समझौतों को रद्द करने के जोखिमों पर विचार करने को कहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे विदेशी समझौतों को रद्द करने के कानूनी आधार मौजूद हैं और मामले को अंतरराष्ट्रीय अदालत में ले जाने पर पांच अरब डॉलर तक का दावा हो सकता है।*

- अदाणी पावर व बांग्लादेश के बीच 2017 का बिजली आपूर्ति समझौता हुआ था
- हसीना की सरकार के सत्ता से बाहर होने के बाद जांच के घेरे में आ गया
- अदाणी समूह की और से कोई प्रतिक्रिया नहीं की गई




### 100 फीसदी बिजली बांग्लादेश को आपूर्ति करनी थी

चौधरी ने पत्रकारों से कहा कि समिति ने अदाणी समूह के साथ बिजली खरीद सौदे पर भी एक अलग रिपोर्ट तैयार की है। इन 2017 के सौदे के तहत झारखंड में अदाणी पावर के गोड्डा बिजली संयंत्र को 25 वर्षों की अवधि के लिए कोयले से उत्पन्न 100 प्रतिशत बिजली की बांग्लादेश को आपूर्ति करनी थी।

*हसीना के समय अंतरिम रिपोर्ट सौंपी गई : उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश मोइनुल इस्लाम चौधरी की अध्यक्षता वाली राष्ट्रीय समीक्षा समिति ने हाल ही में हसीना शासन के दौरान हुए सौदों में कथित भ्रष्टाचार पर अपनी अंतरिम रिपोर्ट सौंपी है। समिति के जनवरी में अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत करने की उम्मीद है।*

*कानूनी प्रक्रिया शुरू होगी तो सबूत मिलेंगे : सरकारी समाचार एजेंसी बीएसएस ने नाम उजागर किए बिना एक व्यक्ति के हवाले से कहा, ''हमारा मानना है कि जब अदाणी और भ्रष्टाचार में शामिल अदाणी से संबंधित कुछ अन्य कंपनियों के खिलाफ देश एवं विदेश में कानूनी प्रक्रिया शुरू होगी तो आपको भ्रष्टाचार के मजबूत सबूत मिलेंगे।'*

### विदेशी कंपनियों के साथ कानूनी जटिलताएं शामिल

*समिति के एक सदस्य ने पत्रकारों से कहा कि विदेशी कंपनियों के साथ समझौतों में कानूनी जटिलताएं शामिल हैं, जिसके कारण अधिक जुर्माने से बचने के लिए आवश्यक प्रक्रिया पूरी किए बिना उन्हें एकतरफा रूप से रद्द करना कठिन है।*

### बांग्लादेश ने जून में 43.7 करोड़ डॉलर का किया था भुगतान

*बांग्लादेश ने जून में अदाणी पावर को 43.7 करोड़ अमेरिकी डॉलर का भुगतान किया जिससे उसके बकाया में उल्लेखनीय कमी आई। इससे पहले, बांग्लादेश बकाया भुगतान के लिए संघर्ष कर रहा था जिसके कारण अदाणी को आपूर्ति कम करनी पड़ी थी।*

## इंटेलिजेंट क्वाड्रपेड रोबोटिक्स पर एक दिवसीय स्किल डेवलपमेंट कार्यशाला



**नई दिल्ली।** जेपी यूनिवर्सिटी ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (जेयूआईटी), वाकनाघाट के इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग द्वारा ड्रोबोटिक्स लैब पहल के अंतर्गत इंटेलिजेंट क्वाड्रपेड रोबोटिक्स पर एक दिवसीय स्किल डेवलपमेंट कार्यशाला का आयोजन 31 अक्टूबर 2025 को किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्यविश्वविद्यालय द्वारा हाल ही में अधिग्रहित यूनिट्री **Go2 Edu U4** क्वाड्रपेड रोबोट का परिचय कराना था, जो एक अत्याधुनिक रोबोटिक प्लेटफॉर्म है जिसे बुद्धिमान प्रणालियों, स्वायत्त नेविगेशन और एआई-एकीकृत रोबोटिक्स के क्षेत्र में शिक्षा एवं अनुसंधान के लिए डिजाइन किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. श्वेता पंडित द्वारा ईसीई विभाग की ओर से स्वागत भाषण के साथ हुआ। उन्होंने ड्रोबोटिक्स लैब की स्थापना के पीछे के उद्देश्य को रेखांकित किया — जो ड्रोन, रोबोटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्रों में नवाचार, अनुसंधान और प्रायोगिक शिक्षा को प्रोत्साहित करने की एक उन्नत पहल है। यह प्रयोगशाला माननीय सीईओ श्री मनु भास्कर जी के दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम है, जिनके निरंतर प्रोत्साहन सेजेयूआईटी में ऐसे अत्याधुनिक संसाधनों की स्थापना संभव हुई है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **परविंदर, पुत्रः कुलदीप सिंह, पताः डी–6/217, सुल्तानपुरी, दिल्ली** ने **FIR No. 201/16, U/s 392/411/34 IPC, पुलिस थाना मंगोलपुरी, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **परविंदर** नहीं मिल रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त दानिश **परविंदर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 201/16, U/s 392/411/34 IPC, पुलिस थाना मंगोलपुरी, दिल्ली** के अभियुक्त **परविंदर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **19.12.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री रीतिका जैन
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05
उत्तर–पश्चिम, कमरा नं. 105
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/14720/OD/2025

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राजेश कुमार, पुत्रः** पृथ्वी सिंह, **पताः** ए–156, राज पार्क, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 853/2006 U/s 287/338 IPC, थानाः मंगोलपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजेश कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजेश कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 853/2006 U/s 287/338 IPC, थानाः मंगोलपुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **राजेश कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **19.12.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री रीतिका जैन
न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी–05
कमरा नं. 105, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/14618/OD/2025
(Court Matter)

## ओमेक्स ने हरमनप्रीत को बनाया ब्रांड एम्बैसडर



**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी ओमैक्स लिमिटेड ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर को अपना ब्रांड एम्बैसडर बनाया है। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में भारत ने दक्षिण अफ्रीका पर 52 रनों की जीत के साथ पहला आईसीसी महिला विश्व कप खिताब रविवार को अपने नाम किया था।

रियल एस्टेट कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा कि ओमेक्स ने कौर को कंपनी का ब्रांड एम्बैसडर बनाया है। ओमेक्स ने कहा कि हरमनप्रीत कौर के साथ कंपनी की साझेदारी खेल उत्कृष्टता को बढ़ावा देने तथा ऐसे बुनियादी ढांचे का निर्माण करने के उसके दृष्टिकोण को मजबूत करती है.. जो एथलीट के लिए उचित हो। हरमनप्रीत कौर ने कहा, 'मुझे ब्रांड एम्बैसडर के रूप में ओमेक्स के साथ जुड़ने और एक ऐसी कंपनी के साथ आने से खुशी है जो युवाओं को सशक्त बनाने व समुदायों को मजबूत करने का काम करती है.

## बाजार में दो दिन की गिरावट थमी; सेंसेक्स 40 अंक चढ़ा



- निफ्टी 25,700 अंक के पार
- वाहन और बैंक शेयरों में रही खरीदी

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार में पिछले दो कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर सोमवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स में करीब 40 अंक की तेजी आई जबकि एनएसई निफ्टी 25,700 अंक के ऊपर बंद हुआ। चुनिंदा वाहन और बैंक शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी आई तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 39.78 अंक की बढ़त के साथ 83,978.49 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 84,127 अंक तक गया तथा नीचे में 83,609.54 अंक तक आया। सेंसेक्स के तीस शेयरों में से 14 लाभ में रहे। निफ्टी 41.25 अंक की मामूली बढ़त के साथ 25,763.35 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों के अनुसार, नए घरेलू संकेतों के अभाव और विदेशी पूंजी निकासी के कारण उच्चस्तर पर मुनाफावसूली से बाजार सीमित दायरे में रहा। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा सबसे अधिक लाभ में रही। अक्टूबर के बिक्री आंकड़ों के बाद कंपनी का शेयर 1.7 प्रतिशत चढ़ा। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स (टीएमपीवी) में 1.69 प्रतिशत की तेजी आई। इटर्नल, भारतीय स्टेट बैंक, भारती एयरटेल और कोटक महिंद्रा बैंक भी प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, मारुति सुजुकी में सबसे अधिक 3.37 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके अलावा, आईटीसी, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, लार्सन एंड टुब्रो, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और टाइटन के शेयर भी नीचे आए।

## राशिफल

**मेष** — वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में लाभ के अवसर बढ़ेंगे।

**वृष** — आशा-निराशा के भाव रहेंगे। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खर्चों की अधिकता रहेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। कारोबार में परिश्रम भी अधिक रहेगा।

**सिंह** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**तुला** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग हैं।

**धनु** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं।

**मकर** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

**कुंभ** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। कुछ कठिनाइयां भी आ सकती है।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। खर्चों की अधिकता रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

## सुरक्षित निवेश की मांग घटने से सोना 300 रुपये टूटा, चांदी मजबूत



- सोना टूटकर 1,25,300 रुपये 10 ग्राम रहा
- चांदी 1000 रुपए बढ़कर 1,54,000 रुपये प्रति किलो

**नई दिल्ली** मजबूत डॉलर और कम होती वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच निवेशकों की सुरक्षित निवेश की मांग कम होने से सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 300 रुपये टूटकर 1,25,300 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। अखिल भारतीय दिल्ली सराफा संघ के अनुसार, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 300 रुपये टूटकर 1,24,700 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई। शुक्रवार को यह 1,25,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। वहीं 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना शुक्रवार को 1,25,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। दूसरी ओर, चांदी शुक्रवार के बंद भाव 1,53,000 रुपये प्रति किलोग्राम से 1,000 रुपये बढ़कर 1,54,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। छह मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.09 प्रतिशत बढ़कर 99.89 पर पहुंच गया, जिससे सराफा कीमतों पर दबाव पड़ा। अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोना 0.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ 4,000 डॉलर से नीचे 3,996.77 डॉलर प्रति औंस रह गया।

## जीएसटी सुधार, अच्छी मांग से अक्टूबर में विनिर्माण गतिविधियां मजबूत



**नई दिल्ली।** माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में कटौती, उत्पादकता में वृद्धि और प्रौद्योगिकी निवेश के दम पर भारत के विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियां अक्टूबर में मजबूत हुईं। एक मासिक सर्वेक्षण में सोमवार को कहा गया कि मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) सितंबर में 57.7 से बढ़कर अक्टूबर में 59.2 हो गया। यह इस क्षेत्र की स्थिति में तेजी से सुधार का संकेत देता है। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर का अंक विस्तार जबकि 50 से नीचे का अंक संकुचन दर्शाता है। भारत का विनिर्माण पीएमआई अक्टूबर में बढ़कर 59.2 हो गया जो पिछले महीने 57.7 था। मजबूत अंतिम मांग ने उत्पादन, नए ऑर्डर और रोजगार सृजन में वृद्धि को बढ़ावा दिया। मूल्य के मोर्चे पर कच्चे माल की लागत में मामूली एवं धीमी वृद्धि हुई फिर भी मुद्रास्फीति की दर सितंबर के लगभग 12 वर्ष के उच्च स्तर के बराबर रही। भंडारी ने कहा, ''अक्टूबर में कच्चे माल की कीमतों में नरमी आई जबकि औसत बिक्री कीमतों में वृद्धि हुई क्योंकि कुछ विनिर्माताओं ने अतिरिक्त लागत का बोझ अंतिम उपभोक्ताओं पर डाल दिया।' इस बीच, अक्टूबर में रोजगार सृजन लगातार 20वें महीने जारी रहा।

**उत्तर रेलवे**

**पहला शुद्धिपत्र**

**कार्य का नामः** "दिल्ली मंडल के स्टेशनों, सेवा भवनों, आवासीय भवनों और एलसी गेट पर रूफटॉप प्रकार के सौर संयंत्रों के प्रावधान के साथ अन्य संबद्ध कार्यों के संबंध में विद्युत कार्य।"


**टेंडर नं: 42-SRDEE-G-DLI-2025-26**

| | पहले प्रकाशित | संशोधन |
|---|---|---|
| कार्य का नाम | 42-SRDEE-G-DLI-2025-26 "दिल्ली मंडल के स्टेशनों, सेवा भवनों, आवासीय भवनों और एलसी गेट पर रूफटॉप प्रकार के सौर संयंत्रों के प्रावधान के साथ अन्य संबद्ध कार्यों के संबंध में विद्युत कार्य।" | 42-SRDEE-G-DLI-2025-26 "दिल्ली मंडल के स्टेशनों, सेवा भवनों, आवासीय भवनों और एलसी गेट पर रूफटॉप प्रकार के सौर संयंत्रों के प्रावधान के साथ अन्य संबद्ध कार्यों के संबंध में विद्युत कार्य।" |
| निविदा की अनुमानित लागत | रू0 180849825.00 | रू0 180849825.00 |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, स्टेट एंट्री रोड नई दिल्ली | वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, स्टेट एंट्री रोड नई दिल्ली |
| बयाना राशि | रू0 1054300.00 | रू0 1054300.00 |
| निविदा निवेदन की अंतिम दिनांक व समय | 04.11.2025, 16.00 बजे | 07.11.2025, 16.00 बजे |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय | 04.11.2025, 16.00 बजे | 07.11.2025, 16.00 बजे |

उपर्युक्त निविदा के निविदा दस्तावेज को संशोधित किया गया है, कृपया **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध संशोधित दस्तावेजों को देखें और तदनुसार अपना प्रस्ताव प्रस्तुत करें। **टेंडर नं.: 42-SRDEE-G-DLI-2025-26** 3410/2025

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

## शब्द पहेली - 6037




**बाएँ से दाए-**
1. हाईकमान-5
4. बुशर्ट, शर्ट-3
6. लाख, गोंद-2
7. प्रतिज्ञा-3
8. मां का भाई-2
10. धनवान, रईस-3
11. मरने के बाद शरीर को परीक्षण के लिये दान करना-4
14. जिज्ञासा, उत्साह-3
16. अनगिनत-4
17. वर्ष, बरस-2
18. लय, स्वर-2
19. गदर, बलवा-4
21. ईर्ष्या-3
22. गरुर, घमंड-4
24. राजा, सम्राट-3
25. पानी से सराबोर-2
27. व्यर्थ, फिजूल-3
28. चतुर्थ, चौथा-2
29. बहने का भाव-3
30. मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. आरामदायी-5
2. एक अनमोल रत्न, दुलारा-2
3. सेवा शुल्क-4
4. अभिव्यक्ति-3
5. बचत, जोड़-2
7. वहम-2
9. स्वामी-3
12. प्रवेश-3
13. धरोहर, थाती-4
15. तरंग, हिलोर-3
16. निरंकुश, मुंहजोर-4
17. किनारा, तट
18. कामधेनू, सुगंध-3
20. नुकसानदेह-5
21. दुनिया, जग-3
22. कहासुनी-4
23. चयन-3
24. चट्टान, शिला (अंग्रेजी-2)
26. ईश्वर, भगवान-2
28. प्रेम, लगन-2

**शब्द पहेली -6036 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | बं | दा | न | वा | ज | | आ | स | मा | न |
| न | दी | | र | | ल | बा | दा | | र | जा |
| व | | ज | म | ज | म | | ब | री | | क |
| जी | म | ना | | | ह | ठ | | ता | क | त |
| व | | चा | | जे | ल | | पे | | ता | |
| न | ग | र | से | ठ | | फ | ट | का | र | ना |
| | री | | ना | | स | ना | | रो | | म |
| सु | ब | ह | | दा | म | | | बा | री | क |
| र | | क | श | | झ | न | का | र | | र |
| ता | प | | प | र | दा | | म | | क | ण |
| ल | थ | प | थ | | र | च | ना | का | र | |



# मजूमदार ने हर कयास को गलत साबित करके टीम को दिलाया विश्व कप

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लगभग पांच दशक के इंतजार के बाद भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने जब पहली बार विश्व कप थामा तो खिलाड़ियों के साथ पूरा देश खुशी से झूम उठा लेकिन वहीं मैदान पर खड़े एक इंसान की आंखों में आंसू, चेहरे पर मुस्कुराहट के साथ संतोष का भाव था मानो यह जीत कई पुराने जख्मों पर मरहम लगा गई ।

यह थे भारतीय महिला टीम के कोच अमोल मजूमदार। घरेलू क्रिकेट में 20 सत्र और 11000 से अधिक प्रथम श्रेणी रन बनाने के बावजूद भारत की जर्सी पहनने का उनका सपना अधूरा ही रहा। बतौर खिलाड़ी कई बार दिल टूटा, कई मलाल रह गए लेकिन इस जीत ने उनके सफर को मुकम्मिल कर दिया। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने जीत के बाद 'गुरु' मजूमदार के पैर छूए और गले लगकर रो पड़ी तो टीवी के आगे नजरे गड़ाए जीत का जश्न देख रहे हर क्रिकेटप्रेमी की आंख भी भर आई।

- चक दे इंडिया के कबीर खान की याद दिलाते हैं अमोल मजूमदार

इसी महीने अपना 51वां जन्मदिन मनाने जा रहे मजूमदार की कहानी शाहरुख खान की फिल्म 'चक दे इंडिया' के हॉकी कोच कबीर खान की याद दिलाती है, जो हर कयास को गलत साबित करके टीम को विश्व कप दिलाता है और यह जीत उसके अतीत के कई घावों पर मरहम भी लगा जाती है। जीत मिलने के बाद वह जश्न के बीच अपने भीतर जज्बात के तूफान को समेटने की कोशिश करता नजर आता है लेकिन चेहरे पर सुकून साफ दिखाई देता है ।



अमोल मजूमदार
कोच
भारतीय महिला क्रिकेट टीम

## बस उस बाधा को पार करने से चूक जा रहे

मजूमदार ने फाइनल में जीत के बाद कहा, ' मैं उनसे (भारतीय खिलाड़ियों) यही कहता था कि हम हार नहीं रहे हैं। बस उस बाधा को पार करने से चूक जा रहे हैं। हम उन तीनों मैचों (लीग चरण में दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के खिलाफ मैच) में काफी प्रतिस्पर्धी रहे और ये सभी मैच काफी करीबी थे।' दो साल पहले टीम के कोच बने मजूमदार की नजरें हमेशा से इस विश्व कप पर थी लेकिन तब यह असंभव सा लग रहा था क्योंकि भारतीय महिला क्रिकेट कठिन दौर से गुजर रहा था। खिलाड़ियों में प्रतिभा की कमी नहीं थी लेकिन नतीजे नहीं मिल रहे थे।

## दस महीने तक भारतीय टीम के पास नहीं था पूर्णकालिक कोच

मजूमदार के आने से पहले करीब दस महीने तक भारतीय टीम के पास पूर्णकालिक कोच नहीं था। पोवार को दिसंबर 2022 में हटा दिया गया था और बीच में रिषिकेश कानिटकर तथा नूशीन अल कादिर अंतरिम तौर पर काम देख रहे थे। सबसे पहले उन्होंने अपनी टीम का भरोसा जीता। सभी खिलाड़ियों से स्पष्ट संवाद रखा। अच्छे प्रदर्शन पर पीठ थपथपाई तो बुरे दौर में साथ खड़े दिखे। आलोचनाओं के बीच अपने खिलाड़ियों के लिये ढाल बनकर खड़े नजर आए और यहीं से नींव पड़ी विश्वास के ऐसे रिश्ते की जिसकी परिणिति विश्व कप ट्रॉफी के रूप में 'गुरुदक्षिणा' के साथ हुई । पूरे टूर्नामेंट में टीम एकजुट नजर आई । खिलाड़ी एक दूसरे की सफलता का जश्न मनाते और कठिन दौर में एक दूसरे का सहारा बने दिखे। एक चैम्पियन टीम बनने के लिए आखिर पहली शर्त को यही होती है।


## खबर संक्षेप



### मेबैंक गोल्फ चैंपियनशिप में 27वें स्थान पर अदिति

**कुआलालंपुर।** भारत की अदिति अशोक अंतिम दौर में पार 72 के स्कोर से यहां मेबैंक गोल्फ चैंपियनशिप में संयुक्त रूप से 27वें स्थान पर रहीं। अदिति ने अंतिम दौर में तीन बर्डी और तीन बोगी से पार का स्कोर बनाया। इस भारतीय गोल्फर का कुल स्कोर 10 अंडर रहा। मियु यामाशिता (65), हाये जिन चोई (73) और हना ग्रीन (68) तीनों ने 18 अंडर के कुल स्कोर से प्ले ऑफ में जगह बनाई। प्ले ऑफ में जापान की यामाशिता ने बर्डी लगाकर खिताब जीता जबकि ग्रीन और चोई ने पार का स्कोर बनाया। पहले दौर से ही शीर्ष पर चल रहीं चोई अंतिम दौर में एक ओवर 73 के खराब प्रदर्शन से खिताब जीतने से चूक गईं।

### डब्ल्यूटीए में सबालेंका का 500वां मैच, पाओलिनी को आसानी हराया



**रियाद।** दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए डब्ल्यूटीए फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में आठवीं रैंकिंग की खिलाड़ी जैस्मीन पाओलिनी पर 6-3, 6-1 से आसान जीत दर्ज की। सबालेंका ने बेहतरीन सर्विस की और उन्होंने कुल मिलाकर 10 ऐस लगाए। इनमें पहले सेट के अंतिम गेम में लगाए गए चार ऐस भी शामिल हैं। यह सबालेंका का डब्ल्यूटीए स्तर पर 500वां मैच था, जो 70 मिनट तक चला। इसी ग्रुप में जेसिका पेगुला ने गत चैंपियन कोको गॉफ को 6-3, 6-7 (4), 6-2 से हराया। गॉफ को अपनी सर्विस में फिर से संघर्ष करना पड़ा। उन्होंने 17 डबल फॉल्ट किए।

### 2026 में केरल आएंगी अर्जेंटीना फुटबॉल टीम



**मलाप्पुरम।** केरल के खेल मंत्री वी. अब्दुरहमान ने कहा कि स्टार खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी की अगुवाई में अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम अगले साल मार्च में राज्य में मैच खेलेगी। वह केरल सरकार के खेल विजन 2031 से संबंधित एक समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा, 'दो दिन पहले हमें अर्जेंटीना टीम से एक ईमेल मिला, जिसमें पुष्टि की गई थी कि वे मार्च में आएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि इसकी जल्द ही आधिकारिक घोषणा की जाएगी।' मंत्री ने बताया कि अर्जेंटीना की टीम के इस दौरे के लिए सभी तरह की तैयारी पूरी कर ली गई है।

## महिला विश्व कप : ऐतिहासिक जीत के बाद भारतीय टीम को बधाइयों का तांता

# जीत के बाद टीम इंडिया ने गाया 'विक्ट्री सॉन्ग' ना लेगा कोई पंगा, रहेगा सबसे ऊपर तिरंगा ...

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत ने रविवार को साउथ अफ्रीका के खिलाफ महिला विश्व कप 2025 के फाइनल में 52 रन से जीत दर्ज की। इस ऐतिहासिक जीत के बाद भारतीय टीम ने अपना 'विक्ट्री सॉन्ग' गाया। बीसीसीआई विमेंस ने अपने आधिकारिक 'एक्स' अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें भारतीय महिला टीम विजयी गीत गा रही है। इस वीडियो में जेमिमा रोड्रिगेज ने कहा, हमने चार साल पहले तय किया था कि विश्व कप जीतने के बाद ही टीम सॉन्ग जारी करेंगे। इस वीडियो में खिलाड़ी, कोच और सहयोगी स्टाफ के सदस्य गीत गा रहे हैं, "टीम इंडिया, टीम इंडिया, कर दे सबकी हवा टाइट, टीम इंडिया यहां लड़ने के लिए है, कोई ना लेगा हमको लाइट, ओओओओओ, हमारा भविष्य उज्ज्वल है साथ में चुनौती, साथ में उठेंगे, हम हैं टीम इंडिया हम साथ में जीतेंगे। ना लेगा कोई पंगा, कर देंगे हम दंगा, रहेगा सबसे ऊपर हमारा तिरंगा। हम हैं टीम इंडिया।"इस विश्व कप में लगातार तीन मुकाबले गंवाने के बाद भारत को विश्व कप जीतने का प्रबल दावेदार नहीं माना जा रहा था, लेकिन टीम इंडिया ने शानदार वापसी करते हुए अपना पहला खिताब जीता है।




### मैंने वैसा ही प्रदर्शन किया जैसा करना चाहती थी : दीप्ति



**मुंबई।** भारत की महिला क्रिकेट टीम की विश्व कप में खिताबी जीत की नायिकाओं में से एक दीप्ति शर्मा ने कहा कि अपनी धरती पर आईसीसी विश्व खिताब जीतना टीम की नियति में था। दीप्ति ने फाइनल में पांच विकेट लेने के साथ 58 रन भी बनाए। उन्होंने 22 विकेट लेने के साथ 215 रन बनाकर 'प्लेयर आफ द टूर्नामेंट' का पुरस्कार जीता। दीप्ति ने कहा,' मुझे अच्छा लग रहा है। विश्व कप में पहले मैच से लेकर मैने वैसा ही प्रदर्शन किया जो एक सीनियर खिलाड़ी के तौर पर करना चाहती थी। फाइनल में ऐसा प्रदर्शन करने से बढ़कर कुछ नहीं हो सकता ।" विश्व खिताब के लिये लंबे इंतजार को लेकर उन्होंने कहा, ' विश्व कप जीतने में काफी समय लगा लेकिन ईश्वर ने हमारी नियति में लिखा था कि हम भारत में ही यह खिताब जीतेंगे।' उन्होंने कहा, ' डी वाई पाटिल स्टेडियम की मेरी कई सुखद यादें हैं। हमने यहां सारी श्रृंखलायें जीती है। एक टीम के रूप में हम काफी सकारात्मक रहे । नतीजा चाहे जो हो, हम एक टीम की तरह खेले।'

### अमनजोत ने वोल्वार्ड्ट के कैच पर कहा, यह मेरी जिंदगी का सबसे बड़ा कैच



**नवी मुंबई।** महिला विश्व कप के फाइनल में अपने शानदार क्षेत्ररक्षण से दक्षिण अफ्रीका की सलामी जोड़ी को पवेलियन भेजने में योगदान देने वाली अमनजोत कौर ने कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट के कैच को अपने अब तक के करियर का सबसे बड़ा कैच करार दिया। भारत ने रविवार का फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से शिकस्त देकर पहली बार विश्व कप के खिताब को अपने नाम किया। अमनजोत ने दक्षिण अफ्रीका की सलामी बल्लेबाज ताजमिन ब्रिट्स को रन आउट कर वोल्वार्ड्ट के साथ पहले विकेट के लिए अर्धशतकीय साझेदारी को तोड़ा। उन्होंने इसके बाद 42वें ओवर में वोल्वार्ड्ट का शानदार कैच उस समय लपका जब वह शतक पूरा कर भारत और जीत के बीच खड़ी थी। दक्षिण अफ्रीका को आखिरी आठ ओवर में 79 रन की जरूरत थी और सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 169 रन बनाने वाली वोल्वार्ड्ट फाइनल में भी शतक पूरा करने के बाद बड़े शॉट खेलने की तैयारी में थी। उन्होंने दीप्ति शर्मा की गेंद को डीप मिडविकेट की तरफ खेला और अमनजोत के हाथ से गेंद दो बार छिटकी लेकिन उन्होंने तीसरे प्रयास में कैच पूरा कर स्टेडियम में मौजद दर्शकों के साथ टीम के खिलाड़ियों में जोश भर दिया।

## महिला क्रिकेट टीम ने सचमुच कुछ खास उपलब्धि हासिल की



क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर ने 'एक्स' पर लिखा, '1983 ने एक पूरी पीढ़ी को बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने के लिए प्रेरित किया। आज हमारी महिला क्रिकेट टीम ने सचमुच कुछ खास उपलब्धि हासिल की है।" तेंदुलकर ने कहा, "उन्होंने देश भर में अनगिनत युवा लड़कियों को बल्ला और गेंद उठाने, मैदान में उतरने और यह विश्वास करने के लिए प्रेरित किया है कि वे भी एक दिन ट्रॉफी उठा सकती हैं। यह भारतीय महिला क्रिकेट के लिए एक निर्णायक क्षण है। शाबाश, टीम इंडिया। आपने पूरे देश को गौरवान्वित किया है।'

### इतिहास रचा गया

खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने लिखा, 'इतिहास रचा गया।



हमारी महिला खिलाड़ियों ने क्या शानदार प्रदर्शन किया। 140 करोड़ भारतीय इस गौरवशाली क्षण को संजो रहे हैं। बधाई हो, विश्व चैंपियन।'

### महिला क्रिकेट.. विश्व चैंपियन : अमिताभ



बॉलीवुड सुपरस्टार अमिताभ बच्चन ने लिखा, 'भारतीय महिला क्रिकेट.. विश्व चैंपियन। आपने हम सभी को गौरवान्वित किया है। बधाई, बधाई, बधाई।''

### आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा : कोहली

स्टार क्रिकेटर विराट कोहली ने लिखा, 'आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा, आपने अपने साहसिक क्रिकेट और विश्वास से प्रत्येक भारतीय को गौरवान्वित किया है। आप सभी प्रशंसा के हकदार हैं और इस पल का पूरा आनंद लें। शाबाश हरमन और टीम। जय हिंद।'

### आखिरकार आज सच हो गया सपना : मिताली

पूर्व कप्तान मिताली राज ने कहा, "विश्व चैंपियन। मैं दो दशकों से भी अधिक समय से भारतीय महिला टीम को विश्व कप ट्राफी उठाते हुए देखने का सपना देख रही थी। यह सपना आखिरकार आज रात सच हो गया। विश्व क्रिकेट की नई चैंपियनों, आपने सिर्फ एक ट्रॉफी ही नहीं जीती, आपने भारतीय महिला क्रिकेट के लिए धड़कने वाले हर दिल को जीत लिया।'

### हमें अपनी विश्व चैंपियन लड़कियों पर गर्व : सहवाग

भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने कहा, 'चैंपियन। हर चौके हर विकेट, आपने अपने जज्बे से पूरे देश का दिल जीत लिया। हमें अपनी विश्व चैंपियन लड़कियों पर गर्व है। क्या शानदार जीत रही। हरमनप्रीत कौर और उनकी टीम ने पूरी पीढ़ी को सपना दे दिया जीतने का, लड़ने का, चमकने का।'

### टीम इंडिया को बधाई: एबी डिविलियर्स

दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने कहा, 'टीम इंडिया को बधाई। दक्षिण अफ्रीका भी अपना सिर ऊंचा रखे। विश्व भर में महिला क्रिकेट फल फूल रहा है। क्या शानदार फाइनल था। क्या शानदार टूर्नामेंट था।'

## फ़िडे वर्ल्ड कप 2025 की गोवा में शानदार शुरुआत



- टूर्नामेंट ट्रॉफी का नाम रखा गया 'विश्वनाथन आनंद कप'
- केंद्रीय खेल मंत्री मांडविया और गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद रहे मौजूद
- महिला विश्व कप विजेता जीएम दिव्या देशमुख ने किया ड्रॉ ऑफ कलर्स

एजेंसी ▶▶| पणजी

भारत और गोवा की समृद्ध संस्कृति की झलक पेश करने वाले रंगारंग आयोजन के साथ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी इंडोर स्टेडियम में फ़िडे वर्ल्ड कप 2025 का भव्य उद्घाटन हुआ। संगीत, प्रकाश और कला से सजी इस उद्घाटन समारोह ने 'स्पिरिट एंड स्टोरी ऑफ चेस' को शानदार अंदाज़ में जीवंत किया। इस अवसर पर विश्व कप ट्रॉफी का नाम भारत के पहले विश्व शतरंज चैंपियन विश्वनाथन आनंद के नाम पर 'विश्वनाथन आनंद कप' रखा गया। पीतल से निर्मित और सुनहरी परत चढ़ी यह ट्रॉफी समर्पण, सटीकता और दृढ़ता जैसे उन मूल्यों की प्रतीक है, जिन्हें आनंद ने अपने करियर के दौरान स्थापित किया। यह एक रोलिंग ट्रॉफी के रूप में आगामी विजेताओं को सौंपते हुए उनकी उपलब्धियों का प्रतीक बनेगी।

टूर्नामेंट का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक पत्र के माध्यम से किया गया, जिसे अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) के अध्यक्ष नितिन नारंग ने पढ़ा। पीएम ने अपने संदेश में कहा, जब शतरंज विश्व कप अपने 'घर' भारत लौट रहा है, तो लगता है जैसे यह खेल अपनी जड़ों तक लौट आया हो। भारत अब विश्व के प्रमुख खेल आयोजनों का केंद्र बनता जा रहा है, जो देश और विश्व दोनों के लिए शुभ संकेत है। मैं एफआईडीई चेस वर्ल्ड कप 2025 के उद्घाटन की घोषणा करता हूं।"

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

समारोह में केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया, गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत, गोवा के कला एवं संस्कृति, जनजातीय कल्याण, खेल एवं युवा मामलों के मंत्री डॉ. रमेश तवड़कर, फ़ीडे अध्यक्ष आर्कादी द्वोर्कोविच, एआईसीएफ अध्यक्ष नितिन नारंग, तथा कई अन्य गणमान्य अतिथि और भाग ले रहे ग्रैंडमास्टर्स उपस्थित रहे। महिला विश्व कप विजेता ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख ने ड्रॉ ऑफ कलर्स समारोह में खिलाड़ियों के लिए शुरुआती रंग चुने गए। उन्होंने शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी डी. गुकेश के लिए ब्लैक रंग चुना, जिसके चलते सभी विषम संख्या वाले खिलाड़ी पहले दौर में ब्लैक पीसेज़ से शुरुआत करेंगे।

### भारत के नारायणन, दीप्तायन और अरोनयक दूसरे दौर में

**पणजी ।** भारतीय ग्रैंडमास्टर एसएल नारायणन और दिप्तायन घोष ने अपनी दोनों रेपिड बाजियां जीतकर फिडे विश्व कप 2025 के दूसरे दौर में जगह पक्की कर ली जबकि अरोनयक घोष ने सोमवार को पहले दौर के टाईब्रेक के दूसरे चरण में शानदार प्रदर्शन करते हुए अगले दौर में जगह बनाई। पहली बाजी में काले मोहरों से खेलते हुए नारायणन ने स्टीवन रोजास के डिफेंस को आसानी से तोड़ा और फिर दूसरी बाजी में सफेद मोहरों से खेलते हुए सिर्फ 22 चाल में जीत दर्ज की।

दिप्तायन ने चीन के पेंग शियोंगलियान को मात दी। उन्होंने टाईब्रेकर की अपनी दोनों बाजियां जीती। ऋत्विक राजा उन खिलाड़ियों में से थे जिन्होंने सबसे लंबा टाईब्रेकर खेला। वह कजाखस्तान के 2024 के विश्व जूनियर चैंपियन नोगिरबेक काजीबेक के खिलाफ ब्लिट्ज टाईब्रेकर में हार गए। फाइनल नतीजा कजाखस्तान के ग्रैंडमास्टर के पक्ष में 5-3 से रहा लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने इस मुकाबले में आखिर तक कड़ी चुनौती पेश की। अरोनयक ने पोलैंड के मातेउज बार्टेल को बाहर का रास्ता दिखाया। पोलैंड के ग्रैंडमास्टर के पास क्लासिकल बाजियों में मौका था लेकिन जब 10 मिनट के रेपिड वर्ग की बात आई तो वह अरोनयक के सामने टिक नहीं पाए।

## आईएचपीएल के आयोजक भागे होटल में फंसे गेल और राइडर

**श्रीनगर।** कश्मीर से नई क्रिकेट प्रतिभा को खोजने के लिए एक बड़ी प्रतियोगिता के तौर पर पेश की गई इंडियन हेवन प्रीमियर लीग (आईएचपीएल) एक घोटाला साबित हुई है क्योंकि इसके आयोजक भाग गए हैं, जिससे क्रिस गेल जैसे कई पूर्व अंतरराष्ट्रीय स्टार खिलाड़ी बिलों का भुगतान नहीं होने के कारण यहां एक होटल में फंस गए हैं। अक्टूबर के आखिरी हफ्ते में बड़े धूमधाम से शुरू हुई आईएचपीएल का आयोजन मोहाली स्थित युवा सोसाइटी ने किया था। गेल, डेवोन स्मिथ, जेसी राइडर और शाकिब अल हसन जैसे पूर्व क्रिकेटरों के बड़े-बड़े बिलबोर्ड शहर में कई जगहों पर लगाए गए थे, जिनमें यह घोषणा की गई थी कि ये मेगास्टार स्थानीय खिलाड़ियों के साथ इस लीग में खेलेंगे, जो 8 नवंबर को खत्म होने वाली थी। अधिकतर मैच बख्शी स्टेडियम में खेले गए और ब्रेक के दौरान लाउडस्पीकर पर संगीत बजता रहता था।





### लीग अचानक हुई खत्म

हालांकि यह लीग शनिवार को अचानक खत्म हो गई क्योंकि खिलाड़ियों ने बकाया पैसे नहीं मिलने के कारण मुकाबलों के लिए आने से मना कर दिया। आयोजक गायब हो गए, जिससे होटल वालों को खिलाड़ियों को तब तक जाने से रोकना पड़ा जब तक उनका बकाया भुगतान नहीं हो जाता। यह मामला तब सामने आया जब प्रतियोगिता में अंपायर की भूमिका निभा रहीं इंग्लैंड की मेलिसा जूनिपर ने कहा कि उन्हें भुगतान नहीं मिला है। जूनिपर ने कहा, 'हमें कोई भुगतान नहीं मिला है।'

### भारत के खिलाफ टी20 मैच नहीं खेलेंगे हेड

**होबार्ट।** ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड को एशेज श्रृंखला की तैयारी के लिए भारत के खिलाफ आखिरी दो टी20 मैचों से फारिग कर दिया गया है और वह आस्ट्रेलिया में शेफील्ड शील्ड टूर्नामेंट में खेलेंगे। हेड दस नवंबर से तस्मानिया के खिलाफ साउथ आस्ट्रेलिया के लिये खेलेंगे। एशेज श्रृंखला 21 नवंबर से पर्थ में शुरू होगी। जुलाई में वेस्टइंडीज दौरे के बाद से यह उनका पहला प्रथम श्रेणी मैच है। वह पिछले महीने सफेद गेंद के क्रिकेट में कुछ खास नहीं कर सके और आठ पारियों में सर्वोच्च स्कोर 31 रन रहा। हेड आस्ट्रेलिया की टी20 टीम के उन तीन खिलाड़ियों में से हैं, जिन्होंने पांच मैचों की एशेज टेस्ट श्रृंखला की तैयारी को प्राथमिकता दी है। जोश हेजलवुड और सीन एबोट अन्य दो खिलाड़ी हैं। आस्ट्रेलिया चयनकर्ताओं ने शेफील्ड शील्ड या भारत के खिलाफ आखिरी दो टी20 खेलने का फैसला खिलाड़ियों पर छोड़ा था और हेड ने घरेलू टूर्नामेंट को चुना।

## रणजी ट्रॉफी : राजस्थान ने पहली पारी में 6 विकेट पर 617 रन बनाकर की पारी घोषित

# हुडा ने मुंबई के खिलाफ मारा दोहरा शतक, कार्तिक की सेंचुरी

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

रणजी ट्रॉफी के इस सीजन में मुंबई की टीम अपना तीसरा मैच राजस्थान के खिलाफ खेल रही है। इस मैच में मुंबई पहली पारी में 254 रन बनाए, लेकिन राजस्थान की बैटिंग शानदार रही और इस टीम ने पहली पारी में दीपक हुडा के दोहरे शतक व कार्तिक शर्मा की शतकीय पारी के दम पर 6 विकेट पर 617 रन बना दिए और पारी की घोषणा कर दी।

राजस्थान ने पहली पारी में मुंबई पर 363 रन की बड़ी बढ़त हासिल की और बेहद मजबूत स्थिति में नजर आई। वहीं 363 रन से पिछड़ने के बाद मुंबई की टीम पूरी तरह से इस मैच में बैकफुट पर दिख रही है। राजस्थान के खिलाफ पहली पारी में मुंबई के कप्तान शार्दुल ठाकुर ने गेंदबाजी में यशस्वी जायसवाल को आजमाया और उन्हें सफलता भी मिली।



### दीपक हुडा ने खेली 248 रन की पारी

मुंबई के खिलाफ दीपक हुडा ने कमाल की बैटिंग की और उन्होंने 335 गेंदों का सामना करते हुए 2 छक्के और 22 चौकों की मदद से 248 रन की शानदार पारी खेली। वहीं दीपक के अलावा कार्तिक शर्मा ने भी शतक लगाया और उन्होंने भी 3 छक्के और 13 चौकों की मदद से 139 रन बनाए। हालांकि पहली पारी में टीम के ओपनर सचिन यादव शतक लगाने से सिर्फ 8 रन से चूक गए और 92 रन के स्कोर पर वो रन आउट हो गए।

### ओडिशा पर आंध्र प्रदेश का पलड़ा भारी

कटक में आंध्र प्रदेश ने ओडिशा को 56.4 ओवर में 151 रन पर समेटने के बाद फॉलोआन के लिए मजबूर करके अपना पलड़ा भारी रखा। कावुरी सेतेजी (30 रन पर तीन विकेट), सौरभी कुमार (32 रन पर तीन विकेट) और त्रिपुराणा विजय (14 रन पर तीन विकेट) ने तीन-तीन विकेट चटकाए। दिन की शुरुआत चार विकेट पर 80 रन से करने वाले ओडिशा की ओर से संदीप पटनायक ने सर्वाधिक 58 रन बनाए। ओडिशा ने दूसरी पारी में बेहतर प्रदर्शन करते हुए दो विकेट पर 190 रन बनाए।

### नगालैंड के खिलाफ झारखंड जीत के करीब

**रांची।** स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर अनुकूल रॉय ने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए आठ विकेट चटकाए, जिससे झारखंड ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए मैच के तीसरे दिन सोमवार को नगालैंड को 154 रन पर ढेर करने के बाद उसे फॉलोऑन देते हुए जीत की ओर कदम बढ़ाए। छब्बीस साल के बाएं हाथ के स्पिनर अनुकूल ने 55 रन देकर आठ विकेट हासिल किए, जिससे नगालैंड की टीम पहली पारी में 73.5 ओवर में सिमट गई। नगालैंड ने इसके बाद फॉलोऑन खेलते हुए दूसरी पारी में पांच विकेट पर 104 रन बनाए।झारखंड ने पहली पारी आठ विकेट पर 510 रन बनाने के बाद घोषित की थी, जिससे नगालैंड की टीम अब भी 252 रन पीछे है।




## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस.जयशंकर के साथ करेंगे मुलाकात

# गाजा में संघर्ष के बीच भारत की यात्रा पर इजरायल के विदेश मंत्री

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

गाजा पट्टी में हमास के साथ जारी तनाव के बीच सोमवार से इजरायल के विदेश मंत्री गिदोन सार की तीन दिवसीय (3 से 5 नवंबर तक) भारत यात्रा की शुरुआत हो चुकी है। मंगलवार (4 नवंबर) को वह राजधानी स्थित हैदराबाद हाउस में अपने समकक्ष और विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर के साथ मुलाकात करेंगे। जिसमें दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े हुए मुद्दों (रक्षा, तकनीक, प्रौद्योगिकी), क्षेत्रीय विकास के अलावा साझा हितों से संबंधित घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मामलों पर भी विचार-विमर्श किया जा सकता है। इसके अलावा इजरायल के विदेश मंत्री की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ भी मुलाकात हो सकती है। यहां एक ध्यान देने वाली बात ये भी है कि सार की नई दिल्ली की यह यात्रा एक ऐसे समय पर हो रही है। जब जल्द ही इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के भारत की यात्रा पर आने की संभावना है। जो बीते करीब छह वर्षों से अलग-अलग कारणों की वजह से नहीं हो सकी है।

*पीएम मोदी से मुलाकात हो सकती है विदेशमंत्री की*

*इजराइल के पीएम नेतन्याहू भारत की यात्रा पर आ सकते हैं*



### दो साल में कई इजरायली मंत्री भारत आए

गौरतलब है कि इजरायल और हमास युद्ध को मिलाकर बीते करीब दो साल से इजरायल के कई शीर्ष मंत्री भारत की यात्रा कर चुके हैं। जिसमें इजरायल के वित्त मंत्री बेजालेल स्मोट्रिच, अर्थव्यवस्था मंत्री नीर बरकत, कृषि मंत्री एवी डिचर और पर्यटन मंत्री हैम काट्ज मुख्य रूप से शामिल हैं।

### जर्मनी में मिल चुके जयशंकर-सार

विदेश मंत्री एस.जयशंकर और गिदोन सार की इस साल के शुरुआती फरवरी महीने में म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में भी मुलाकात हो चुकी है। जहां दोनों ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस दृष्टिकोण पर भी चर्चा की थी। जिसमें उन्होंने कहा था कि इजरायल के जरिए एशिया, यूरोप और अमेरिका को जोड़ा जा सकता है। भारत और इजरायल के विदेश मंत्रियों की इस वार्ता में यमन के हूती विद्रोहियों और ईरान द्वारा व्यापारिक मार्गों पर किए जा रहे हमलों से उत्पन्न हो रहे संकट का मसला भी शामिल किया गया था।

## रूस से तेल नहीं खरीद रहा भारत, वाले बयान पर ट्रंप के झूठ की खुली पोल

# किसी दबाव के आगे भारत नहीं झुकता... अब पहले से ज्यादा रूस से खरीदा रहा तेल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत किसी के आगे झुकने वाला नहीं, इसका ताजा सबूत सामने आया है। आपको अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का पिछले महीने का वो बयान याद होगा, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि भारत ने रूस से तेल खरीदना बंद कर दिया है। अब जमीन पर हकीकत देखिए, आंकड़े कुछ और कहानी कह रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत ने न सिर्फ रूस से तेल लेना जारी रखा, बल्कि अक्टूबर में तो इंपोर्ट और बढ़ गया। दिलचस्प बात यह है कि अब भारत ने ताजिकिस्तान वाले रूट को भी एक्टिवेट कर दिया है, ताकि तेल सीधे रूस से न होकर एक वैकल्पिक रास्ते से आए। शिप-ट्रैकिंग एजेंसी केपिलर और ऑयलेक्स के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, अक्टूबर में भारत ने 1.48 मिलियन बैरल प्रति दिन तेल रूस से खरीदा जबकि सितंबर में यह सिर्फ 1.43 से 1.44 मिलियन था। साफ है कि भारत ने न सिर्फ रूस से तेल खरीद बढ़ाई है बल्कि तमाम दावों के बावजूद ठोस बढ़त नजर आ रही है। और यह सब तब, जब अमेरिका रूस पर नए प्रतिबंध लगाकर दुनिया भर को दबाव में ला रहा था कि कोई भी रूस से तेल न खरीदे। केपिलर के एनालिस्ट सुमित रितोलिया ने साफ कहा, रूसी तेल का इंपोर्ट नवंबर 21 तक तो घटेगा नहीं, उसके बाद ही असर दिख सकता है। इसका मतलब साफ है कि ट्रंप के बयान और भारत की जमीनी रणनीति के बीच का फर्क अभी भी साफ नजर आ रहा है।

*भारत ने रूस से सिंतबर में सितंबर में 1.43 मिलियन तेल खरीदा था*

*फिर अक्टूबर में बढ़ाकर 1.48 मिलियन बैरल प्रतिदिन इंपोर्ट किया*

### भारत ने रूस से सीधे खरीदारी को थोड़ा घुमा दिया



एक अमेरिकी साक्षात्कार में यूएस राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, दूसरा सांकेतिक चित्र

असल में, अमेरिका ने अक्टूबर में रूस की दो बड़ी ऑयल कंपनियों रोसनेफ्ट और लुकऑयल पर नए प्रतिबंध लगा दिए। भारत की कुछ कंपनियों ने नए ऑर्डर रोक दिए ताकि अमेरिकी दबाव से बचा जा सके। रिपोर्ट के मुताबिक, अब खेल यहीं हुआ। भारत ने रूस से सीधे खरीदारी को थोड़ा घुमा दिया है। यानी अब डील्स थर्ड पार्टी या मध्य एशिया के ट्रांजिट रूट्स के जरिए हो रही हैं। इनमें ताजिकिस्तान, कजाकस्तिान और उज्बेकिस्तान जैसे नाम सामने आ रहे हैं। इस रणनीति से भारत के पास दो फायदे हैं। पहला, अमेरिकी प्रतिबंधों से बचाव हो सकेगा और दूसरा तेल की सप्लाई में कमी नहीं आएगी। यानी तेल वही है, बस रास्ता नया हो गया है। इस नए रूट को लेकर जानकार कह रहे हैं कि भारत सीधे रूस से डील किए बिना भी वही तेल हासिल कर सकता है, बस उसे अलग रास्ते से लाया जाएगा। यानी रूस से तेल निकलेगा, मध्य एशिया के देशों से गुजरेगा और फिर भारत पहुंचेगा। इसे आप ऐसे समझिए कि जैसे किसी रेस्टोरेंट ने वही डिश सर्व करना जारी रखा, बस किचन बदल गया।

### रूस से तेल खरीदने की मूल वजह

भारत की ऊर्जा जरूरतें बहुत बड़ी हैं। देश रोजाना करीब 5 मिलियन बैरल से ज्यादा तेल इंपोर्ट करता है और जब रूस इतना तेल सस्ता दे रहा हो, तो कौन-सा देश ऐसे मौके को ठुकराएगा? 2022 में जब यूक्रेन पर हमला हुआ, तब पश्चिमी देशों ने रूस को सख्त सजा दी। लेकिन भारत ने साफ कहा था, हम अपनी जनता के हित में फैसले करेंगे। इस फैसले का मतलब था कि जहां से भी सस्ता तेल मिले।

### अमेरिका के लिए मुश्किल बढ़ेगी

ट्रंप का बयान दरअसल राजनीतिक भी था। वह रूस पर अपनी सख्ती दिखाना चाहते थे और साथ ही भारत के साथ ऊर्जा समीकरण को लेकर दबाव बनाना भी। लेकिन भारत ने हर बार यही कहा, हम अमेरिका के दोस्त हैं, पर अपने हितों से समझौता नहीं करेंगे। भारत के लिए यह केवल कूटनीति नहीं, अर्थशास्त्र है। रूस से मिलने वाला तेल सस्ता पड़ता है। कभी-कभी 10 से 15 डॉलर प्रति बैरल तक कम कीमत होती है।

# अफगानिस्तान में आए भूकंप को लेकर मुत्ताकी से बातचीत में जयशंकर ने जताई संवेदना

## अफगानी लोगों के प्रति अपने समर्थन के साथ भारत ने वितरित

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अफगानिस्तान के बल्ख, समांगन और बगलान प्रांतों में सोमवार सुबह आए भूकंप से हुए जानमाल के नुकसान को लेकर विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी से फोन पर हुई बातचीत में संवेदना व्यक्त की है। इसके अलावा आम-अफगानी लोगों के प्रति अपने समर्थन की पुष्टि करते हुए भारत ने इस प्राकृतिक आपदा से प्रभावित परिवारों को मदद प्रदान करने के लिए खाद्य सामग्री भी वितरित की है। जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट में बताया कि 3 नवंबर की दोपहर अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी को फोन कर बल्ख, समांगन और बगलान प्रांतों में आए भूकंप में हुए नुकसान को लेकर संवेदना जताई। भूकंप से



प्रभावित परिवारों, समुदायों के लिए आज भारत द्वारा राहत सामग्री सौंपी जा रही है। जबकि दवाओं की और आपूर्ति जल्द ही पहुंच जाएगी। अफगानिस्तान के विदेश मंत्री की भारत की हालिया यात्रा के बाद दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों में हुई प्रगति के मामले पर भी चर्चा की। बातचीत में हमने दोनों देशों के लोगों के बीच बेहतर होते संपर्कों का स्वागत किया गया। साथ ही क्षेत्रीय स्थिति पर विचारों के आदान-प्रदान की सराहना की गई है। वहीं, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर पोस्ट में भूकंप के बाद अफगानिस्तान के लोगों की मदद करने के उद्देश्य से भारत द्वारा वितरित की गई राहत सामग्री के बारे में जानकारी दी है। अफगानिस्तान के विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर बताया कि भारत ने 15 टन खाद्य सामग्री सौंपने की घोषणा की है।

जबकि जरूरी दवाओं और खाने-पीने की और चीजें बाद में भेजी जाएंगी। बताते चलें कि अफगानिस्तान में आए इस भूकंप की तीव्रता रिएक्टर पैमाने पर करीब 6.3 मापी गई है। जिसमें डेढ़ दर्जन से अधिक लोग मारे गए हैं और 150 से ज्यादा घायल हुए हैं। इसी साल अगस्त महीने में भी अफगानिस्तान में एक भीषण भूकंप आया था। जिसमें मृतकों का आंकड़ा 2 हजार के पार पहुंच गया था।

## पवित्र जोड़े साहिब पटना साहिब में हुई प्रतिष्ठित



**नई दिल्ली।** 1 नवम्बर को तख्त श्रीहरमंदिरजी पटना साहिब में श्रद्धा और आध्यात्मिक उल्लास के मध्य, दशम गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंहजी महाराज तथा माता साहिब कौरजी के पावन चरणों से सम्बंधित पवित्र 'जोड़े साहिब' की विधिवत प्रतिष्ठा की गई।

# हरियाणा कैबिनेट ने ड्राफ्ट टीचर्स ट्रांसफर पॉलिसी, 2025 को मंज़ूरी दी

## संशोधित पॉलिसी 2025 में मोरनी ब्लॉक, हथीन ब्लॉक और नूंह जिले में पोस्टिंग चाहने वाले शिक्षकों को अतिरिक्त लाभ मिलेंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कैबिनेट की बैठक में ड्राफ्ट टीचर्स ट्रांसफर पॉलिसी, 2025 को मंज़ूरी दे दी है, जो काफी हद तक मॉडल ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के अनुरूप ही है। प्रस्तावित संशोधित पॉलिसी मौजूदा टीचर्स ट्रांसफर पॉलिसी - 2023 की जगह लेगी।

ड्राफ्ट टीचर्स ट्रांसफर पॉलिसी, 2025 का मकसद छात्रों के शैक्षणिक हितों की रक्षा करते हुए, शिक्षकों और स्कूल प्रमुखों की तैनाती निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से समान रूप से और मांग के आधार पर सुनिश्चित करना है। नई पॉलिसी के तहत, ज़ोनिंग का कॉन्सेप्ट हटा दिया गया है, जिससे शिक्षक सीधे कोई भी स्कूल चुन सकते हैं। पहले, जिन शिक्षकों ने राज्य में कहीं भी का विकल्प चुना था और बाद में मोरनी हिल्स क्षेत्र या मेवात जिले में खाली जगहों पर पोस्टिंग दी गई थी, जिनके लिए किसी भी शिक्षक ने विकल्प नहीं चुना था, उन्हें बेसिक पे प्लस महंगाई भत्ता (नियमित शिक्षकों के लिए) का अतिरिक्त 10% और गेस्ट शिक्षकों के लिए प्रति माह 10,000 रुपये की निश्चित राशि मिलती थी। संशोधन के अनुसार, इस प्रावधान को अब संशोधित किया गया है। जो शिक्षक पंचकूला जिले के मोरनी ब्लॉक, पलवल जिले के हथीन ब्लॉक और नूंह जिले में स्थित स्कूलों में काम करना जारी रखना चाहते हैं या पोस्टिंग का विकल्प चुनते हैं, उन्हें अब बेसिक पे प्लस डी.ए. (नियमित शिक्षकों के लिए) का अतिरिक्त 10% या प्रति माह 10,000 रुपये (गेस्ट शिक्षकों के लिए), जैसा भी लागू हो, का अतिरिक्त लाभ मिलेगा। खाली जगहों का आवंटन प्रत्येक शिक्षक द्वारा अर्जित कुल कम्पोजिट स्कोर के आधार पर तय किया जाएगा, जिसकी गणना 80 अंकों में से की जाएगी। आयु मुख्य कारक होगी, जिसका अधिकतम वेटेज 60 अंक का होगा। महिलाओं, महिला-मुखिया परिवारों, विधवाओं, विधुरों, दिव्यांग व्यक्तियों, गंभीर बीमारियों से पीड़ित शिक्षकों और छात्रों के परिणामों में सुधार दिखाने वाले शिक्षकों जैसी विशेष श्रेणियों के लिए, इन श्रेणियों के शिक्षकों के लिए अधिकतम 20 अंक प्रदान किए गए हैं। इस पॉलिसी में, कपल केस के मार्क्स हटा दिए गए हैं। इसके अलावा, प्रमुख दंड की अवधि के दौरान शिक्षक के लिए 10 अंकों की कटौती की व्यवस्था भी की गई है। यदि कोई शिक्षक स्थानांतरण निर्णयों से व्यथित है, तो वह अपनी शिकायतों के निवारण के लिए सक्षम प्राधिकारी के समक्ष अपनी शिकायत प्रस्तुत कर सकता है। अंत में, दंपत्ति मामले में विशेष पाँच योग्यता अंक अब एक कर्मचारी को पति/पत्नी के पदस्थापन स्थान के बीच की दूरी पर किसी भी प्रतिबंध के बिना उपलब्ध होंगे।

### तकनीकी गड़बड़ी की आशंका

# फ्रांसिस्को से दिल्ली आ रही उड़ान की मंगोलिया में आपात लैंडिंग



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

एअर इंडिया की सैन फ्रांसिस्को से दिल्ली आने वाली फ्लाइट में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया जब उड़ान के दौरान तकनीकी खराबी का संदेह हुआ। पायलट ने सतर्कता दिखाते हुए विमान को मंगोलिया की राजधानी उलानबातर में सुरक्षित उतारा।

एयरलाइन ने बयान जारी कर बताया कि सभी यात्री और चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं तथा विमान की तकनीकी जांच की जा रही है। एअर इंडिया की उड़ान संख्या एआई 174 ने दो नवंबर को सैन फ्रांसिस्को से दिल्ली के लिए उड़ान भरी थी।

विमान कोलकाता होते हुए दिल्ली पहुंचने वाला था, लेकिन रास्ते में तकनीकी समस्या की आशंका के चलते पायलट ने सावधानी बरतते हुए उसे मंगोलिया में उतारने का निर्णय लिया। एक फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट के अनुसार यह एक बोइंग 777 विमान था। एयरलाइन ने कहा कि जांच के लिए विमान को फिलहाल उलानबातर एयरपोर्ट पर रखा गया है। एअर इंडिया के प्रवक्ता ने बताया कि विमान के लैंड करते ही सभी यात्रियों को पूरी सुरक्षा के साथ उतारा गया। एयरलाइन ने यात्रियों के भोजन और ठहरने की व्यवस्था की है।

# आईसीएमआर की रिपोर्टः भारतीयों पर संक्रामक रोगों का खतरा साया, सामने आए चौंकाने वाले आंकड़े

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पिछले कुछ वर्षों का मेडिकल डेटा उठाकर देखें तो पता चलता है कि वैश्विक स्तर पर कई प्रकार की बीमारियों का खतरा बढ़ता जा रहा है। नॉन कम्युनिकेबल डिजीज जैसे कैंसर, मधुमेह, हृदय रोग और श्वसन संबंधी बीमारियों के कारण स्वास्थ्य क्षेत्र पर दबाव तो बढ़ा ही है साथ ही कई प्रकार की संक्रामक बीमारियां भी विशेषज्ञों की टेंशन बढ़ाती जा रही हैं। विशेषतौर पर भारतीय आबादी में बढ़ते संक्रामक रोगों के खतरे को लेकर स्वास्थ्य विशेषज्ञ गंभीर चिंता व्यक्त करते हैं। भारत में संक्रामक बीमारियों के खतरे को समझने के लिए आईसीएमआर ने 4.5 लाख रोगियों के सैंपल टेस्ट किए जिनमें से 11.1 प्रतिशत में संक्रमण की पुष्टि हुई।

ये लोग एक्यूट या किसी तरह की जानलेवा संक्रामक बीमारी का शिकार थे। जिन पांच रोगाणुओं को सबसे ज्यादा रिपोर्ट किया गया उनमें इन्फ्लूएंजा ए, डेंगू, हेपेटाइटिस ए, नोरोवायरस और हर्पीज प्रमुख हैं।

### रिपोर्ट में चौंकाने वाले आंकड़े

आईसीएमआर की रिपोर्ट के अनुसार, संक्रामक रोगों का प्रसार लगातार बढ़ता जा रहा है। ये पहली तिमाही में 10.7 प्रतिशत से बढ़कर 2025 की दूसरी तिमाही में 11.5 प्रतिशत हो गया। आईसीएमआर के वायरस रिसर्च एंड डायग्नोस्टिक लेबोरेटरी (वीआरडीएल) नेटवर्क के अनुसार, जनवरी से मार्च के बीच 2.28 लाख सैंपलों में से 24,502 (10.7 प्रतिशत) में रोगाणु पाए गए। अप्रैल से जून 2025 तक 2.26 लाख सैंपल्स में से 26,055 (11.5 प्रतिशत) में रोगाणु पाए गए। इस प्रकार, संक्रमण दर पिछली तिमाही की तुलना में 0.8 प्रतिशत अंक बढ़ गई। ये आंकड़े संकेत देते हैं कि अगर समय रहते व्यापक उपाय न किए गए तो आने वाले वर्षों में खतरा और भी बढ़ सकता है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109